RNI : JHAHIN/2014/54374

हिन्दी दैनिक

Rashtria Mukhyadhara

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक

बोकारो, मंगलवार

05.5.2026

पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/

वर्ष : 12, अंक : 193

https://rashtriyamukhyadhara.com/

mukhyadhara.daily@gmail.com

+91 8873 319 159



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित: देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# भगवामय हुआ बंगाल, विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत की ओर भाजपा




**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है। शाम 5 बजे तक प्राप्त नतीजों और रुझानों में भाजपा पूर्ण बहुमत के आंकड़े से काफी आगे निकलती दिख रही है। 293 सीटों के नतीजों और रुझानों के मुताबिक भाजपा अब तक 18 सीटें जीत चुकी है और 184 सीटों पर आगे है जबकि तृणमूल कांग्रेस 8 सीटों पर विजयी हो चुकी है और 77 सीटों पर बढ़त बनाये हुए है। इसके अलावा आम जनता उन्नयन पार्टी और कांग्रेस दो-दो सीटों पर बढ़त बनाये हुए है जबकि आल इंडिया सेक्युलर फ्रंट तथा मार्कसवादी कम्यूनिष्ट पार्टी एक-एक सीट पर आगे चल रही है। अब तक प्राप्त नतीजों में भाजपा को पूर्व बर्धमान की मंतेश्वर और भातार, पश्चिम बर्धमान की आसनसोल दक्षिण तथा अलीपुरद्वार जिले की कालिमपांग, दार्जिलिंग, मेदिनिपुर, बुरवान, खड़दह, जगतवल्लभपुर, रानीबांध और जामुड़िया सीटों पर जीत मिली है जबकि तृणमूल को मुर्शिदाबाद जिले की भगवानगोला, मालदा की सुजापुर तथा कोलकाता की मेटियाब्रुज सीटों पर कामयाबी मिली है।

चुनाव आयोग के अनुसार, मंतेश्वर सीट पर भाजपा के सैकत पांजा ने राज्य के पूर्व मंत्री और तृणमूल उम्मीदवार सिद्दिकुल्ला चौधुरी को 14,798 मतों से पराजित किया जबकि भातार सीट से भाजपा के कारफा सौमेन 6,528 मतों से विजयी घोषित किये गये हैं। उधर, पश्चिम बर्धमान की आसनसोल दक्षिण सीट से भाजपा की अग्निमित्रा पाल ने 40,839 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की है।

## पश्चिम बंगाल की जीत अस्मिता, संस्कृति और गौरव की पुनर्स्थापना का प्रतीकः नितिन नवीन

असम और पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन ने दोनों राज्यों की जनता का आभार व्यक्त किया।



भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने एक्स पर साझा किए अपने संदेश में कहा कि पश्चिम बंगाल की देवतुल्य जनता को इस ऐतिहासिक जनादेश के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद, आभार एवं अभिनंदन। चैतन्य महाप्रभु, स्वामी विवेकानंद और हमारे पथप्रदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी महान विभूतियों की यह पावन धरा अब शांति, समृद्धि और सुशासन के एक नए युग की साक्षी बनेगी।

## बंगाल के लोगों के सपनों को पूरा करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी भाजपाः मोदी




**एजेंसी, नई दिल्ली** । पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को मिली जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य की जनता का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी पश्चिम बंगाल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट पर चुनावों को अविस्मरणीय और नतीजों को जनशक्ति की जीत बताया है। विजय के लिए बंगाल की जनता का आभार प्रगट करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के सुशासन की राजनीति को यहां के लोगों का भरपूर आशीर्वाद मिला है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भाजपा पश्चिम बंगाल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। डबल इंजन सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए समान अवसर और सम्मान सुनिश्चित करेगी। जीत को भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कर्मठ कार्यकर्ताओं के दशकों के अथक प्रयास और संघर्षों का परिणाम बताया है और कहा कि वे हमारी पार्टी की असली ताकत हैं। वहीं गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बंगालवासियों ने घुसपैठियों और उनके हितैषियों को ऐसा सबक सिखाया है, जिसे तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली पार्टियाँ कभी भूल नहीं पाएंगी। बंगाल ने जिन आशाओं और आकांक्षाओं के साथ मोदीजी के नेतृत्व पर विश्वास जताया है, हम निश्चित रूप से उन्हें पूरा करेंगे। शाह ने कहा, "यह तृणमूल के 'भय' के ऊपर मोदीजी पर 'भरोसे' की जीत है। मेरे जैसे हर भाजपा कार्यकर्ता के लिए यह गर्व का क्षण है कि गंगोत्री में माँ गंगा के उद्गम से लेकर गंगासागर तक आज हर जगह भाजपा का भगवा ध्वज शान से लहरा रहा है।"

## लालू परिवार को राबड़ी आवास खाली करने का अल्टीमेटम : सरकार ने दिया 15 दिन का समय

**एजेंसी, पटना**

बिहार की राजनीति में एक बड़ी हलचल सामने आई है, जहाँ सम्राट सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके परिवार को पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास राबड़ी आवास खाली करने के लिए 15 दिनों का समय दे दिया है। यह वहीं आवास है जहाँ पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रहते हैं।

सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, सम्राट सरकार ने पहले भी करीब एक साल पहले 25 नवंबर को आवास खाली करने का आदेश दिया था, लेकिन लालू परिवार की ओर से अब तक आवास खाली नहीं किया गया। इसके बाद अब सम्राट सरकार ने सख्त रुख दिखाकर अंतिम चेतावनी दी है। भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा जारी नोटिसों में राबड़ी देवी के अलावा, हाल ही में चुनाव हार



चुके कई पूर्व विधायकों को भी सरकारी बंगले खाली करने को कह दिया गया है। बताया जा रहा है कि लालू परिवार करीब 20 वर्षों से 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास में रह रहा था। भवन निर्माण विभाग ने राबड़ी देवी को पहला नोटिस तब जारी किया था जब उन्हें बिहार विधान परिषद के आवासन के लिए पटना के 39 हार्डिंग रोड पर एक नया आवास आवंटित किया गया था। इस घटनाक्रम पर लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

## कांग्रेस को बड़ा झटका, प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई हारे, भाजपा को प्रचंड बहुमत

**एजेंसी, जोरहाट**

असम विधानसभा चुनाव के रुझानों में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। जोरहाट सीट से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई को हार मिली है, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में स्पष्ट बहुमत हासिल कर सत्ता बरकरार रखी है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा-नीत एनडीए गठबंधन ने 99 सीटों पर बढ़त बनाकर बहुमत का आंकड़ा पार किया है, वहीं कांग्रेस केवल 25 सीटों पर आगे चल रही है।

वहीं जोरहाट सीट पर भाजपा के हितेंद्र नाथ गोस्वामी ने कांग्रेस नेता गोगोई को शिकस्त दी। गोस्वामी ने 69,439 मत मिले, जबकि गोगोई को 23,182 से अधिक मतों के अंतर से हार मिली। राज्य भर में भाजपा की मजबूत पकड़ दिख रही है और एनडीए गठबंधन ने 50 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर



हासिल किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए 126 सीटों के रुझानों के अनुसार, भाजपा 79 सीटों पर आगे है, उसके गठबंधन सहयोगी असम गण परिषद (एजीपी) आठ सीटों पर और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) एक सीट पर जीत दर्ज कर चुका है और आठ पर आगे है।

### टीएमसी को अपने भ्रष्टाचार का जवाब मिलाः हुमायूं कबीर

**एजेंसी, कोलकता** । पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के रुझानों पर आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के अध्यक्ष हुमायूं कबीर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अपेक्षित हार राज्य में हुए व्यापक भ्रष्टाचार और जनविरोधी फैसलों का सीधा परिणाम है। कबीर ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि जनता ने टीएमसी को आखिरकार जवाब दे दिया है, जो कि टीएमसी को मिलाना चाहिए था। एजेयूपी प्रमुख कबीर ने कहा, मैंने पहले ही अनुमान लगाया था कि भाजपा को टीएमसी से अधिक सीटें मिलेंगी। टीएमसी ने अपने तीन बार के कार्यकाल में सिर्फ लोगों पर अत्याचार किया, जमकर भ्रष्टाचार किया और गलत निर्णय लिए।


इसके विपरीत, कांग्रेस 25 सीटों पर आगे है, जबकि उसकी सहयोगी रायजोर दल दो सीटों पर। अखिल भारतीय संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (एआईयूडीएफ) दो सीटों पर और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) एक निर्वाचन क्षेत्र में आगे है। अन्य प्रमुख परिणामों में, असम के शिक्षा मंत्री रानोज पेगू ने धेमाजी सीट पर कांग्रेस के शैलेन सोनोवाल को 32,229 मतों के बड़े अंतर से हराया। मुख्यमंत्री सरमा जालुकबारी निर्वाचन क्षेत्र में अपनी बढ़त बनाए हैं। वहीं, खोवांग निर्वाचन क्षेत्र में पहले आगे चल रहे असम जातीय परिषद के लुरिंज्योति गोगोई अब भाजपा के चक्रधर गोगोई से पीछे हो गए हैं।

## 1 बजे तक दीदी टाटा, बाय-बाय... अमित शाह का पुराना वीडियो वायरल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन कर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है, इससे तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी की चौथी बार सत्ता में आने की उम्मीदें खत्म गई हैं। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही राज्य में भाजपा पहली बार सरकार बनाने जा रही है, जो तृणमूल के 15 साल और इसके पहले कम्युनिस्टों के 34 साल के शासन को समाप्त करेगी।

आज की इस बंपर जीत पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुराना चुनावी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे भविष्यवाणी कह रहे हैं कि 4 मई के बाद जनता टीएमसी को बाय-बाय कह देग। केंद्रीय गृहमंत्री शाह का ये वीडियो अब भाजपा की जीत के बाद और भी प्रासंगिक हो गया है। चुनाव आयोग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भाजपा 183 सीटों पर आगे चल रही है, जबकि ममता के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस को




101 सीटों पर संतोष करना पड़ा है और उसकी सहयोगी बीजीपीएम एक सीट पर आगे है। भाजपा ने सरकार बनाने के लिए आवश्यक 148 सीटों के बहुमत के आंकड़े को आसानी से पार कर लिया है।

बंगाल में भाजपा के प्रदर्शन से उत्साहित पश्चिम बंगाल के विपक्ष के नेता और उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी ने अपनी जीत का दावा कर कहा, भाजपा 180 से अधिक सीटों के साथ सरकार बनाएगी। टीएमसी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, रोने दीजिए। खत्म पूरा खत्म। सभी हिंदू नरेंद्र मोदी के समर्थन में एकजुट हैं।

## आज के तकनीकी दौर में भविष्य के लिए 'रिसर्च और सरप्राइज' बेहद जरूरीः रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**एजेंसी, प्रयागराज**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीव्र तकनीकी क्रांति के वर्तमान युग में भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए अनुसंधान पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने और अप्रत्याशित नवाचार की रणनीति अपनाने के महत्व पर बल दिया। रक्षा मंत्री 4 मई को प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में भारतीय सेना की उत्तरी एवं मध्य कमान तथा भारतीय रक्षा निर्माता सोसायटी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय नॉर्थ टेक संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में रक्षा कर्मियों, उद्योगपतियों, नवप्रवर्तकों, स्टार्टअप्स और शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष में, युद्ध का स्वरूप



महज तीन-चार वर्षों में टैंकों और मिसाइलों से बदलकर ड्रोन और सेंसर जैसे क्रांतिकारी उपकरणों में परिवर्तित हो गया है। इसके अलावा, दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुकी वस्तुएं भी घातक हथियार बनती जा रही हैं। लेबनान और सीरिया में हुए पेजर हमलों ने आधुनिक युद्ध पद्धतियों के पुनर्मूल्यांकन को प्रेरित किया है। ऐसी स्थिति में हमें तैयार रहना होगा। राजनाथ सिंह ने सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने और ऐसी क्षमताएं विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जो आवश्यकता पड़ने पर देश को अपने शत्रु पर अप्रत्याशित हमला करने में सक्षम बनाएं। उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि युद्ध में निर्णायक बढ़त सदैव उसी को मिलती है, जिसके पास अचानक हमला करने की शक्ति होती है। हालांकि हमारे रक्षा बल पहले से ही इस दिशा में कार्य कर रहे हैं, हमें और अधिक सक्रियता के साथ आगे बढ़ना होगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जो राष्ट्र तकनीकी क्रांति को सबसे तेजी से अपनाएगा, उसे भविष्य के युद्ध परिदृश्य में निर्णायक बढ़त प्राप्त होगी। आज की दुनिया में अनुसंधान का कोई विकल्प नहीं है और भविष्य के युद्ध किस प्रकार लड़े जाएंगे, यह आज प्रयोगशालाओं में निर्धारित हो रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने रक्षा अनुसंधान को अपनी प्राथमिकताओं के केंद्र में रखा है।

## बिहार में बारिश के बाद मौसम सुहावना, 12 जिलों में बारिश-वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट

**एजेंसी, पटना**


बिहार में हुई बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है, लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। तापमान में गिरावट के साथ वातावरण में ठंडक महसूस की जा रही है। इसी बीच राज्य के आपदा प्रबंधन विभाग ने सावधानी बरतने की चेतावनी जारी की है। विभाग की ओर से सोमवार दोपहर बाद से शाम 4:45 बजे तक के लिए राज्य के 12 जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। इस दौरान तेज हवा के साथ मध्यम बारिश, मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना जताई गई है। जिन जिलों में यह अलर्ट जारी किया गया है, उनमें औरंगाबाद, अरवल, गया, गोपालगंज, जहानाबाद, पटना, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, बक्सर, भोजपुर, रोहतास और सीवान शामिल हैं।

## बिहार के भागलपुर में गंगा नदी के विक्रमशिला सेतु का स्लैब टूटा

### आधी रात से आवाजाही बंद

**एजेंसी, भागलपुर**

बिहार के भागलपुर में गंगा नदी पर बना विक्रमशिला सेतु एक बार फिर खतरे की जद में आ गया है। आधी रात करीब 12:50 बजे पुल के पिलर नंबर 133 के पास सड़क का एक बड़ा स्लैब अचानक टूटकर गंगा में गिर गया। गनीमत रही कि मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों और प्रशासन की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया। उस समय पुल पर कई वाहन मौजूद थे। लेकिन समय रहते सभी को पीछे हटाकर सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। घटना की



सूचना मिलते ही जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर विक्रमशिला सेतु पर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। पुल के दोनों छोर पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। साथ ही तकनीकी विशेषज्ञों की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है । एसएसपी प्रमोद यादव ने बताया कि सभी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों की ओर डायवर्ट किया जा रहा है। अब भागलपुर से नवगछिया और सीमांचल जाने वाले लोगों को मुंगेर और सुल्तानगंज के रास्ते यात्रा करनी होगी। उल्लेखनीय है कि विक्रमशिला सेतु उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके बंद होने से आम लोगों की आवाजाही और व्यापारिक गतिविधियों पर असर पड़ सकता है।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, मंगलवार, 05 मई, 2026



# विहिप ने सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का दूध से किया अभिषेक,51 किलो लड्डू का वितरण

## बंगाल में लंबे समय से चली आ रही कथित हिंदू विरोधी कुरीतियों का अंत,हिन्दुत्व की जीतः छोटू वर्मा

» सुभाष चौक हुआ भगवामय, बोस की प्रतिमा को भगवा वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**रामगढ़।** पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर रामगढ़ में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पश्चिम बंगाल में हिंदुत्व की जीत पर रामगढ़ के सुभाष चौक पर सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद रामगढ़ के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं ने इसे हिंदुत्व की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया। कार्यक्रम के तहत महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का दूध से अभिषेक किया गया तथा उन्हें भगवा वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उपस्थित लोगों के बीच 51 किलो लड्डु का वितरण कर खुशी का मनाया गया। तथा पूरे सुभाष चौक को भगवा ध्वज से भगवामय किया गया। विहिप रामगढ़ जिला मंत्री छोटू वर्मा ने कहा कि यह जीत बंगाल में लंबे समय से चली आ रही कथित हिंदू विरोधी कुरीतियों के अंत का प्रतीक है। आयोजन समिति ने स्पष्ट किया कि यह जीत किसी एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि सनातन धर्म की आस्था और विश्वास की जीत के रूप में देखी जा रही है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और पूरे आयोजन स्थल पर उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विहिप जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल,बिजू गोयनका,जिला सत्संग प्रमुख संतोष सिंह,अवधेश वर्मा, विनय शर्मा, दुर्गा वाहिनी रामगढ़ जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, अनीता पाठक,राजदीप सिंह,सुजल वर्मा, दिलीप मालाकार,अर्जुन साहू, मनीष, पिंकी सिंह, शीला देवी,मुस्कान देवी, सरस्वती देवी, गायत्री देवी, चंपा देवी,जानकी देवी, संजीत कौर,प्रेमलता देवी सहित अन्य शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मैजिक वैन की चपेट में आने से युवक की मौत




**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के टाटा–पटमदा मुख्य मार्ग पर रविवार रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह घटना जलडहर पेट्रोल पंप के पास की है , जहां एक तेज रफ्तार मैजिक वैन ने पैदल जा रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पटमदा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल एमजीएम अस्पताल भेजवाया। हालांकि अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान जलडहर निवासी करीब 40 वर्षीय अजीत सहिस के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय बुधु सहिस के पुत्र थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अजीत सहिस पेट्रोल पंप से पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बेलटांड़ से झाड़बामनी की ओर जा रही एक अनियंत्रित मैजिक वैन ने सड़क पार करते समय उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट आई, जो उनकी मौत का कारण बनी। बताया जाता है कि दो महीने पहले ही अजीत के पिता का निधन हुआ था और वे ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और दो बेटे हैं। हादसे के समय उनकी पत्नी एक शादी समारोह में गई हुई थी। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अजीत सहिस मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। पुलिस ने मैजिक वैन को पकड़ लिया है, जबकि चालक भाग निकला है।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूर्वी सिंहभूम में रेलवे ट्रैक से चालक का क्षत-विक्षत शव बरामद, पुलिस जांच जारी



**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में एक चालक का क्षत-विक्षत शव रेलवे ट्रैक के किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान परसुडीह थाना क्षेत्र के सोपोडेरा शांतिनगर निवासी संतोष लोहार (37) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, संतोष लोहार रविवार सुबह काम पर जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटे। इससे चिंतित परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस से मिली सूचना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। पुलिस के मुताबिक, रविवार दोपहर गोविंदपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 के समीप ट्रैक किनारे एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। आसपास के लोगों से पूछताछ और पहचान के प्रयास के बाद शव की शिनाख्त संतोष लोहार के रूप में की गई। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि संतोष लोहार किसी ट्रेन की चपेट में आ गए होंगे। हालांकि, पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए सभी पहलुओं से जांच कर रही है, ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जंगली हाथी के हमले में फिर मारा गया एक ग्रामीण



**खूंटी।** जिले के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का खूनी खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में रनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़सीदम के रायमुंडा जंगल में जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना क्षेत्र स्थित जलासार सरामोडा निवासी करीब 65 वर्षीय सामुएल पूर्ति के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, सामुएल पूर्ति शनिवार (2 मई) को घर से गढ़सीदम बाजार जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की, पर कोई पता नहीं चल सका। इसी बीच सोमवार को जंगल में मवेशी चरा रहे चरवाहों ने शव देखा और इसकी सूचना वन विभाग व पुलिस को दी। मौके पर पहुंची टीम ने शव की पहचान सामुएल पूर्ति के रूप में की। बताया जा रहा है कि जंगली हाथी ने उन्हें पटक-पटक कर मार डाला, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। शव दो दिनों तक जंगल में ही पड़ा रहा। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, खूंटी भेज दिया। वहीं, वन विभाग के प्रभारी वनपाल अविनाश लुगुन ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर पीड़ित परिवार को तत्काल 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि रनिया प्रखंड में इन दिनों जंगली हाथियों का आतंक बढ़ गया है, जिससे ग्रामीणों की चिंता और परेशानी लगातार बढ़ रही है। प्रशासन से लोगों ने हाथियों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

### हाथी के हमले में मारे गए किसान के परिजनों को विधायक ने उपलब्ध कराई सहायता राशि और खाद्य सामग्री



**खूंटी।** विधायक सुदीप गुड़िया के निर्देश पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कार्यकर्ताओं ने युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राहुल केशरी के नेतृत्व में सोमवार को जरियागढ़ थाना क्षेत्र के डेहकेला गांव जाकर जंगली हाथी के हमले में मारे जेवियर होरो के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सहायता राशि और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई। इस दौरान परिजनों को ढांढस बंधाते झामुमो युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राहुल केशरी ने मृतक की पुत्री जिसने हाल ही में 10वीं कक्षा उत्तीर्ण की है, का नामांकन कस्तूरबा विद्यालय में कराने को कहा। सोमवार को ही छात्रा का नामांकन इंटर में करा दिया गया। राहुल केशरी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी से बातचीत कर पीड़ित परिवार को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से शीघ्र जोड़ने और हर संभव सहायता उपलब्ध कराने को कहा । मौके पर झामुमो प्रखंड सचिव विनोद उरांव, प्रखंड उपाध्यक्ष मार्शल आइंद, , प्रखंड उपाध्यक्ष सोसन होरो, पंचायत अध्यक्ष कार्तिक उरांव, पंचायत उपाध्यक्ष गंदुर उरांव, संजय गोप, भोला सिंह, दिलबर होरो, महेंद्र साहू, प्रदीप होरो, दीपक मुंडा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मजदूरों को दी गई सरकारी योजना व कानूनों की जानकारी

» पूरे जिले में चल रहा है जनजागरूकता अभियानः न्यायाधीश

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर लोगों में कानूनी साक्षरता और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 90 दिवसीय व्यापक आउटरीच कार्यक्रम के तहत अधिकार मित्र पंकज कुमार वर्मा, फूलचांद महतो, पूनम हेंब्रम,

श्याम कुमार झा, चिरंजीत तिवारी, विशाल यादव, भोलानाथ धीवर के द्वारा निरसा प्रखंड के बेलकूपा पंचायत के भातुडीह गांव में राष्ट्रीय मजदूर दिवस के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें ग्रामीणों व ऑर्गनाइज्ड सेक्टर के मजदूरों के बीच विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा कानून की जानकारी दी गई।

इस विषय में जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि डालसा की टीम ने लोगों को श्रम विभाग द्वारा बनने वाले कार्ड उसके लाभ की जानकारी दी गई। इसके अलावा आशा योजना के तहत बाल विवाह रोकने, जागृति योजना के तहत विधिक जागरूकता शिविर लगाने के तरीके, संवाद योजना के तहत अनुसुचित जनजातीय को कानूनी सहायता मुहैया कराने तथा खानाबदोश आदिवासी घुमंतू भोटिया जैसे बंजारन नट जो एक जगह से दूसरी जगह प्रस्थान करते रहते हैं, वैसे लोगों को समाज से जोड़ना तथा स्पॉन्सरशिप के बारे में जानकारी दी गई।

साथ में दिव्यांग प्रमाण पत्र, प्रखंड स्तरीय जनकल्याणकारी योजना, विधिक सहायता केंद्र, लोक अदालत, नेशनल लोक अदालत तथा मजदूर दिवस के तहत अनेकों जानकारियां दी गई।

## तीन राज्यों में बीजेपी की बम्पर जीत पर जश्न का माहौल, राज सिन्हा ने ढोल बजाकर जाहिर की खुशी

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर धनबाद में भी खुशी का माहौल देखने को मिला। धनबाद विधायक राज सिन्हा ने अपने आवासीय कार्यालय में भव्य जश्न मनाया। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ढोल बजाकर जीत की खुशी जाहिर की और सभी को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और पूरे माहौल में उत्साह देखने को मिला।

विधायक राज सिंहा ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की धरती पर भाजपा की यह जीत ऐतिहासिक है। उन्होंने इसे वैचारिक ऊर्जा और जनता के मजबूत समर्थन का प्रतीक बताया।

उन्होंने आगे कहा कि यह जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और "विकसित भारत" के संकल्प पर जनता के विश्वास को दर्शाता है। उनके अनुसार, इस जीत का सकारात्मक प्रभाव झारखंड सहित पूरे देश में देखने को मिलेगा और यह सुशासन एवं विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस मौके पर तमाल राय, निर्मल प्रधान, उमेश सिंह, आनंद कुमार, प्रमोद मंडल, अमित सिंह, राजीव राय भट्ट, मनोज मालाकार, अनिल सिन्हा, विकास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गैस सिलेंडर लदे ट्रक की टक्कर से महिला की मौत



राष्ट्रीय मुख्यधारा

मानगो थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें इलाज के दौरान सोमवार को महिला की मौत हो गई। घटना जवाहरनगर रोड नंबर 13 के सामने हुई, जहां इंडेन गैस सिलेंडरों से लदा एक ट्रक स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दिया। हादसे के वक्त स्कूटी पर सवार जावेद मसूद, जो करीम सिटी कॉलेज में लाइब्रेरियन हैं, अपनी पत्नी सबीहा खातून (54) के साथ घर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े, जिससे सबीहा खातून गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को मानगो स्थित दया अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार सुबह सबीहा खातून ने दम तोड़ दिया। बेटे शहबाज़ ने बताया कि जब वह अस्पताल पहुंचे, तब उनकी मां को कमर और हाथ में गंभीर चोटें आई थीं। इधर, हादसे के बाद मानगो थाना पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## रमण सिन्हा बने चित्रगुप्त महापरिवार बोकारो जिला के नए अध्यक्ष, लोगों ने किया स्वागत

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** चास स्थित लाल बहादुर शास्त्री सेवा भवन में सोमवार को चित्रगुप्त महापरिवार बोकारो जिला की कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में संगठन के भविष्य और सुचारु संचालन को लेकर कई बड़े निर्णय लिए गए, जिसके अंतर्गत कोऑपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी निवासी रमण सिन्हा को सर्वसम्मति से चित्रगुप्त महापरिवार बोकारो जिला के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया। श्री सिन्हा प्रारंभिक काल से ही जिला समिति से जुड़े रहे हैं और उन्हें संगठन के सफल संचालन का व्यापक अनुभव प्राप्त है। विशेष रूप से, वह भारत विकास परिषद जैसी प्रतिष्ठित संस्था के कई वर्षों तक राष्ट्रीय महासचिव रह चुके हैं, जहां उन्होंने संगठन को मजबूती से प्रतिस्थापित करने में ऐतिहासिक योगदान दिया है।

संगठन में यह परिवर्तन जिला समिति के निवर्तमान अध्यक्ष जय प्रकाश सिन्हा द्वारा निजी कारणों से दिए गए त्यागपत्र के बाद किया गया है। जिला समिति के संरक्षक जयशंकर जयपुरियार ने उनका त्यागपत्र स्वीकार करते हुए समिति के सुचारु संचालन हेतु नए अध्यक्ष के चयन का मार्ग प्रशस्त किया। बैठक के दौरान मुख्य सलाहकार अरुण सिन्हा ने निवर्तमान अध्यक्ष के कार्यकाल की सराहना करते हुए बताया कि जय प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में संगठन ने अभूतपूर्व प्रगति की है। विशेष रूप से इसी वर्ष 5 अप्रैल को आयोजित ऐतिहासिक महासम्मेलन को उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि बताया गया। मुख्य संरक्षक ने स्पष्ट किया कि जय प्रकाश बाबू भले ही पद से अलग हुए हैं, लेकिन वह भविष्य में भी किसी न किसी रूप में समिति से जुड़े रहेंगे और उनके अनुभवों का लाभ संगठन को निरंतर मिलता रहेगा।

वर्तमान में रमण सिन्हा का चयन तदर्थ रूप से किया गया है, जबकि अन्य सभी पदेन सदस्य अपने दायित्वों पर यथावत बने रहेंगे। आगामी दो महीनों के भीतर संगठन की सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर जिला कार्यकारिणी समिति को नियमित कर दिया जाएगा। बैठक के दौरान आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष ललित वर्मा ने हाल ही में संपन्न सम्मेलन के आय एवं व्यय का पूरा लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की। साथ ही, पिछले आयोजनों में रही कमियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई और आगामी कार्यक्रमों में उन त्रुटियों को सुधारने का संकल्प लिया गया। मौके पर महासचिव भैया प्रीतम, कार्यकारी अध्यक्ष रतन लाल, वरिष्ठ सदस्य सुरेंद्र प्रसाद, संयोजक कुमोद सिंहा, प्रवीण कुमार, ललित सिन्हा, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, ओंकार सिंहा, सुदीप सिन्हा सहित पेटरवार से संजय सिंहा, प्रदीप सिन्हा, राज श्रीवास्तव और अरुण सिन्हा सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। नए अध्यक्ष के मनोनयन से संगठन के सदस्यों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## जनगणना-2027 में सरना धर्म कोड का कॉलम शामिल करे केंद्र सरकार : कमलेश

राष्ट्रीय मुख्यधारा



▪ जनगणना-2027 में सरना धर्म कोड की मांग तेज, झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और झारखंड के राज्यपाल को पत्र लिखकर जनगणना-2027 में आदिवासी/सरना धर्म को अलग पहचान के रूप में धर्म कोड में शामिल करने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि झारखंड की पहचान समृद्ध आदिवासी सभ्यता, संस्कृति और प्रकृति पूजक परंपरा से जुड़ी है। राज्य के आदिवासी समाज का धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन प्रकृति पूजा, जंगल और जमीन पर आधारित है, जिसे सरना धर्म के रूप में जाना जाता है। उन्होंने इसे केवल आस्था नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही जीवन पद्धति बताया। सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि आजादी के बाद अलग झारखंड राज्य के आंदोलन की नींव भी आदिवासी समाज की विशिष्ट पहचान और उनकी प्रकृति-आधारित आस्था पर टिकी रही है। ऐसे में जनगणना-2027 में सरना धर्म कोड को शामिल करना आवश्यक है, ताकि आदिवासी समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान सुरक्षित रह सके और नीतिगत निर्णयों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2011 की जनगणना में अलग धर्म कोड का कॉलम नहीं होने के बावजूद लगभग 50 लाख लोगों ने स्वयं को सरना धर्मावलंबी के रूप में दर्ज कराया था। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरना धर्म को अलग पहचान देने की मांग लंबे समय से आदिवासी समाज की भावनाओं से जुड़ी हुई है। उन्होंने आगे बताया कि 11 नवंबर 2020 को झारखंड विधानसभा में सरना धर्म कोड के समर्थन में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को अनुशंसा भेजी गई थी। हालांकि, पांच वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जबकि अब देश में जनगणना की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की है कि जनगणना-2027 में सरना धर्म कोड को शामिल करने के लिए जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि झारखंड सहित पूरे देश के आदिवासी समाज की भावनाओं का सम्मान हो सके और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

## हाथी के हमले में वृद्धा की मौत, मुआवजे की मांग

राष्ट्रीय मुख्यधारा



जिले के चाकुलिया प्रखंड अंतर्गत बड़ामारा पंचायत के चौठिया गांव स्थित बांधडीह टोला में सोमवार जंगली हाथी के हमले में वृद्धा दुलारी मुर्मू (72) की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार दुलारी मुर्मू रोज की तरह सुबह अपने घर से चौठिया की ओर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में अचानक एक हाथी ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने मृतका के परिजनों को तत्काल सहायता के रूप में 50 हजार रुपये दिया है, ताकि अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की जा सके। साथ ही आश्वासन दिया गया है कि शेष मुआवजा राशि सरकारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। इधर, घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई, जिसके कारण यह दुखद घटना घटी। उन्होंने बताया कि फिलहाल गांव के पास स्थित जंगल में दो हाथी डेरा डाले हुए हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि हाथियों को जल्द से जल्द गांव से दूर सुरक्षित स्थान पर खदेड़ा जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, मंगलवार, 05 मई, 2026




## संक्षिप्त समाचार

### तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर कसमार में बंटी झालमूढ़ी एवं मिठाई



**कसमार (बोकारो)** : पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड बहुमत एवं धमाकेदार जीत पर कसमार प्रखंड के भाजपाइयों ने सोमवार शाम शिवाजी चौक पर झालमूढ़ी एवं मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पटाखे भी छोड़े। इस अवसर पर भाजपा के कसमार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने बताया कि देश में पांच राज्यों के चुनाव नतीजों में तीन राज्यों में भाजपा की बहुमत एवं प्रचंड जीत से पूरे देश में खुशी की लहर है। धीरे धीरे पूरे देश में भाजपा की सरकार बनेगी एवं भगवा रंग में रंग जाएगा। उन्होंने बताया कि कसमार प्रखंड में जल्द ही बड़ी बैठक कर जीत का जश्न बड़े पैमाने पर मनाने की तैयारी चल रही है। इस दौरान चौक में उपस्थित सभी ग्रामीणों को भी झालमुढ़ी खिलाकर जीत की बधाई दी गई। मौके पर पूर्व प्रखंड बीस सूत्री कमिटी अध्यक्ष यदुनंदन जायसवाल, महामंत्री परमेश्वर नायक, बानेश्वर महतो, राजेश पांडेय, भवानी मुखर्जी, एमएस मुखर्जी, प्रताप सिंह, रामलाल ठाकुर, अजय ठाकुर, कृष्ण किशोर जायसवाल, महेश जायसवाल, कैलाश महतो, बबलू पांडेय, अमित प्रसाद महतो, संतोष महतो समेत अन्य भाजपाई मौजूद थे।


### सर्वाइकल कैंसर जागरूकता शिविर में 96 छात्राओं की हुई जांच

**बोकारो थर्मल :** नावाडीह प्रखंड के सुदूरवर्ती ऊपरघाट स्थित पलामू के जमा दो उच्च विद्यालय में सोमवार को स्वास्थ्य और जागरूकता की एक महत्वपूर्ण कड़ी देखने को मिली। यहां डीवीसी अस्पताल एवं सीएसआर के संयुक्त तत्वावधान में सर्वाइकल कैंसर (एचपीवी) को लेकर विशेष जागरूकता सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. एस. साहा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की किशोरियों और छात्राओं को इस गंभीर बीमारी के प्रति सचेत करने का प्रयास किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. एस. साहा ने सर्वाइकल कैंसर के खतरों और इससे बचाव के वैज्ञानिक उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने रेखांकित किया कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति में एचपीवी टीकाकरण इस बीमारी से बचाव का एक सशक्त माध्यम है। डॉ. साहा ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए सलाह दी कि किसी भी असामान्य लक्षण के दिखने पर उसे छिपाने के बजाय तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि केवल जागरूकता ही कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विरुद्ध सबसे बड़ा हथियार है। शिविर के दौरान विद्यालय की कुल 96 छात्राओं के स्वास्थ्य की सामान्य जांच की गई। चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने छात्राओं को पोषण और जीवनशैली में सुधार लाने संबंधी जरूरी टिप्स भी दिए। मौके पर डॉ. एस. साहा के साथ कृष्णा कुमार, कलीम अंसारी, गौतम मंडल और सीएसआर से जीवाधन महतो उपस्थित थे। विद्यालय की शिक्षिका सरिता कुमारी और माला कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्राएं इस स्वास्थ्य सत्र का हिस्सा बनीं। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता जताई है।

# अब शाम के समय नहीं कटेगी बोकारो की बिजली, डीसी ने दिया सख्त निर्देश

» जिस जिले में बिजली बनती हो, वहां अंधेरा उचित नहीं : अजय नाथ झा

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने जिले की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बिजली एवं जलापूर्ति व्यवस्था की गहन समीक्षा बैठक की। इस महत्वपूर्ण बैठक में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार और अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान विद्युत आपूर्ति की वर्तमान स्थिति, बिजली चोरी की रोकथाम, नए सब-स्टेशन निर्माण और पेयजल योजनाओं के संचालन जैसे विभिन्न गंभीर बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त ने फुदनीडीह सब-स्टेशन में पावर लोड शेडिंग की समस्या के समाधान हेतु डीवीसी पदाधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिस जिले में बिजली का उत्पादन होता है, वहां विद्युत आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। संबंधित पदाधिकारियों ने फुदनीडीह सब-स्टेशन में कल तक पावर लोडिंग सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया है। डीसी ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि शाम के समय ग्रामीण, नगर परिषद, नगर निगम एवं शहरी क्षेत्रों में बिजली कटौती पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। साथ ही, यदि किसी क्षेत्र में तीन घंटे से अधिक बिजली कटौती संभावित हो, तो पीआरडी के माध्यम से जनता को इसकी पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा।

**बिजली चोरी पर लगाम लगाने की पुख्ता तैयारी**-बिजली चोरी रोकने के लिए उपायुक्त ने सघन छापेमारी अभियान चलाने और दोषी संस्थानों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। इन मामलों की मासिक समीक्षा एसडीओ, सीओ, थाना प्रभारी और विद्युत विभाग के समन्वय से की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, आंधी-तूफान के दौरान आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए वन विभाग के समन्वय से कमजोर पेड़ों की छंटाई करने और एक सप्ताह के भीतर सब-स्टेशन निर्माण हेतु भूमि का चिह्नीकरण करने को कहा गया है। डीसी ने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों, विद्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों में अविलंब विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करने की रिपोर्ट भी मांगी है।

**पेयजल योजनाओं और जल जीवन मिशन की हुई समीक्षा**-जलापूर्ति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को चापाकलों की अद्यतन स्थिति और खराब चापाकलों की सूची अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की सूची प्रस्तुत करने के साथ ही नई जलापूर्ति योजनाओं के लिए ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित करने को कहा गया है। इन नई योजनाओं को अनटाइड, टाइड अथवा डीएमएफटी फंड से क्रियान्वित किया जाएगा। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी निविदा प्रक्रिया को पूर्ण करने से पूर्व आंतरिक निविदा समिति से अनुमोदन लेना अनिवार्य होगा, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

## भाजपा की जीत पर सिटी सेंटर में हुई आतिशबाजी, मां भारती का पूजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा






**बोकारो :** बंगाल चुनाव सहित पांच राज्यों में भाजपा के ऐतिहासिक प्रदर्शन पर बोकारो के सिटी सेंटर में भी भाजपाइयों एवं भाजपा समर्थकों ने भारी जश्न मनाया। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर और पटाखे छोड़कर अपनी खुशी जाहिर की। समर्थकों ने राहगीरों को मिठाई खिलाकर इस जीत की बधाई दी। लोगों ने मां भारती की पूजा-अर्चना कर भगवा ध्वज लहराया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजकुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, मुन्ना कुमार, परिणव कुमार, साधुजी, मिथिलेश कुमार और कन्हैया गुप्ता सहित अनेक सक्रिय समर्थक उपस्थित रहे। समर्थकों का कहना है कि यह परिणाम आने वाले समय में देश की राजनीति की नई दिशा निर्धारित करेंगे और भाजपा सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध रहेगी।

## बाइक शोरूम की छत काटकर चोरों ने उड़ाए लाखों के स्पेयर पार्ट्स और नगदी

» कथारा गंगोत्री कॉलोनी के समीप अज्ञात चोरों ने दिया घटना को अंजाम

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** जिले के बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत कथारा गंगोत्री कॉलोनी के समीप स्थित हीरो बाइक शोरूम में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। शातिर चोरों ने शोरूम की छत पर लगी करकट की शीट को तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कैश काउंटर सहित कीमती सामानों पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना से क्षेत्र के व्यवसायियों में असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। घटना की जानकारी सोमवार सुबह तब हुई जब शोरूम का स्टाफ दुकान खोलने पहुंचा और अंदर का नजारा देखकर दंग रह गया। शोरूम के संचालक शैल जायसवाल ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे जब स्टाफ शोरूम पहुंचा, तो छत की करकट शीट टूटी हुई मिली। शोरूम के अंदर प्रवेश करने पर देखा गया कि कैश काउंटर का दरवाजा भी टूटा हुआ था। दुकान संचालक और विशाल जायसवाल ने मौके पर पहुंचकर जब सामानों का मिलान किया, तो पाया कि काउंटर में रखे लगभग 45 हजार रुपये नगद गायब थे। इसके अतिरिक्त, 15 हजार रुपये का एक एंड्रॉयड मोबाइल, 3 हजार रुपये की फिंगर प्रिंट डिवाइस मशीन और लगभग साढ़े तीन लाख रुपये मूल्य के कई नए बाइक स्पेयर पार्ट्स चोर अपने साथ ले गए हैं।

चोरी की सूचना मिलते ही बोकारो थर्मल इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शोरूम मालिक से पूरे मामले की विस्तृत जानकारी ली और चोरी के तरीके का सूक्ष्म निरीक्षण किया। थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव ने बताया कि मामले को पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है और अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस शोरूम और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस चोरी के बाद स्थानीय व्यापार मंडल ने पुलिस प्रशासन से रात के समय गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस फिलहाल संदिग्धों की तलाश में जुटी है और विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की योजना बना रही है।

## डीपीएस बोकारो के प्रशासनिक व सहयोगी सदस्यों ने सीखे तनाव-प्रबंधन एवं बाल-सुरक्षा के गुर

» उन्नति का आधार हैं तनावमुक्त कार्यस्थल : डॉ. गंगवार

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो** : गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास को लेकर कटिबद्ध दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो अपने शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ-साथ अपने समस्त कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक कल्याण के प्रति भी अत्यंत संवेदनशील है। इसी प्रतिबद्धता के साथ विद्यालय परिसर में प्रशासनिक सदस्यों और सहयोगी सदस्यों के लिए दो अलग-अलग सत्रों में विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशासनिक सदस्यों के लिए आयोजित सत्र में विद्यालय के काउंसेलर लाल शुभेन्द्र नाथ शाहदेव ने तनाव-प्रबंधन के व्यावहारिक गुर सिखाए। उन्होंने मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से तनाव को नियंत्रित करने के टिप्स देते हुए इसके प्रमुख कारकों, जैसे- परिस्थितिजन्य दबाव, आनुवांशिकी कारण, अकेलापन आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री शाहदेव ने तनाव के लक्षणों को पहचानने और समय रहते उनमें सुधार के लिए जीवनशैली में बदलाव लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने शारीरिक कसरत, मोबाइल की लत कम करने, पर्याप्त नींद, योग-ध्यान, संतुलित आहार और मानसिक एकाकीपन दूर करने के लिए अच्छी किताबें पढ़ने व हॉबीज विकसित करने की महत्ता बताई। सत्र के दौरान कर्मियों को डीप ब्रीदिंग (गहरी सांस लेने) का अभ्यास भी कराया गया।

इसके पूर्व, सपोर्टिंग स्टाफ के लिए बच्चों की देखभाल विषय पर केंद्रित एक सत्र आयोजित किया गया। इसमें काउंसलर श्री शाहदेव ने बाल यौन उत्पीड़न जैसी गंभीर समस्याओं से बचाव के लिए पोक्सो एक्ट के विभिन्न कानूनी और सामाजिक पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कर्मियों को जागरूक किया कि कैसे वे अपने बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान कर सकते हैं और संकट की स्थिति में सजग रहकर उनकी रक्षा कर सकते हैं।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने तनावमुक्त कार्यस्थल को किसी भी संस्थान की उन्नति का मुख्य आधार बताया। उक्त विषयों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने अपने कर्मियों के प्रति विद्यालय की तत्परता को दोहराया। कहा कि संस्थान की प्रगति में प्रशासनिक और सहयोगी स्टाफ की भूमिका रीढ़ की हड्डी के समान है। आज के दौर में मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य जरूरत है। बच्चों की सुरक्षा और कर्मियों का मानसिक स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## लावारिस ट्रॉली बैग में रखा था 11 किलो गांजा, भुवनेश्वर-धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन से बरामद

» बोकारो रेलवे स्टेशन पर 'ऑपरेशन नारकोस' के तहत आरपीएफ ने की कार्रवाई

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) बोकारो ने नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन नारकोस के तहत सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल की है। आरपीएफ की टीम ने बोकारो स्टेशन पर खड़ी ट्रेन संख्या 18403 भुवनेश्वर-धनबाद एक्सप्रेस से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। इस कार्रवाई में कुल 11.170 किलो गांजा जब्त किया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 5,58,500 रुपए बताई जा रही है। रेल पुलिस की इस सक्रियता से नशा तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, एएसआई डीके द्विवेदी, एचसी सहगल कुमार, एएसआई प्रभात कुमार, मंटू कुमार और आरके महतो की टीम ऑपरेशन नारकोस के तहत स्टेशनों और ट्रेनों में सघन जांच-पड़ताल कर रही थी। जब भुवनेश्वर-धनबाद एक्सप्रेस बोकारो स्टेशन पहुंची, तो टीम ने कोच एस-8 और जनरल कोच के बीच रखे हुए एक नीले रंग के लावारिस ट्रॉली बैग को देखा। संदेह होने पर अधिकारियों ने आसपास के यात्रियों से काफी पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी उस बैग पर अपना दावा पेश नहीं किया। इसके बाद सुरक्षा बलों ने सावधानी बरतते हुए बैग को प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर उतारा और इसकी सूचना जीआरपी और वरीय रेल अधिकारियों को दी।

**पैकेटों में भरकर तस्करी की थी तैयारी**-प्लेटफॉर्म पर जब ट्रॉली बैग को खोलकर उसकी जांच की गई, तो उसके भीतर भूरे रंग के टेप से लिपटे हुए चार बड़े पैकेट बरामद हुए। टेप को थोड़ा हटाने पर उसके अंदर से आ रही तीव्र गंध से स्पष्ट हो गया कि उसमें गांजा भरा हुआ है। वजन करने पर कुल मात्रा 11.170 किलो पाई गई। आरपीएफ ने बरामद नशीले पदार्थ को तत्काल जब्त कर लिया और आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए उसे जीआरपी बोकारो को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस अज्ञात तस्करों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद ले रही है। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन नारकोस के माध्यम से रेल मार्गों से होने वाली नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आने वाले दिनों में ट्रेनों में जांच की प्रक्रिया और अधिक सख्त की जाएगी ताकि अपराधियों के मंसूबों को नाकाम किया जा सके।

## कुशासन से बदलाव चाहती थी जनता : दुल्लू

» बंगाल-विजय पर बोकारो में उत्सव, सांसद ने बांटी मिठाई

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद धनबाद लोकसभा क्षेत्र सहित संपूर्ण बोकारो जिले में उत्साह और उमंग का माहौल देखा जा रहा है। चुनाव परिणामों के स्पष्ट होते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने सड़कों पर उतरकर जीत की खुशियां मनाईं। नया मोड़ स्थित क्षेत्र में धनबाद सांसद ढुलू महतो ने स्वयं उपस्थित होकर पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता के साथ मिठाई बांटी और जमकर आतिशबाजी की। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता के अटूट विश्वास और सुशासन की जीत है। उन्होंने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के परिणामों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन राज्यों की जनता ने विकास के पक्ष में मतदान किया है। उनके अनुसार पश्चिम बंगाल की जनता कुशासन से बदलाव चाहती थी, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। सांसद ने इस ऐतिहासिक सफलता के लिए सभी राज्यों के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

विजय उत्सव के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंबिका ख्वास, भारत यादव, वीरभद्र सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, मनोज सिंह, श्याम बाबू गुप्ता, अशोक पप्पू, उमेश शर्मा, चन्द्रशेखर सिंह, अमर स्वर्णकार, कनक बादशाह, निवारण प्रसाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। उत्सव के दौरान 'जय श्री राम' और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा।

## बोकारो में आंधी-पानी ने फिर मचाई तबाही, पेड़ गिरने से बाल-बाल बचे मासूम

» बीटीपीएस की डीवीसी कॉलोनियों में जनजीवन प्रभावित

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो थर्मल/ बोकारो** : लगातार तीन दिनों से जारी मौसम के बदले मिजाज का असर सोमवार शाम भी देखने को मिला। बोकारो, चास, चंदनकियारी समेत पूरे जिले में आंधी-पानी ने खूब तबाही मचाई। ग्रामीण इलाके में कई कच्चे मकानों की छत उजड़ गई। शीट उखड़ गए तथा दर्जनों पेड़ गिर गए। इसके पूर्व, बोकारो थर्मल और इसके आसपास के क्षेत्रों में रविवार की देर शाम हुई भीषण बारिश और तेज आंधी ने भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा के दौरान एनपीसीसी कॉलोनी स्थित आवास संख्या जीएम 45 में एक बड़ा महुआ का पेड़ गिर गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई।

यह आवास निदेशक भवन में कार्यरत डीवीसी कर्मचारी लाल कुमार का है। बताया जाता है कि जिस समय पेड़ घर के पिछले हिस्से में बने एस्बेस्टस के शेड पर गिरा, उस समय घर के अंदर बच्चे खेल रहे थे। गनीमत यह रही कि बच्चों ने समय रहते वहां से भागकर अपनी जान बचाई, अन्यथा कोई गंभीर अप्रिय घटना घट सकती थी। इस घटना में घर की छत की शीट पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

**प्रबंधन पर सुस्ती का आरोप, बढ़ी लोगों की परेशानी**-पीड़ित डीवीसी कर्मचारी ने सोमवार को इस घटना की विधिवत सूचना सिविल एवं एचआर विभाग को दी, लेकिन प्रबंधन की ओर से पेड़ हटाने की दिशा में तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई। तबाही का ऐसा ही मंजर डीवीसी मिडिल स्कूल के समीप भी देखने को मिला, जहाँ आवास संख्या ई-31 के पास एक विशालकाय पेड़ गिरने से मुख्य मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। सड़क पर पेड़ पड़े होने के कारण स्कूल आने-जाने वाले छोटे बच्चों और शिक्षकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन बाधित होने से स्थानीय निवासियों में भी रोष देखा जा रहा है। डीवीसी की विभिन्न कॉलोनियों में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। कई जगहों पर बिजली के तार और पोल भी प्रभावित हुए हैं। स्थानीय लोगों ने डीवीसी प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि गिरे हुए पेड़ों को अविलंब हटाकर रास्ते साफ किए जाएं और क्षतिग्रस्त आवासों की मरम्मत की दिशा में त्वरित कदम उठाए जाएं। निवासियों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षात्मक उपाय और पेड़ों की छंटाई की गई होती, तो इस तरह के खतरों को कम किया जा सकता था।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, मंगलवार, 05 मई, 2026



# ड्रोन से लैस हुई धनबाद पुलिस, हाईटेक निगरानी की दिशा में बड़ा कदम

» धनबाद पुलिस ने अपनाई नई तकनीक, तीन दिवसीय ड्रोन प्रशिक्षण शुरू

» एसएसपी ने किया शुभारंभ, ड्रोन से बढ़ेगी सुरक्षा और सतर्कता

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** आधुनिक तकनीक के सहारे कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत व प्रभावी बनाने की दिशा में धनबाद पुलिस ने एक बड़ा कदम उठाया है। भीड़ प्रबंधन, सतत निगरानी, क्षेत्रीय सर्वेक्षण और आपात स्थितियों से बेहतर तरीके से निपटने के उद्देश्य से सोमवार को पुलिस केंद्र में तीन दिवसीय विशेष ड्रोन ट्रेनिंग वर्कशॉप का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) प्रभात कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उद्घाटन के अवसर पर एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि बदलते समय के साथ पुलिसिंग के तरीकों में भी तेजी से बदलाव जरूरी है। ड्रोन तकनीक इस दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है, जो पुलिस को आसमान से निगरानी की ताकत देती है। उन्होंने कहा कि ड्रोन के जरिए न सिर्फ भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर नजर रखना आसान होगा, बल्कि गुप्त रूप से सूचनाएं एकत्र करने और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी रखने में भी यह बेहद कारगर साबित होगा।

उन्होंने बताया कि ड्रोन के इस्तेमाल से समय की बचत के साथ-साथ जोखिम भरे अभियानों में पुलिसकर्मियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। किसी भी आपात स्थिति, हादसे या दुर्गम इलाके में बिना जान जोखिम में डाले सटीक जानकारी प्राप्त करना अब संभव होगा। एसएसपी ने यह भी संकेत दिया कि आवश्यकता के अनुसार जल्द ही धनबाद पुलिस को अत्याधुनिक हाईटेक ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में पुलिस पदाधिकारियों से लेकर जवानों तक को ड्रोन संचालन की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। प्रशिक्षण का संचालन विनटल लैब के विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है। पहले दिन ट्रेनर राजा ठाकुर ने प्रतिभागियों को ड्रोन ऑपरेशन, सुरक्षा मानकों और विभिन्न परिस्थितियों में इसके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि भीड़-भाड़ वाले स्थानों, संवेदनशील इलाकों और दुर्गम क्षेत्रों में ड्रोन किस प्रकार प्रभावी निगरानी कर सकता है। इसके अलावा, किसी भी ऑपरेशन को गुप्त तरीके से अंजाम देने, गैरकानूनी गतिविधियों पर पैनी नजर रखने और सर्च ऑपरेशन को सफल बनाने में ड्रोन की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

वर्कशॉप में प्रतिभागियों को ड्रोन उड़ाने की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी गई, जिससे वे वास्तविक परिस्थितियों में इसके उपयोग को समझ सकें। प्रशिक्षकों ने बताया कि किसी हादसों के बाद राहत एवं बचाव कार्य में ड्रोन अत्यंत उपयोगी साबित होता है। इसके जरिए दवाइयां, राशन और आवश्यक सामग्री तेजी से प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाई जा सकती है।


विशेष रूप से नाइट विजन ड्रोन के उपयोग पर भी प्रशिक्षण दिया गया, जिससे अंधेरे में भी निगरानी और ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा सके। इसके साथ ही ज्वलनशील पदार्थों एवं विस्फोटकों को सुरक्षित ठिकानो पर लाकर निष्क्रिय करने और किसी भी संदिग्ध ड्रोन को काउंटर करने के तरीकों की भी जानकारी दी गई।

प्रशिक्षकों ने बताया कि यदि कोई अज्ञात या संदिग्ध ड्रोन बिना अनुमति किसी क्षेत्र में प्रवेश करता है, तो उसे चिन्हित कर समय रहते निष्क्रिय किया जा सकता है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और गोपनियता अधिक मजबूत होगी।

इस अवसर पर सिटी एसपी ऋतविक श्रीवास्तव, डीएसपी विधि-व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय धीरेन्द्र नारायण बंका, डीएसपी साइबर संजीव कुमार, डीएसपी प्रदीप कुमार, डीएसपी सुनील सिंह, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द सिंह, सार्जेंट मेजर अवधेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला बुधवार तक चलेगा जहाँ पुलिस पदाधिकारियों व जवानो को ड्रोन की तकनिकी बारीकियों से अवगत कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गैस एजेंसियों की मनमानी जारी, डीएसी कोड और बुकिंग गड़बड़ी से उपभोक्ता परेशान



**धनबादः** उपायुक्त के सख्त निर्देशों के बावजूद जिले में गैस एजेंसियों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि कुछ एजेंसियों ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार किया है, लेकिन कई एजेंसियां अब भी नियमों का हवाला देकर उपभोक्ताओं को परेशान कर रही हैं।

ताजा मामला शहर के हाउसिंग कॉलोनी स्थित इंडेन गैस एजेंसी "श्री विग्नेश" से जुड़ा है, जहां उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्हें गलत जानकारी देकर लगातार कार्यालय के चक्कर लगवाए जा रहे हैं। कभी बुकिंग को बिना कारण कैंसिल बताया जाता है तो कभी डीएसी कोड के नाम पर भ्रम की स्थिति पैदा की जाती है।

गौरतलब है कि डीएसी (डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड) गैस डिलीवरी के समय सत्यापन के लिए आवश्यक होता है, लेकिन तकनीकी या एजेंसी स्तर की गड़बड़ियों के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पीड़ित उपभोक्ताओं का कहना है कि बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है। इससे आम लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में उपभोक्ता इंडेन गैस के टोल-फ्री नंबर 1800-2333-555 पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

अब बड़ा सवाल यह है कि प्रशासनिक सख्ती के बावजूद एजेंसियों की यह मनमानी क्यों जारी है और जिम्मेदारों पर कब कार्रवाई होगी।

### सहराज के पास सड़क हादसा, अज्ञात व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



**गोविंदपुर (धनबाद)ः** गोविंदपुर के सहराज क्षेत्र के चेतना महाविद्यालय के समीप एक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है।

स्थानीय लोगों की सूचना पर गोविंदपुर पुलिस मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

प्रशासन और स्थानीय लोगों ने अपील की है कि यदि कोई घायल व्यक्ति की पहचान करता है तो तुरंत उसके परिजनों को सूचना दें, ताकि समय पर आवश्यक जानकारी और सहायता मिल सके।

### "मई दिवस-2026" के उपलक्ष्य में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन




**धनबादः** सोमवार को रेलवे ऑडिटोरियम, धनबाद में "मई दिवस-2026" के उपलक्ष्य में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल की अध्यक्षा प्रिया मिश्र एवं महिला कल्याण संगठन की अन्य सदस्याओं के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल की अध्यक्षा द्वारा विभिन्न विभागों के 84 चतुर्थवर्गीय रेल कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही 25 मोटर वाहन चालकों को पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल के कल्याणकारी कार्यक्रमों में योगदान देने हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, धनबाद मंडल की अध्यक्षा द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल कर्मचारियों को पुरस्कृत करना नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में निरंतर मेहनत कर सुरक्षित एवं सुचारु ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने में उनकी अहम भूमिका की सराहना करना है। उन्होंने कहा कि रेल कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण ही भारतीय रेल की मजबूती का आधार है। कार्यक्रम के दौरान संगठन की उपाध्यक्षा कविता, अल्पना झा एवं शैली सहित संगठन की अन्य सम्मानित सदस्याएँ एवं मंडल के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### पुटकी में दर्दनाक हादसा, 12 चक्का वाल्वो टिपर की चपेट में आने से सुपरवाइजर की मौत



**धनबादः** धनबाद जिले के पुटकी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालीचक स्थित एसएनआर आउटसोर्सिंग कंपनी में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें 54 वर्षीय रामस्वरूप चौहान की मौत हो गई। वे गोधरा 4 नंबर के निवासी थे और सिंह नेचुरल आउटसोर्सिंग कंपनी में पिछले चार वर्षों से सुपरवाइजर (स्विफ्ट इंचार्ज) के पद पर कार्यरत थे।

मिली जानकारी के अनुसार, कार्यस्थल पर ड्यूटी के दौरान वे 12 चक्का वाल्वो टिपर की चपेट में आ गए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद उन्हें आनन-फानन में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एसएनएमएमसीएच रेफर किया गया। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक के परिजन गुड्डू चौहान ने बताया कि उन्हें फोन के जरिए हादसे की सूचना मिली, जिसके बाद वे अस्पताल पहुंचे। उनका आरोप है कि भारी वाहन उनके कमर के पास चढ़ गया, जिससे उनकी मौत हो गई।

वहीं मृतक के बेटे आदर्श कुमार ने बताया कि उनके पिता सुबह ड्यूटी के लिए घर से निकले थे और कुछ ही देर बाद हादसे की खबर मिल गई। परिजनों का कहना है कि अब तक कंपनी की ओर से किसी मुआवजे को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

इधर, कंपनी के इंचार्ज श्रीराम पांडे ने बताया कि घटना की जानकारी जुटाई जा रही है और जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है।

## धनबाद स्टेशन पर चला टिकट जाँच अभियान

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन




**धनबादः** धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर सक्षम अधिकारियों के दिशा-निर्देश में टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को धनबाद स्टेशन पर किलाबंदी टिकट जाँच के तहत गाड़ी संख्या 63541 (आसनसोल-गोमो मेमू) एवं गाड़ी संख्या 13331 (धनबाद-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस) को लक्षित कर टिकट जाँच किया गया। यह टिकट जाँच अभियान सहायक वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग की उपस्थिति में वाणिज्य निरीक्षकों एवं टिकट चेकिंग कर्मियों द्वारा धनबाद स्टेशन पर चेकिंग की गयी। टिकट चेकिंग अभियान में रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारी भी सम्मिलित थे। टिकट चेकिंग के परिणामस्वरूप 217 यात्रियों को पकड़ा गया, जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 1,06,704 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई। टिकट जांच अभियान के दौरान स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटर पर यात्रियों की काफी भीड़ देखी गई। इसी क्रम में प्रधान खांटा स्टेशन पर दिनांक 03.05.26 की तुलना में आज दिनांक 04.05.26 को गाड़ी संख्या 63541 (आसनसोल-गोमो मेमू) में विंडो टिकट बिक्री 76 से बढ़कर 370 हो गई, जो लगभग 386.84% की वृद्धि को दर्शाती है। इसी प्रकार धनबाद स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13331 (धनबाद-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस) में विंडो टिकट बिक्री 280 से बढ़कर 350 हो गई, जो 25% की वृद्धि को प्रदर्शित करती है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे हमेशा वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें, ताकि असुविधा एवं दंड से बचा जा सके।

## नवजात की मौत पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघमारा में हंगामा

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**कतरास (धनबाद)ः** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघमारा में नवजात की मौत को लेकर सोमवार को जमकर हंगामा हुआ। परिजन स्वास्थ्य केंद्र में ऑक्सीजन की कमी के कारण शिशु की मौत का आरोप लगा रहे थे। अस्पताल प्रबंधन का कहना था कि मृत्यु ऑक्सीजन की कमी से नहीं बल्की ब्लाकेज की वजह से हुई है। हंगामे की सूचना पाकर बाघमारा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार को समझा बुझाकर माहौल शांत किया।

खोनाठी निवासी ठाकुर महतो ने बताया की रविवार सुबह लगभग दस बजे वह अपनी पत्नी सरस्वती देवी को डिलीवरी कराने के लिए स्वास्थ्य केंद्र बाघमारा में भर्ती कराया। चिकित्सक ने जांच कर कहा की जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ्य है। सोमवार की सुबह नॉर्मल डिलीवरी भी हो गई। चिकित्सक ने कहा की बच्चे को ऑक्सीजन की जरूरत है। चिकित्सक सहित अन्य लोग ऑक्सीजन के लिए इधर-उधर भाग दौड करने लगे, लेकिन अस्पताल में ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं था। कुछ देर बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। भाड़े के वाहन से दूसरे अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही बच्चा की मौत हो गई।

ठाकुर महतो ने पुलिस को बताया की अस्पताल की सीसीटीवी चेक कर लीजिए। जब हमलोग बच्ची को दूसरे अस्पताल ले जाने के लिए निकल रहे थे तो चिकित्सक ने अपने बचाव के लिए टोटो वाहन से ऑक्सीजन सिलेंडर मंगाकर रख दिए।

स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी श्रीनाथ ने कहा की ऑक्सीजन की कमी नही है। बच्ची की मौत ब्लाकेज से हुई है। इसमें चिकित्सकों की लापरवाही नहीं है।

स्त्री रोग विशेषज्ञ डाक्टर रोजी ने बताया की डिलीवरी एकदम नॉर्मल रूप से हुई है। जन्म के बाद से ही बच्ची रो नहीं रही थी।

## रेल यात्रियों का सामान चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में गठित आरपीएफ पोस्ट और सीआईबी की संयुक्त टीम ने धनबाद रेलवे स्टेशन से रेल यात्रियों का सामान चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, आरपीएफ को सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध व्यक्ति, जिनमें से एक ने सफेद और दूसरे ने काले रंग की शर्ट पहनी है, यात्रियों के मोबाइल फोन और अन्य सामान चोरी कर उन्हें बेचने की फिराक में स्टेशन पर घूम रहे हैं। इस सूचना के आधार पर सीसीटीवी सर्विलांस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए प्लेटफार्म संख्या एक के कालका छोर पर संदिग्ध अवस्था में बैठे दोनों व्यक्तियों की पहचान की। इसके बाद टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया।

तलाशी के दौरान उनके पास से चार स्मार्टफोन और 1,200 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने तीन और चार मई की मध्य रात्रि में टिकट काउंटर के पास मोबाइल चार्ज कर रहे दो यात्रियों के फोन चोरी किए थे। शेष दो मोबाइल भी पहले चोरी किए गए थे, जिनका उपयोग वे स्वयं कर रहे थे। बरामद सामानों में एक सैमसंग, एक वीवो, एक ओप्पो और एक पोको स्मार्टफोन शामिल है, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब 81,200 रुपये है। साथ ही उनके पास से आधार कार्ड और एक पैन कार्ड भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान झरिया के इन्द्रानगर निवासी मो. अरबाज और ऊपर राजवारी रोड निवासी मिथुन कुमार कुशवाहा के रूप में हुई है। यात्रियों की पहचान राजू (भागलपुर) और सोनू कुमार (गिरिडीह) के रूप में की गई है, जिनके मोबाइल चोरी हुए थे। मामले में उप-निरीक्षक आभाष चन्द्र सिंह के लिखित बयान पर जीआरपी धनबाद में कांड संख्या 102/26, दिनांक 04/05/26, धारा 317(5) एवं 3(5) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। मामले की जांच जीआरपी के अवर निरीक्षक तरणी महतो कर रहे हैं। अभियुक्तों ने अपने ऊपर किसी पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड से इनकार किया है।

## कतरास में महिला बीसीसीएल कर्मी से 49 हजार की छिनतई



राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन

**कतरास (धनबाद)ः** कतरास थाना क्षेत्र के छाताबाद पुल-मलकेरा सड़क मार्ग पर बाइक सवार अपराधियों ने सोमवार को महिला बीसीसीएल कर्मी कलुआ कामीन (ईस्ट कतरास) से 49 हजार रुपये झपटकर चलते बने। दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है। महिला कर्मी भारतीय स्टेट बैंक की कतरास शाखा से रकम निकालकर बीसीसीएल के रीजनल स्टोर स्थित कार्यस्थल जा रही थी। छाताबाद पुल से मलकेरा जाने वाली रास्ते की ओर वह मुड़ी ही थी कि पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार अपराधियों ने झपट्टा मारकर महिला के हाथ से रुपयों से भरा झोला छीनकर भाग निकला। भुक्तभोगी ने थाना में फरियाद की है। पुलिस जांच में जुट गई है।

लूट की यह पूरी वारदात वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में अपराधी घटना को अंजाम देकर भागते हुए साफ नजर आ रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## स्कूलों में वाहन जाँच का दिखा असर

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के नेतृत्व में मोटरयान निरीक्षक धनबाद हरीश कुमार द्वारा धनबाद पब्लिक स्कूल मेन ब्रांच में 21 स्कूली बसों की जांच की गई।

इसमें सारे वाहनों के कागजात सही पाए गए। जबकि चार वाहनों में प्रेशर हॉर्न पाया गया। उक्त वाहनों को मोटरवाहन अधिनियम के अनुसार जुर्माना किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में निरंतर स्कूली वाहनों की जांच की जा रही है। जिसका असर स्कूल प्रबंधन पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। आज 21 स्कूली वाहनों की जांच में सभी वाहनों के कागजात सही मिले तथा सभी वाहनों में सीसीटीवी कैमरा भी लगे हुए मिले।

मौके पर जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड सेफ़्टी इंजीनियर अमरेश कुमार, स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।

## उपायुक्त व एसएसपी ने सदर अस्पताल के नवनिर्मित रजिस्ट्रेशन परिसर का किया उद्घाटन

» सीनियर सिटीजन व दिव्यांग के लिए विशेष काउंटर

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** उपायुक्त आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सोमवार संध्या सदर अस्पताल में नवनिर्मित रजिस्ट्रेशन परिसर का फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।

उद्घाटन करने के बाद उपायुक्त तथा वरीय पुलिस अधीक्षक ने काउंटर में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी हासिल की। नए परिसर में महिला, पुरुष के अलावा सीनियर सिटीजन एवं दव्यांग के लिए विशेष काउंटर बनाए गए हैं।

वहीं मीडिया से बात करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सदर अस्पताल का निरंतर अपग्रेडेशन हो रहा है। मरीजों को एक्स-रे के अलावा अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलेगी। परिसर में आईसीयू बनाया जाएगा। मरीज के साथ आने वाले परिजनों के लिए सीटिंग एरिया, विशाल पार्किंग, एंबुलेंस की सरलता से आवाजाही के लिए प्रवेश के पहले बैरिकेडिंग कर वाहनों के प्रवेश

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कायाकल्प असेसमेंट के तहत सदर अस्पताल की सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा। इससे मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलेगा। सदर अस्पताल कॉलेज को पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर विकसित किया जाएगा। वर्तमान में अस्पताल 100 बेड पर संचालित हो रहा है, जिसे बढ़ाकर 400 से अधिक बेड का किया जाएगा। इसके लिए अतिरिक्त भवन का निर्माण सदर अस्पताल परिसर में किया जाएगा।

इसके बाद उन्होंने मेडिकल रिकॉर्ड रूम, एक्स-रे रूम, अल्ट्रासाउंड रूम, मुख्य बिल्डिंग में बन रहे नए फ्लोर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, सिविल सर्जन डॉ.आलोक विश्वकर्मा, उपाधीक्षक डॉ.संजीव कुमार प्रसाद के अलावा अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159



# चांडिल में गूंजा जीत का बिगुल, भाजपाइयों का जोश चरम पर

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**चांडिलः** पश्चिम बंगाल और आसाम में भारतीय जनता पार्टी को मिले ऐतिहासिक जनादेश की गूंज अब झारखंड के चांडिल में भी पूरे जोश और उत्साह के साथ सुनाई दी। सोमवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चांडिल की सड़कों पर भाजपाइयों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जब सैकड़ों कार्यकर्ता विजय जुलूस में शामिल होकर जीत का जश्न मनाने निकल पड़े।

सरायकेला-खरसावां जिला मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में निकला यह भव्य विजय जुलूस थाना के समीप स्थित भाजपा कार्यालय से प्रारंभ हुआ। जुलूस में ढोल-नगाड़ों की थाप, गाजे-बाजे की धुन और आतिशबाजी के साथ कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर नजर आया। जैसे-जैसे जुलूस आगे बढ़ता गया,



वैसे-वैसे लोगों की भीड़ बढ़ती गई और पूरा माहौल भगवामय रंग में रंग गया।

जुलूस भाजपा कार्यालय से निकलकर मुख्य मार्ग होते हुए चौक बाजार तक पहुंचा। पूरे रास्ते कार्यकर्ताओं ने "जय श्री राम", "वंदे मातरम" और "भारत माता की जय" के गगनभेदी नारों से वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने भी जुलूस का स्वागत किया और इस जीत की खुशी में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर लोगों के बीच लड्डू और झालमुड़ी के पैकेट वितरित कर खुशी का इजहार किया। युवा कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था—हाथों में झंडे, चेहरे पर मुस्कान और दिल में जीत का गर्व साफ झलक रहा था। पूरे जुलूस के दौरान अनुशासन और संगठन की ताकत भी देखने को मिली।

इस मौके पर जिला मंत्री पप्पू वर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने ऐतिहासिक जनादेश देकर बदलाव की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि यह जीत लोकतंत्र की जीत है और जनता के विश्वास का प्रतीक है। साथ ही आसाम में पार्टी की वापसी को लेकर उन्होंने कहा कि यह भाजपा सरकार के विकास कार्यों और जनहितकारी नीतियों का परिणाम है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इसी जोश और एकजुटता के साथ आने वाले समय में झारखंड में भी बड़ी सफलता हासिल की जाएगी। उनके इस बयान से कार्यकर्ताओं में और भी ऊर्जा देखने को मिली।

मौके पर ईचागढ़ पूर्वी मंडल अध्यक्ष शिशिर प्रमाणिक, ईचागढ़ पश्चिम के कामदेव नायक, चांडिल मध्य मंडल अध्यक्ष जगदीश महतो, चौका मंडल अध्यक्ष चामुराम भुइयाँ, कुकडु मंडल अध्यक्ष सुमन मुखर्जी, नीमडीह पश्चिम मंडल अध्यक्ष जयंत रज़क सहित कई वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## सवारी गाड़ी और कार के बीच हुई टक्कर एक की मौत,नौ लोग घायल

**डुमरी :** बगोदर थाना क्षेत्र के एनएच-19 घंघरी के पास सोमवार को सवारी गाड़ी और कार के बीच हुई टक्कर में एक की मौत हो गई जबकि नौ लोग घायल हो गये। कुछ का निजी अस्पताल में किया गया तो कुछ घायल का इलाज रेफरल अस्पताल में किया गया।बताया जाता है कि सवारी वाहन में सवार होकर लोग शादी समारोह में शामिल होने के लिए चौथा से दुगधा जा रहे थे कि उक्त स्थान पर पीछे से एक कार सवारी वैन में जोरदार टक्कर मार दी।घटना में चौथा निवासी प्यारी साव,डेलिया देवी,यशोदा देवी,सावित्री देवी, बसंती देवी,मुनिया देवी,खगिया देवी,दीपक कुमार साव तथा तेलखारा निवासी ललिता देवी एवं प्रमिला देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी।प्यारी साव और दीपक कुमार का इलाज रेफरल अस्पताल में किया गया जहां इलाज के दौरान प्यारी साव की मौत हो गई।जबकि अन्य घायलों का इलाज निजी अस्पताल में किया गया।जानकारी पाकर पुलिस अस्पताल पहुंची और आगे की कार्रवाई में जूट गई।

## हाईकोर्ट के निर्देश पर आज बीटीपीएस प्लांट जांचेंगे फैक्ट्री इंस्पेक्टर

**बोकारो थर्मल :** माननीय रांची उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के आलोक में मंगलवार 5 अप्रैल को बोकारो थर्मल पावर प्लांट (बीटीपीएस) के भीतर एक महत्वपूर्ण निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। फैक्ट्री इंस्पेक्टर की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति प्लांट का दौरा कर वहां की परिचालन और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेगी। इस उच्चस्तरीय निरीक्षण को देखते हुए डीवीसी प्रबंधन पूरी तरह सतर्क हो गया है और प्लांट के भीतर तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। अदालती आदेश के तहत हो रहे इस दौरे को लेकर सोमवार को दिन भर प्लांट परिसर में प्रशासनिक हलचल देखी गई। निरीक्षण की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रबंधन ने प्लांट के सभी विभागीय प्रमुखों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में साफ-सफाई और हाउस-कीपिंग की व्यवस्था को उत्कृष्ट श्रेणी का बनाए रखने को कहा गया है।

## हाइवा ने बाइक सवार टेलर मास्टर को कुचला, गंभीर हालत में रेफर

**बोकारो :** कथारा से बोकारो थर्मल जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित खतरनाक घुमावदार मोड़ पर सोमवार की दोपहर एक भीषण सड़क दुर्घटना घटित हुई। एक तेज रफ्तार हाइवा ने पीछे से बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक हाइवा के पहिए के नीचे फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान जारंगडीह 12 नंबर निवासी सह टेलर मास्टर असमत अंसारी (47 वर्ष) के रूप में की गई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार असमत गाड़ी सहित हाइवा के नीचे काफी दूर तक घिसटते चले गए। हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और चालक हाइवा छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने साहस का परिचय देते हुए तत्काल हाइवा के नीचे फंसे घायल असमत को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही कथारा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीसीएल कथारा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉ. एसएन शर्मा ने उनका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन बाएं पैर में गंभीर चोट और नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया गया है।

## दिलीप महतो ने सड़क निर्माण के लिए दी जमीन

**कसमार (बोकारो) :** कसमार प्रखंड के दुर्गापुर पंचायत के कुरको निवासी दिलीप कुमार महतो ने कुरको सड़क से दुर्गापुर तक सड़क निर्माण के लिए अपनी रैयती भूमि देने की घोषणा की है। सोमवार को अखिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने अपनी बकासत भूमि (खाता संख्या 38, प्लॉट संख्या 983) से पूर्व दिशा में 10 फुट चौड़ी व करीब 200 फुट लंबी जमीन देने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर सड़क नहीं होने से खेत-टांड़ के रास्ते आना-जाना पड़ता है, जो बरसात में बाधित हो जाता है। ललमटिया होकर लंबा चक्कर लगाना पड़ता था। जमीन मिलने से अब सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। बैठक में कपिलेश्वर महतो, जगेश्वर महतो, संदीप कुमार महतो, मोहन महतो, प्रदीप महतो, विगन करमाली, गणेश प्रसाद महतो, प्रकाश महतो, पंचम महतो, शांति प्रकाश महतो, सुधीर महतो, सुभाष चंद्र महतो, कंचन देवी, मनोज महतो, फागुराम महतो, नरेश महतो, बैजनाथ महतो, शिबू महतो आदि मौजूद थे।

## किशोरी ने पुल से छलांग लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास, लोगों ने बचाया

**बोकारो :** जिले के बेरमो थाना क्षेत्र के अंतर्गत करगली-चलकरी पुल पर सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब भेडमुक्का ड्राइवर कॉलोनी की एक 16 वर्षीया किशोरी ने अचानक पुल से नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गनीमत रही कि उस समय आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाई, जिससे किशोरी की जान समय रहते बचाई जा सकी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किशोरी को पुल से नदी में गिरते देख स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और अदम्य साहस का परिचय देते हुए उसे सुरक्षित बाहर निकाला। नदी से बाहर निकालने के बाद किशोरी को तत्काल इलाज के लिए केंद्रीय अस्पताल ढोरी पहुँचाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन स्थिति को नाजुक देखते हुए उसे बेहतर चिकित्सा हेतु बोकारो रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि अधिक ऊंचाई से गिरने के कारण किशोरी के शरीर के निचले हिस्से में काफी चोट आई है और उसके रीढ़ के निचले हिस्से यानी पेल्विक क्षेत्र में फ्रैक्चर हुआ है। फिलहाल उसकी स्थिति पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम नजर बनाए हुए है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इतनी कम उम्र की किशोरी ने इतना आत्मघाती कदम क्यों उठाया। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। इस घटना के बाद से भेडमुक्का ड्राइवर कॉलोनी में चिंता का माहौल है और लोग किशोरी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

# चैंबर की वार्षिक आम सभा संपन्न, व्यापारिक मुद्दों पर रखी गई मजबूत पहल



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंज :** ईस्टर्न झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की वार्षिक आम सभा आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता राजेश अग्रवाल ने की। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने चैंबर के पिछले कार्यों और भविष्य की योजनाओं को विस्तार से रखा।

उन्होंने बताया कि चैंबर के प्रयास से रेलवे कनेक्टिविटी में सुधार हुआ, अवैध वसूली पर रोक लगी, बिजली और नगर सुविधाओं में सुधार कराया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था, साइबर अपराध और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पर लगातार दबाव बनाया गया।

चैंबर ने उद्योग, एमएसएमई और युवाओं के रोजगार के लिए भी कई पहल की है। आगामी लक्ष्यों में वॉशिंग पिट शुरू कराना, नई ट्रेनों की शुरुआत, साइबर हेल्पडेस्क बनाना और साहिबगंज को लॉजिस्टिक हब घोषित कराना शामिल है।

अध्यक्ष ने कहा कि चैंबर हर परिस्थिति में व्यापारियों के साथ खड़ा है और आगे भी उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

# दुर्गा टोला पंचायत की मुखिया केसी पहाड़िन ने आवास प्रभारी पर लगाया गाली गलौज का आरोप।

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंज :** जिला के बोरियो प्रखंड के दुर्गा टोला पंचायत के चंपा पहाड़ गांव में पीएम जनमन आवास निर्माण में काफी देर किए जाने के कारण आवास प्रभारी से जब दुर्गा टोला पंचायत के मुखिया ने जवाब मांगा, तो आवास प्रभारी द्वारा उनके साथ गाली गलौज किया गया, तथा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया।

मुखिया ने बताया कि चंपा पहाड़ गांव में 13-14 पीएम जनमन आवास योजना का निर्माण कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा है, जिस कारण ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आवास प्रभारी द्वारा मिट्टी के घरों को भी तोड़वा दिया गया है, जिस कारण अब कई परिवारों के सिर पर छत तक नहीं है, ऊपर से



पीएम जनमन आवास निर्माण का कार्य काफी धीमी है। ग्रामीणों ने जब इसकी शिकायत दुर्गा टोला पंचायत के मुखिया से किया तो मुखिया ने आवास प्रभारी रूपेश चौधरी से जवाब मांगा। मुखिया को जवाब देने के बजाय आवास प्रभारी रूपेश चौधरी ने मुखिया को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज किया।

मुखिया ने बताया कि जल्द ही जिला उपायुक्त साहिबगंज के कार्यालय में जाकर लिखित शिकायत दर्ज कराएंगे और कारवाई की मांग करेंगे। साथ ही मीडिया के माध्यम से चम्पा पहाड़ में पीएम जनमन आवास निर्माण कार्य को तेजी से कराने का गुहार प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा डीडीसी महोदय से किया है।

# भक्ति में डूबा कृष्ण जन्मोत्सव, कथा पंडाल में गूंजे 'नंद के घर आनंद भयो' के जयकारे

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**दुमका :** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत महुबना पंचायत के ठाड़ी गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जहां पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर नजर आया। कथा व्यास गौरव कृष्ण जी महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी में कृष्ण जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि सच्चे मन से भगवान की शरण में जाकर भागवत कथा का श्रवण करने वाला भक्त जीवन के सभी बंधनों से मुक्त होकर सद्गति प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि द्वापर युग में मथुरा के राजा उग्रसेन की पुत्री देवकी और वासुदेव के घर भाद्रपद कृष्ण अष्टमी की मध्यरात्रि में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, जिसका उद्देश्य अधर्म का नाश और धर्म की स्थापना था।

कथा के दौरान जैसे ही जन्म प्रसंग आया, पूरा पंडाल 'नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति भाव में झूमते नजर आए। महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर जन्मोत्सव की खुशी मनाई, वहीं आकर्षक झांकियों ने आयोजन स्थल को नंदालय जैसा रूप दे दिया। कथा व्यास ने कहा कि कृष्ण जन्मोत्सव पर भक्ति भाव से




नृत्य-गान करने वाले भक्तों को 84 लाख योनियों के बंधन से मुक्ति मिलती है। कार्यक्रम के अंत में मंगल आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और आयोजन समिति के साथ पूरे ग्रामवासियों का सक्रिय सहयोग देखने को मिला।

# फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के तत्वावधान जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं की बैठक आहूत

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**दुमकाः** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को शिकारीपाड़ा बाजार स्थित जनवितरण प्रणाली विक्रेता के आवास पर प्रखंड अध्यक्ष संजय मल्लिक की अध्यक्षता में जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष सुनील कुमार झा,महासचिव बजरंग अग्रवाल उपाध्यक्ष तोबियस मुर्मू एस एच जी ग्रुप की अध्यक्षा मेरी मुर्मू सहित प्रखंड भर के जनवितरण प्रणाली विक्रेता मौजूद थे। बैठक के दौरान सभी अतिथियों का फूल माला देकर स्वागत किया गया बैठक की कार्रवाई आरंभ करते हुए जिला अध्यक्ष ने बारी बारी से सभी विक्रेताओं की समस्याओं की जानकारी ली। विक्रेताओं द्वारा बताया गया कि विगत 8 महीने के साथ साथ कोरोना काल के दौरान वितरण किए गए खाद्यान्न का कमीशन नहीं मिलने के कारण विक्रेताओं की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है। साथ ही गोदाम से झारखंड सरकार द्वारा मिलने वाले दाल, चीनी, नमक कपड़ा आदि सामग्री की डीएसडी विलंब से होने के कारण सभी सामग्री एक साथ वितरण करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता



है। स्थानीय प्रशासन के द्वारा अनावश्यक वितरण प्रतिशत बढ़ाने के लिए विक्रेताओं पर दवाब बनाया जाता है साथ ही विक्रेताओं ने गोदाम से खराब अनाज की आपूर्ति करने की शिकायत भी जिला कमिटी से की गई। जिला अध्यक्ष सुनील कुमार झा ने विक्रेताओं की समस्याओं को जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मिल कर समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने पीडीएस को स्मार्ट बना दिया है मगर डीलर गरीबी की मार झेल रहे है। 18 मई को हजारीबाग में आल इंडिया डीलर फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाली फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के महा सम्मेलन में सभी विक्रेताओं को शामिल होने का आमंत्रण देते हुए कहा कि 18 मई को होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक में दुमका जिले के सभी प्रखंडों के विक्रेता शामिल होंगे। बैठक में काफी निर्णायक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान शिकारीपाड़ा प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली विक्रेता के साथ साथ स्वयं सहायता समूहों की सदस्य मौजूद थे।

# पश्चिम बंगाल,असम और पुडुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर डुमरी भाजपाईयों में खुशी



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**डुमरीः** पश्चिम बंगाल,असम और पुडुचेरी में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर क्षेत्र के भाजपाईयों ने खुशी व्यक्त की है।साथ ही इसे हिन्दू सनातन संस्कृति की जीत बताया है।वरीय भाजपा नेता प्रशांत जायसवाल ने कहा कि असम में जहां भाजपा जीत की हैट्रिक लगाई है तो पश्चिम बंगाल में पहली बार प्रचंड जीत दर्ज कर भाजपा संस्थापक डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी

को अर्पित किया है।वहीं पुडुचेरी में भी जीत दर्ज कर

विरोधियों को करारा जवाब दिया है।कहा कि बंगाल में जिस तरह हिन्दूओं और सनातन संस्कृति को कुचलने का कार्य किया जा रहा था उससे आतातायी टीएमसी का सत्ता से जाना तय था।कहा कि जिस तरह से टीएमसी ने सोनार बांग्ला की संस्कृति को बर्बाद कर दिया था उससे बंगाल के सनातनियों में उबाल था।जीत पर खुशी व्यक्त करने वालों में भाजपा नेता जिवाधन महतो,कृष्णकांत शर्मा,पिन्टू कुमार,सुरेन्द्र कुमार,निर्मल जायसवाल,बजल हेम्ब्रम,शिवकुमार सिन्हा,पप्पू अग्रवाल,संजय अग्रवाल,दीपक श्रीवास्तव आदि शामिल हैं।भाजपाईयों ने पटाखे फोड़ एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर तीन राज्यों में जीत की बधाई दी।

# हम भारतीय हैं ना कि इंडियन, भारतीयता ही एक संपूर्ण संस्कार हैः वसुनंदी जी महाराज

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**डुमरीः**पीएनडी जैन उच्च विद्यालय परिसर में सोमवार को जैन मुनि वसुनंदी जी महाराज के प्रवचन का आयोजन किया गया।प्रधानाध्यापक सुनील कुमार जैन एवं जैन मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनिल जैन ने विद्यालय परिसर में मुनि महाराज की चरण-वंदना की।बताया जाता है कि जैन मुनि क्षेत्र के वरीय अधिवक्ता अशोक कुमार जैन की आग्रह पर जैन मुनि महाराज जी विद्यालय परिसर में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन देने के लिए पधारे थे।मुनि महाराज वसुनंदी जी के साथ 25 पिच्छीधारी मुनि एवं आर्यिका माताऐं भी थीं।विद्यालय की अंशिका



कुमारी एवं साईका ने नमोकार मंत्र वाले प्रार्थना से कार्यक्रम की शुरूआत की।आर्यिका वर्धश्वनी माता जी ने मंगलाचरण के साथ अपने संबोधन का प्रारंभ किया।अपनी मधुर और संयमित वाणी से आर्यिका माता जी ने बच्चों को संस्कार और शिक्षा की घूंट पिलायी।कहा विद्यालय एक ऐसी फैक्ट्री हैं जहाँ सम्पूर्ण मानव तैयार किऐ जाते हैं।शिक्षक संजीव कुमार जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया।मुनि वसुनंदी जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा हमें इंडिया के स्थान पर भारत शब्द का प्रयोग करना चाहिए।भारत हमारे पुरानी सनातन परंपरा की समृति है।मुनि महाराज ने कहा शिक्षक एक बडी पदवी है,शिक्षक शिष्ट, क्षमाशील,कर्त्तव्यनिष्ठ होते हैं।लोगों को अपने कर्तव्य करते रहने चाहिए,देश और समाज के लिए भी समर्पित रहना चाहिए।शुद्ध शाकाहारी भोजन और उत्तम संस्कार का आचरण करना चाहिए।मुनि महाराज ने विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपनी स्व-लिखित पुस्तक भेंट की और उज्जवल भविष्य की कामना की।प्रधानाध्यापक सुनील कुमार जैन ने जैन मुनि महाराज को विद्यालय की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत कराया।कार्यक्रम में जैन समाज के प्रदीप जैन,नीता जैन,अनिता जैन, अशोक जैन,रश्मि जैन, संगीता जैन,डा श्याम कुमार सिंह,देवेश कुमार देव,रजत जैन,रुपलाल प्रसाद मंडल,सुब्रत कुमार सामंत,वैभव रानी,संजीव जैन,नेमचंद जैन,अशोक कुमार,राजेश कुमार,महेश कुमार, जितेन्द्र प्रसाद,मनोरमा कुमारी मृणमयी आदि सहित जैन उच्च और मध्य विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं,स्कूली बच्चे तथा जैन समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# श्मशान घाट पर स्वास्थ्य केंद्र निर्माण को लेकर ग्रामीणों का विरोध, काम रुका

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**सरायकेला-खरसावां :** जिले के चांडिल प्रखंड अंतर्गत कदमडीह गांव में श्मशान घाट की जमीन पर प्रस्तावित उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। जैसे ही निर्माण कार्य शुरू होने की जानकारी ग्रामीणों को मिली, वे मौके पर पहुंचकर विरोध में उतर आए और कार्य तत्काल रोकने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि उक्त स्थल का उपयोग दशकों से अंतिम संस्कार के लिए होता आ रहा है और यह उनकी आस्था व परंपरा से जुड़ा पवित्र स्थान है, जहां कई पीढ़ियों से संस्कार होते आए हैं। ऐसे स्थान पर किसी अन्य निर्माण



को वे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेंगे। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि इस योजना की जानकारी पहले न तो सार्वजनिक की गई और न ही ग्रामसभा में इस पर चर्चा हुई, जिससे नाराजगी और बढ़ गई।

विरोध के दौरान स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा कालिंदी ने भी ग्रामीणों का समर्थन करते हुए कहा कि श्मशान घाट की जमीन पर निर्माण करना भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। ग्रामीणों ने यह सवाल भी उठाया कि जब आसपास पर्याप्त सरकारी जमीन उपलब्ध है, तो निर्माण के लिए इसी स्थल का चयन क्यों किया गया। उनका सुझाव है कि स्वास्थ्य केंद्र के लिए वैकल्पिक जमीन का चयन किया जाए।

मामले को लेकर ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को लिखित शिकायत दी, जिसके बाद प्रशासन ने फिलहाल निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों के पक्ष में खड़े होकर प्रशासन से वैकल्पिक स्थल पर निर्माण कराने की मांग की है। हालांकि, अंचल अधिकारी का कहना है कि प्रस्तावित स्वास्थ्य केंद्र सरकारी जमीन पर ही नियमानुसार बनाया जा रहा है और निर्धारित स्थल पर ही कार्य पूरा किया जाएगा। इसके बावजूद ग्रामीणों का विरोध जारी है और उन्होंने साफ चेतावनी दी है कि श्मशान घाट की जमीन पर निर्माण किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे। अब इस मामले में प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सहमति कैसे बनती है, इस पर सबकी नजर टिकी है।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159



# अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक ऐसा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है।

कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है।

प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम् पर ऊध्व र लगे, ऐसा प्रयत्न करना है। तब साधना सफल हो जाती है।

# दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरणों की क्वालिटी में लापरवाही अब भारी पड़ेगी

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर भारत आज एक ऐसे जनसांख्यिकीय संक्रमण (डेमोग्राफ़िक्ट्रांसिशन) के दौर से गुजर रहा है, जहाँ एक ओर युवा आबादी उसकी आर्थिक शक्ति का आधार बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की संख्या में तेजी से वृद्धि एक नईसामाजिक आर्थिक और नीतिगत चुनौती के रूप में उभर रही है।चिकित्सा विज्ञान की प्रगति,जीवन प्रत्याशा में वृद्धि, और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के कारण लोगों की औसत आयु बढ़ी है,जिससे वृद्धजन आबादी काअनुपात लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही,सड़क दुर्घटनाओं औद्योगिक हादसों,जन्मजात विकृतियों तथा विभिन्न रोगों के कारण दिव्यांगजनों की संख्या भी उल्लेखनीय रूप से सामने आ रही है। ऐसे परिदृश्य में किसी भी आधुनिक और संवेदनशील राष्ट्र की जिम्मेदारी केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं रहती,बल्कि वह अपने समाज के सबसे कमजोर, निर्भर और विशेष आवश्यकता वाले वर्गों के लिए भी समावेशी (इंक्लूसिव ) और सुलभ (एक्सेसिबल) व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाता है।भारत सरकार ने इसी सोच के तहत विकलांग शब्द को बदलकर दिव्यांग शब्द को अपनाया है, जो केवल भाषाई परिवर्तन नहीं बल्कि एक मानसिकता परिवर्तन का संकेत है। यह बदलाव इस विचार को दर्शाता है कि दिव्यांगजन किसी कमी के प्रतीक नहीं,बल्कि विशेष क्षमताओं वाले व्यक्ति हैं जिन्हें उचित संसाधन,अवसर और अनुकूल वातावरण प्रदान किया जाए तो वे समाज में समान रूप से योगदान दे सकते हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि इसी व्यापक दृष्टिकोण का विस्तार 1 मई 2026 को तब देखने को मिला जब भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस ) ने बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरणों,विशेषकर वॉकिंग स्टिक्स, बैसाखियों, व्हीलचेयर रैंप और ब्रेल साइनेज के लिए नए गुणवत्ता मानक जारी किए। यह पहल न केवल भारत के भीतर जीवन की गुणवत्ता सुधारने का प्रयास है, बल्कि इसे वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।इन नए मानकों का आधार भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर ) द्वारा राष्ट्रीय आवश्यक सहायक उत्पाद सूचि (एनएलईएपी) तैयार की गई तैयार की गई है।यह सूची विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ )की उसअवधारणा से प्रेरित है, जिसमें सहायक उपकरणों को स्वास्थ्य सेवा का अनिवार्य हिस्सा माना गया है। एनएलईएपी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिव्यांग और बुजुर्गजन केवल उपकरणों की उपलब्धता तक सीमित न रहें,बल्कि उन्हें सुरक्षित, टिकाऊ उपयोग में आसान और अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के अनुरूप उपकरण प्राप्त हों। इस पहल के तहत तैयार किए गए मानकों में सुरक्षा, एर्गोनॉमिक्स (मानव शरीर के अनुरूप डिजाइन), टिकाऊपन,और उपयोगकर्ता की सुविधा को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

साथियों बात अगर हम सबसे पहले यदि वॉकिंग स्टिक (छड़ी) के मानकों की बात करें तों, तो बीआईएस ने इसके लिए दो प्रमुख मानक निर्धारित किए हैं आईएस 5145: 2026 और IS 18558 (भाग 4):2025 आईएस 5145: 2026 एक व्यापक भारतीय मानक है, जिसमें लकड़ी,बांस, एल्युमिनियम, प्लास्टिक और रबर जैसे विभिन्न सामग्रियों से बनी छड़ियों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसमें छड़ी की लंबाई, वजन, मजबूती पकड़ (ग्रिप),सतह कीफिनिशिंग और उसकी स्थायित्व जैसे पहलुओं को विस्तार से परिभाषित किया गया है। यह सुनिश्चित करता है कि उपयोगकर्ता को संतुलन बनाए रखने में अधिकतम सहायता मिले और गिरने जैसी दुर्घटनाओं की संभावना कम हो।दूसरी ओर, आईएस 18558 (भाग 4): 2025, जो कि आईएसओ 11334-4 के अनुरूप है, विशेष रूप से तीन या अधिक पैरों वाली वॉकिंग स्टिक्स के लिए तैयार किया गया है। यह उन लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जिन्हें अतिरिक्त स्थिरता की आवश्यकता होती है, जैसे कि अत्यधिक बुजुर्ग या गंभीर रूप से दिव्यांग व्यक्ति। इस मानक में हैंडल की डिजाइन रबर टिप की गुणवत्ता,और छड़ी के समग्र प्रदर्शन को लेकर सख्त परीक्षण मानदंड निर्धारित किए गए हैं, ताकि उपयोगकर्ता को सटीक रूप से अधिकतम सुरक्षा मिल सके।

साथियों बात अगर हम इसी प्रकार एल्बो क्रच (कोहनी वाली बैसाखियों) के लिए उपकरण को समझने की करें तो आईएस 18558 (भाग 1): 2025 मानक जारीकिया गया है, जो आईएसओ 11334-1 के अनुरूप है। इसमें बैसाखियों की ऊंचाई समायोजन क्षमता, हैंडग्रिप की गुणवत्ता, और उपयोगकर्ता के शरीर पर पड़ने वाले दबाव को कम करने के उपायों को ध्यान में रखा गया है। यह न केवल उपयोग में आरामदायक बनाता है बल्कि लंबे समय तक उपयोग करने पर भी शरीर पर दुष्प्रभाव को कम करता है।इन तकनीकी मानकों का महत्व केवल उत्पाद की गुणवत्ता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सुलभता के व्यापक दृष्टिकोण से भी जुड़ा हुआ है। उदाहरण के लिए, आईएस 19189: 2025 मानक टैक्टाइल (स्पर्शनीय) गाइड मैप के डिजाइन और उपयोग से संबंधित है। यह दृष्टिबाधित और कम दृष्टि वाले व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थानों—जैसे रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे, पार्क और सरकारी भवन में स्वतंत्र रूप से नेविगेट करने में मदद करता है। इस मानक के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि नक्शों में उपयोग किए गए उभार, टेक्सचर और संकेत इतने स्पष्ट हों कि उन्हें स्पर्श द्वारा आसानी से समझा जा सके।

साथियों बात अगर हम इसी क्रम में आईएस 19190: 2025, जो आईएसओ 17049 के अनुरूप है इसको समझने की करें तो, ब्रेल साइनेज के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करता है। इसमें ब्रेल अक्षरों के आकार,दूरी,सामग्री और उनके स्थान निर्धारण के मानदंड तय किए गए हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दृष्टिबाधित व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक या व्यावसायिक स्थान पर बिना किसी सहायता के आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकें। यह पहल समान अवसर के सिद्धांत को व्यवहारिक रूप में लागू करने का एक बहुत ही सशक्त उदाहरण है।

साथियों बात अगर हम व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं और अन्य गतिशीलता सहायता की आवश्यकता वाले लोगों की जरूरत को समझने की करें तो उनके लिए आईएस19631 : 2026 मानक विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह एक स्वदेशी मानक है, जो पोर्टेबल व्हीलचेयर रैंप के डिजाइन और निर्माण से संबंधित है। यह मानक केवल व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें बुजुर्ग, छोटे बच्चे, स्ट्रोलर या कार्ट उपयोग करने वाले लोग भी शामिल हैं।इस मानक के तहत रैंप की ढलान सतह की पकड़, वजन सहन क्षमता,और पोर्टेबिलिटी जैसे पहलुओं को विस्तार से निर्धारित किया गया है। इसका उद्देश्य घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों को अधिक समावेशी बनाना है।

साथियों इन सभी मानकों के निर्माण में एक बहु- हितधारक दृष्टिकोण अपनाया गया है। बीआईएस की तकनीकी समिति में उद्योग जगत, शिक्षाविदों, सरकारी संस्थानों और सामाजिक संगठनों के विशेषज्ञ शामिल रहे हैं। विशेष रूप से भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जैसे संगठनों की भागीदारी इस प्रक्रिया को और अधिक व्यावहारिक और जमीनी बनाती है, क्योंकि ये संगठन सीधे तौर पर दिव्यांगजनों के साथ काम करते हैं और उनकी वास्तविक आवश्यकताओं को सटीक रूप से समझते हैं।यह पहल सुगम्य भारत अभियान को भी नई मजबूती प्रदान करती है, जिसका उद्देश्य देशभर में सार्वजनिक स्थानों, परिवहन प्रणालियों और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी को दिव्यांगजनों के लिए सुलभ बनाना है। पिछले कुछ वर्षों में इस अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों, सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में कई सुधार किए गए हैं, लेकिन अब इन नए मानकों के लागू होने से सुलभता का स्तर और अधिक उन्नत हो सकेगा।




धन बर्बाद करके आप निर्धन होते है लेकिन समय बर्बाद करके आप अपना जीवन नष्ट करते है।
- अज्ञात

जब आप दो बुराइयों में से छोटी बुराई को चुनते है, तो याद रखें कि वह अभी एक बुराई ही है। - मैक्स लर्नर




शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमे तिथि, चौथ, मंगलवार, ज्येष्ठा नक्षत्रे, शिव योगे, वलकरणे, धनु की चंद्रमा, श्री गणेश चौथ व्रत, चंद्रमा उदय रात्रि 10/36 पर, रोग विमुक्ता, स्नान मुर्हूत, क्रय विक्रय मुर्हूत तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल**

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल तथा स्वाभिमानी, उद्यमी, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, उत्तम शासक-प्रशासक, धर्म धुरंधर, धीरजवान, समाज के उत्प्रेरक, उत्तम सोना-चांदी तथा चूने का उत्तम व्यापारी, दूध डेरी खोलने वाला होगा।

मेष राशि :- कुटुम्ब में तनाव, क्लेश व अशांति, व्यर्थ धन का व्यय तथा प्रतिष्ठा हानि होगी।

वृष राशि :- इष्ट मित्र से सुख, अधिकारियों से मेल-मिलाप तथा लाभप्रद बना ही रहेगा।

मिथुन राशि :- व्यर्थ व्यय, व्यवस्था अनुकूल हो, सफलता के साधन जुटायें, कार्य अवश्य ही बनेंगे।

कर्क राशि :- मनोवृत्ति उदार बनाए रखें, तनाव-क्लेश व हानि संभावित बनी ही रहेगी, ध्यान दें।

सिंह राशि :- समय नष्ट न होवे, व्यवसाय गति मंद, असमंजस की स्थिति से बचकर चलें।

कन्या राशि :- आर्थिक योजना सफल हो, व्यवसायिक क्षमता अवश्य अनुकूल, बेचैनी होगी, ध्यान दें।

तुला राशि :- धन का व्यय, परिश्रम से हानि, मानसिक उद्विघ्नता से बचें, ध्यान दें।

वृश्चिक राशि :- स्त्री कार्य से क्लेश व हानि, विघटनकारी तत्व परेशान कर सकते हैं।

धनु राशि :- कुटुम्ब की समस्या सुलझे, धन का व्यय होगा, व्यर्थ भ्रमण अवश्य होगा।

मकर राशि :- अर्थ-व्यवस्था छिन्न-भिन्न रहेगी, छोटे कार्य व्यय, व्यवसायिक गति पर ध्यान दें।

कुंभ राशि :- दैनिक कार्यगति में सुधार, चिन्ताऐं कम होंगी, सफलता के साधन बनेंगे।

मीन राशि :- मनोबल उत्साह वर्धक रहेगा, कार्यगति में सुधार, सफलता के साधन बनेंगे।

# अमेरिका में महंगाई और बेघर होते लोग

**सनत जैन**

दुनिया की सबसे विकसित अर्थव्यवस्थाओं में गिने जाने वाले अमेरिका में बेघर लोगों की बढ़ती संख्या एक गहरी सामाजिक और आर्थिक विडंबना को उजागर करती है। तकनीकी प्रगति, उच्च आय और वैश्विक प्रभाव के बावजूद, देश का एक बड़ा वर्ग आज भी बुनियादी जरूरतों छत, भोजन और स्वास्थ्य से वंचित है। यह स्थिति केवल गरीबी का नहीं, बल्कि आर्थिक असमानता के बढ़ते अंतर का प्रत्यक्ष प्रमाण है। हाल के वर्षों में बेघर होना (होमलेसनेस) की समस्या तेजी से बढ़ी है। यह राजनीतिक जुमले नहीं हैं, जिसे एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल दिया जाए। बल्कि यू.एस. डिपार्टमेंट ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट के आंकड़े हैं जो बताते हैं, कि लाखों लोग स्थायी आवास से वंचित हैं। इन बेघर इंसानों में बड़ी संख्या कामकाजी वर्ग की भी है। यह तथ्य विशेष रूप से चिंताजनक है कि रोजगार होने के बावजूद लोग घर नहीं ले पा रहे हैं। इसका मुख्य कारण आवास की आसमान छूती कीमतें और स्थिर या सीमित वेतन है। कुल मिलाकर महंगाई की मार अब बड़े स्तर पर भी देखने को मिलने लगी है। लॉस एंजिल्स, सैन फ्रांसिस्को और न्यूयॉर्क सिटी जैसे बड़े शहरों में स्थिति सबसे अधिक गंभीर है। यहां सड़कों, पुलों के नीचे, टेंट कॉलोनियों और अस्थायी शिविरों में रहने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इन महानगरों में किराया इतना अधिक हो चुका है कि न्यूनतम वेतन पाने वाला व्यक्ति एक साधारण घर का खर्च भी नहीं उठा सकता। वैश्विक मंदी के इस दौर में बढ़ती महंगाई इस संकट का प्रमुख कारण है, लेकिन इसके पीछे भी कई परस्पर कारण जुड़ते हैं। इनमें स्थिर आय, महंगी स्वास्थ्य सेवाएं, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को भी शामिल किया गया है। इन कारणों ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। कोविड-19 महामारी ने इस समस्या को और गहरा कर दिया, जब लाखों लोग बेरोजगार हो गए और उनकी आर्थिक सुरक्षा कमजोर पड़ गई। हालात को और चुनौतीपूर्ण बनाने में वैश्विक परिस्थितियों की भी भूमिका है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गोरिन्शास ने चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष लंबा खिंचता है, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। तेल की कीमतों में वृद्धि और महंगाई में उछाल से आर्थिक वृद्धि दर घटकर लगभग 2 फीसद तक पहुंच सकती है, जो वैश्विक मंदी का सबसे बड़ा संकेत माना जाता है। ईरान के खिलाफ इजरायल के साथ मिलकर युद्ध शुरु करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने "छोटी और निर्णायक" लड़ाई बताया था, लेकिन वास्तविकता कहीं अधिक जटिल साबित हो रही है। युद्ध, महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता का सीधा असर आम नागरिकों, खासकर कमजोर वर्गों पर पड़ता है।

यह कौन नहीं जानता कि बेघर लोगों का जीवन अत्यंत कठिन और असुरक्षित होता है। उन्हें खुले आसमान के नीचे रहना पड़ता है, जहां सुरक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव होता है। कई लोग अस्थायी आश्रयों पर निर्भर रहते हैं, लेकिन वहां भी सीमित जगह और संसाधनों के कारण सभी को सुविधा नहीं मिल पाती। सरकार और सामाजिक संस्थाएं इस समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस हालात में केवल अस्थायी राहत उपाय पर्याप्त नहीं हैं। सस्ती आवास योजनाएं, रोजगार के बेहतर अवसर, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और मानसिक स्वास्थ्य समर्थन को मजबूत करना आवश्यक है। अमेरिका का यह परिदृश्य एक व्यापक संदेश देता है, केवल आर्थिक विकास किसी समाज की समृद्धि का मापदंड नहीं हो सकता। जब तक विकास के लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से नहीं पहुंचते, तब तक असमानता की खाई गहराती रहेगी। बेघर लोगों की बढ़ती संख्या इस बात का स्पष्ट संकेत है।

# भारत में बढ़ती हृदय रोग महामारी और उससे बचाव के प्रभावी उपाय बदलती जीवनशैली और युवाओं में तेजी से बढ़ता दिल का खतरा

**कांतिलाल मांडोत**

भारत में स्वास्थ्य से जुड़ी हालिया तस्वीर चिंताजनक होती जा रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन के ताजा सर्वे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हृदय रोग अब केवल बुजुर्गों तक सीमित समस्या नहीं रह गया है बल्कि यह तेजी से युवाओं को भी अपनी चपेट में ले रहा है। पिछले सात वर्षों में दिल के मरीजों की संख्या लगभग तीन गुना बढ़ जाना किसी साधारण बदलाव का संकेत नहीं बल्कि एक गंभीर स्वास्थ्य संकट की ओर इशारा करता है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि 15 से 29 वर्ष की आयु के युवा भी अब इस बीमारी से प्रभावित हो रहे हैं जो पहले अपेक्षाकृत सुरक्षित माने जाते थे।

यह बदलाव केवल चिकित्सा आंकड़ों तक सीमित नहीं है बल्कि समाज की बदलती जीवनशैली का सीधा परिणाम है। आज का युवा पहले की तुलना में अधिक तनावग्रस्त है। पढ़ाई का दबाव, करियर की अनिश्चितता, डिजिटल जीवनशैली और शारीरिक गतिविधियों में कमी ने शरीर को कमजोर बना दिया है। इसके साथ ही जंक फूड का बढ़ता चलन, देर रात तक जागना और नींद की कमी भी हृदय रोग के जोखिम को बढ़ा रही है।

शहरी क्षेत्रों में यह समस्या और अधिक गंभीर दिखाई देती है। वहां की तेज रफ्तार जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं दे पाते। लंबे समय तक बैठकर काम करना, व्यायाम की कमी और प्रदूषण भी दिल की बीमारियों को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। पुरुषों में यह समस्या अधिक देखी जा रही है लेकिन महिलाओं में भी बीमार होने की दर अधिक होने के कारण खतरा कम नहीं है।

हृदय रोग का इलाज अन्य बीमारियों की तुलना में काफी महंगा है। शहरों में इसका खर्च इतना अधिक है कि सामान्य परिवार के लिए इसे वहन करना कठिन हो सकता है। हालांकि सरकारी बीमा योजनाओं का विस्तार एक सकारात्मक कदम है लेकिन केवल इलाज पर निर्भर रहना समाधान नहीं हो सकता। असली जरूरत इस बीमारी को रोकने की है।

दिल की बीमारियों के बढ़ने के पीछे सबसे बड़ा कारण जीवनशैली में असंतुलन है। आज के समय में लोग प्राकृतिक जीवन से दूर होते जा रहे हैं। पहले जहां लोग अधिक चलते थे, खेतों में काम करते थे या शारीरिक श्रम करते थे वहीं आज अधिकांश काम मशीनों और कंप्यूटर के जरिए हो रहा है। इससे शरीर की सक्रियता कम हो गई है और मोटापा तेजी से बढ़ रहा है जो हृदय रोग का प्रमुख कारण है।

तनाव भी एक महत्वपूर्ण कारक बन चुका है। मानसिक दबाव सीधे दिल पर असर डालता है। लगातार चिंता में रहने से रक्तचाप बढ़ता है और धीरे धीरे यह स्थिति गंभीर हो जाती है। इसके अलावा धूम्रपान और शराब का सेवन भी दिल के लिए अत्यंत हानिकारक है। युवा वर्ग में इन आदतों का बढ़ता चलन स्थिति को और बिगाड़ रहा है।

इस समस्या से बचने के लिए सबसे जरूरी है जागरूकता और जीवनशैली में सुधार। नियमित व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। रोज कम से कम तीस मिनट तेज चलना, दौड़ना या योग करना दिल को स्वस्थ रखने में बेहद सहायक होता है। योग और प्राणायाम विशेष रूप से तनाव को कम करने में मदद करते हैं और हृदय की कार्यक्षमता को बेहतर बनाते हैं।

खानपान में सुधार भी उतना ही आवश्यक है। तैलीय और जंक फूड से दूरी बनाकर संतुलित आहार लेना चाहिए। फल, हरी सब्जियां, साबुत अनाज और प्रोटीन युक्त भोजन दिल के लिए लाभकारी होते हैं। नमक और चीनी का सेवन सीमित रखना चाहिए क्योंकि ये दोनों ही रक्तचाप और मधुमेह को बढ़ाने में योगदान देते हैं। नींद भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पर्याप्त और अच्छी नींद लेने से शरीर को आराम मिलता है और हृदय स्वस्थ रहता है। लगातार नींद की कमी शरीर को कमजोर बनाती है और कई बीमारियों का कारण बनती है। इसलिए हर व्यक्ति को कम से कम सात से आठ घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए।

नियमित स्वास्थ्य जांच भी अत्यंत जरूरी है। कई बार हृदय रोग के लक्षण शुरुआती अवस्था में स्पष्ट नहीं होते। समय पर जांच कराने से बीमारी का पता जल्दी चल सकता है और इसका इलाज आसान हो जाता है। विशेष रूप से जिन लोगों के परिवार में पहले से हृदय रोग का इतिहास है उन्हें अधिक सावधान रहने की आवश्यकता है।

सरकार और समाज दोनों को मिलकर इस समस्या का समाधान निकालना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए ताकि युवा शुरुआत से ही अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बन सकें। कार्यस्थलों पर भी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए जिससे वे अपने व्यस्त जीवन में भी फिट रह सकें।

डिजिटल युग में तकनीक का सही उपयोग भी मददगार हो सकता है। फिटनेस ऐप्स और स्मार्ट डिवाइस के जरिए लोग अपनी गतिविधियों और स्वास्थ्य पर नजर रख सकते हैं। इससे उन्हें अपने लक्ष्य को हासिल करने में प्रेरणा मिलती है।

हृदय रोग केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है बल्कि यह पूरे समाज को प्रभावित करता है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह आने वाले वर्षों में और गंभीर रूप ले सकता है। इसलिए जरूरी है कि हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे।

यह कहा जा सकता है कि दिल की बीमारी से बचाव संभव है बशर्ते हम अपनी जीवनशैली में सही बदलाव करें। स्वस्थ खानपान, नियमित व्यायाम, तनाव से दूरी और समय पर जांच जैसे छोटे छोटे कदम हमें बड़ी समस्याओं से बचा सकते हैं। यह केवल व्यक्तिगत प्रयास नहीं बल्कि एक सामूहिक जिम्मेदारी है जो पूरे देश को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# देश के श्रम परिदृश्य में महिलाओं की भूमिका

**मुकुंद**

देश का श्रम परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। इसने पुरुष और स्त्री के दायरे को खत्म कर दिया है। आज भारत की महिला श्रम के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। केंद्र सरकार का कहना है कि भारत के श्रम परिदृश्य में पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की भूमिका में महत्वपूर्ण बदलाव और वृद्धि देखी गई है। अब देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक ढांचे को बदलने वाली भी है।महिला श्रम बल भागीदारी दर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। यह दर 2017-18 में 23.3 फीसद थी। 2024-25 में बढ़कर यह 41.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है। ग्रामीण भारत में भी बदलाव और वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में ग्रामीण महिलाओं की भूमिका अग्रणी है। कृषि और पशुपालन के साथ-साथ स्वरोजगार में उनकी सक्रियता बढ़ी है। देश में आज भी कामकाजी महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा कृषि (लगभग 60 प्रतिशत से अधिक) और असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत है।

शहरी क्षेत्रों में महिलाएं आईटी, बैंकिंग, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। महानगरों में नियमित रोजगार के मामले में लैंगिक अंतर काफी कम हुआ है। 'लखपति दीदी' जैसी योजनाओं और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं अब सूक्ष्म उद्यमी बन रही हैं। इससे उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ी है।विडंबना यह है कि कार्यबल में शामिल होने के बावजूद महिलाएं घरेलू काम और बच्चों की देखभाल का असंगत बोझ उठाती हैं। समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में महिलाओं को मिलने वाले वेतन में अभी भी अंतर बना हुआ है। खासकर विशेषकर असंगठित क्षेत्रों में यही स्थिति है।

सरकारी कोशिशों के बावजूद वरिष्ठ प्रबंधन और निर्णय लेने वाले पदों (जैसे बोर्ड मेंबर या सीईओ) पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व अभी भी अपेक्षाकृत कम है। सरकारी पहल और भविष्य की राह सरकार ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'मुद्रा योजना' (जिसमें 70 प्रतिशत ऋण महिलाओं को दिए गए) और मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम जैसे कदमों के जरिए महिलाओं को श्रम शक्ति में बनाए रखने का प्रयास किया गया है। विश्व बैंक के अनुसार, महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से भारत की जीडीपी विकास दर में उल्लेखनीय उछाल आ सकता है।

महत्वपूर्ण यह है कि कुछ वक्त पहले तक देश में महिलाओं के ज्यादातर काम अनदेखे ही रहते थे। उनके कामों का ज्यादातर हिस्सा घरों, पारिवारिक उद्यमों और अनौपचारिक भूमिकाओं तक ही सीमित था। इनका आधिकारिक दस्तावेजों में शायद ही कभी जिक्र होता रहा हो। अब स्थिति बदल रही है और महिलाएं देश के श्रम परिदृश्य को नया रूप दे रही है। देश के कार्यबल में बदलाव की कहानी आंकड़ों में भी साफ तौर पर दिखाई दे रही है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण से पता चलता है कि महिला श्रम बल भागीदारी में तेजी से वृद्धि हुई है, जो 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 40 प्रतिशत हो गई है। खुशी की बात है कि इस बदलाव का नेतृत्व ग्रामीण भारत कर रहा है।

यही नहीं गांवों और छोटे कस्बों की महिलाएं अब पारंपरिक भूमिकाओं से आगे बढ़कर उद्यमिता की ओर अग्रसर हो रही हैं। दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10 करोड़ से अधिक महिला परिवारों को स्वयं सहायता समूहों में संगठित किया गया है। वित्तीय समावेशन के मार्ग के रूप में शुरू हुआ यह प्रयास धीरे-धीरे सूक्ष्म उद्यमों के एक नेटवर्क में तब्दील हो गया है। यहां महिलाएं उत्पादन, प्रबंधन और बिक्री कर रही हैं और अक्सर अपने परिवारों में प्राथमिक आय का स्रोत बन रही हैं।

महिला नेतृत्व वाले उद्यमों को सशक्त बनाने के लिए नए सिरे से शुरू किए गए नीतिगत प्रयासों से इस रफ्तार में और तेजी आई है। लखपति दीदी कार्यक्रम मील का पत्थर साबित हुआ है। यह पहल महिलाओं को अपनी आय को स्थायी रूप से बढ़ाने में सक्षम बनाने पर केंद्रित हैं। इसका मकसद प्रति वर्ष 1 लाख रुपये से अधिक कमाने वाली करोड़ों महिला उद्यमियों का सृजन करना है। ऋण, कौशल और बाजार संपर्कों तक विस्तारित पहुंच के साथ, यह भागीदारी से आय सुरक्षा की ओर एक बदलाव का प्रतीक है, जहां महिलाएं न केवल काम कर रही हैं, बल्कि अधिक मजबूत आजीविका का निर्माण भी कर रही हैं।

यह बदलाव देश के बढ़ती स्टार्टअप व्यवस्था में भी दिखाई देने लगा है। स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत देश विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप हब के रूप में उभरा है। अच्छी बात यह है कि 2.2 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप 23.3 लाख से अधिक रोजगार सृजित कर रहे हैं। इनमें से एक लाख से अधिक स्टार्टअप में कम से कम एक महिला निदेशक हैं। इसके साथ ही स्किल इंडिया मिशन और अन्य सरकारी कौशल विकास कार्यक्रमों जैसी पहलों की मदद से महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उद्योगों से जुड़े कौशल से लैस किया जा रहा है।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो-827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय- गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो-827013. झारखंड। रांची कार्यालय- 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
संपादक: Purnendu 'Pusshpesh'*; प्रबंध संपादक: **राजेश मोहन सहाय**; धनबाद ब्यूरोचीफ: **राजीव रंजन** । बिहार प्रभारी: **संतोष श्रीवास्तव.** Mob: 9288319159; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com *समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ∘ यहाँ प्रकाशित आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159



## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में अवैध संबंध में पत्नी की गला दबाकर हत्या, एनिवर्सरी के 4 दिन पहले घटना

**हाजीपुर**। वैशाली में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। भगवानपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा गांव में एक पति पर अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगा है। मृतका की पहचान लक्ष्मी कुमारी के रूप में हुई है। यह घटना उनकी शादी की पहली सालगिरह से महज चार दिन पहले हुई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। परिजनों का आरोप है कि लक्ष्मी के पति शुभम राज का पड़ोस की एक महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। आरोप है कि जब लक्ष्मी ने इस रिश्ते का विरोध किया, तो शुभम ने उसकी हत्या कर दी। मृतका के भाई दीपक कुमार ने बताया कि उनकी बहन की शादी 8 मई 2025 को शुभम राज से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि शुभम ने केवल सामाजिक दबाव में यह शादी की थी, जबकि उसका झुकाव पहले से ही किसी अन्य महिला की ओर था। दीपक के मुताबिक, कई बार पंचायत के जरिए दोनों के बीच सुलह कराने की कोशिश की गई, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि उन्हें इस घटना की सूचना गांव के एक रिश्तेदार से मिली, जिसके बाद वे तुरंत ससुराल पहुंचे। मामले पर कार्रवाई करते हुए सदर एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि पुलिस को रतनपुरा गांव में एक महिला की संदिग्ध मौत की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि शव घर के कमरे में पलंग पर रखा हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही, एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल से वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। मृतका के परिजनों द्वारा लगाए गए अवैध संबंध के आरोप को भी जांच में शामिल किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।



### 2 क्रिमिनल गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद, गांधी चौक पर ऑटो ड्राइवर से लूटपाट मामले में एक्शन

**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन पर 29 अप्रैल को गांधी चौक के पास एक टेम्पो चालक से मारपीट और लूटपाट का आरोप है। पुलिस ने इनके पास से एक देशी पिस्टल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। इस संबंध में नगर थाना में कांड संख्या 399/26 दर्ज किया गया था। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम का नेतृत्व सदर-1 अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुबोध कुमार ने किया, जिसमें नगर थानाध्यक्ष भी शामिल थे। टीम ने मानवीय खुफिया जानकारी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गहन अनुसंधान किया। इसके बाद, इस घटना में शामिल मयंक कुमार उर्फ मयंक निषाद (पिता दीपक सहनी, निवासी नखास चौक, नगर थाना, वैशाली) और राजू कुमार (पिता रमेश महतो, निवासी बागमल्ली, नगर थाना, वैशाली) को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अपराधियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार राजू कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर गंगाब्रिज थाना में आर्म्स एक्ट (कांड संख्या 48/23) और डकैती (कांड संख्या 35/23) के मामले दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त, राजापाकड़ थाना में भी उस पर आर्म्स एक्ट (कांड संख्या 50/23) का मामला दर्ज है। मयंक कुमार पर नगर थाना में आर्म्स एक्ट (कांड संख्या 776/25), चोरी (कांड संख्या 242/24) और डकैती (कांड संख्या 245/24) के मामले दर्ज हैं।




### रायफल के साथ युवक गिरफ्तार, घर में छिपाकर रखने की सूचना थी, एसटीएफ ने की छापेमारी

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक अपराधी को अवैध देशी रायफल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बीरपुर निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है। उसके पास से एक .303 बोर की देशी रायफल बरामद की गई है। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि पुलिस को 3 मई 2026 को एसटीएफ के माध्यम से गुप्त सूचना मिली थी। सूचना में बताया गया था कि अनिल राय अपने घर में अवैध हथियार छिपाकर रखे हुए है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए वैशाली पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 सुबोध कुमार के नेतृत्व में जुड़ावनपुर थानाध्यक्ष भी इस टीम में शामिल थे। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अनिल कुमार, पिता विश्वनाथ राय, निवासी बीरपुर, थाना जुड़ावनपुर, जिला वैशाली को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक अवैध .303 देशी रायफल बरामद हुई। पूछताछ में अनिल कुमार ने अवैध रायफल के स्रोत के बारे में जानकारी दी है। इस संबंध में जुड़ावनपुर थाना में कांड संख्या 90/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। अनिल कुमार का आपराधिक इतिहास भी है। उसके खिलाफ जुड़ावनपुर थाना कांड संख्या 137/25 पहले से दर्ज है।

### 1 लाख से ज्यादा स्व-गणना, अब घर-घर जा रही सर्वे टीम, जनगणना के लिए हर परिवार से पूछे जा रहे 33 सवाल

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में जनगणना को लेकर अब जमीनी स्तर पर काम तेज हो गया है। 1 मई तक जहां 1,09,797 लोगों ने स्व-गणना (Self Enumeration) पूरी कर ली, वहीं 2 मई से प्रगणकों की टीम घर-घर पहुंचकर सर्वे कर रही है। प्रशासन ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए साफ कर दिया है कि एक भी परिवार या व्यक्ति गणना से छूटना नहीं चाहिए। किस तरह से सर्वे का काम किया जा रहा, ये जानने के लिए हम मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा इलाके में पहुंचे, जहां टीम गणना के काम में जुटी थी। जब हमारी टीम नगर निगम क्षेत्र में पहुंची, तो देखा कि प्रगणक (Enumerator) घर-घर जाकर लोगों से बातचीत कर रहे हैं। हाथ में मोबाइल-टैब लिए ये कर्मचारी हर परिवार से निर्धारित सवाल पूछकर डेटा दर्ज कर रहे हैं। कई जगह लोग खुद जानकारी देने के लिए तैयार मिले, तो कुछ जगह प्रगणकों को विस्तार से समझाना पड़ रहा था कि यह प्रक्रिया क्यों जरूरी है। नगर निगम क्षेत्र में गणना कर रहे टीम सुपरवाइजर रोहित कुमार ने बताया कि हर प्रगणक को उसका क्षेत्र (HLB) आवंटित कर दिया गया है। हर घर से कुल 33 बिंदुओं (प्रश्नों) पर जानकारी ली जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार का कन्फ्यूजन न रहे और एक समान डेटा इकट्ठा हो सके। रोहित कुमार ने स्पष्ट किया कि अभी किसी भी तरह के डॉक्यूमेंट की फिजिकल जांच नहीं की जा रही है। लोगों से अपील की गई है कि वे सही और सटीक जानकारी दें, ताकि डेटा विश्वसनीय हो सके। अक्सर यह सवाल सामने आता है कि अगर घर का मुखिया बाहर हो तो क्या होगा? इस पर टीम ने बताया कि ऐसे मामलों में घर के अन्य सदस्य उनसे संपर्क कर जानकारी देंगे और गणना पूरी की जाएगी। यदि घर के मुखिया की मृत्यु हो चुकी है, तो परिवार के अन्य प्रमुख सदस्य के नाम से गणना की जाएगी और पूरी जानकारी दर्ज की जाएगी। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी प्रगणक घर-घर जाकर सही, सटीक और प्रमाणिक जानकारी जुटाएं और उसे डिजिटल माध्यम में दर्ज करें। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े ही भविष्य की योजनाओं और नीतियों की आधारशिला होते हैं, इसलिए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि कोई भी व्यक्ति या परिवार गणना से वंचित न रह जाए। हर घर तक पहुंचना और सभी 33 प्रश्नों के उत्तर सही तरीके से दर्ज करना अनिवार्य है।

# युवक की गोली मारकर हत्या सिर और सीने में दो गोली लगी

**एजेंसी, पटना**

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र के पैनाल पंचायत स्थित महमदपुर गांव में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घायल युवक को परिजनों ने तुरंत बिहटा के एनएसआईटी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान मुन्ना राय के पुत्र अनिरोध राय के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार के साथ तीन थानों की पुलिस बल मौके पर पहुंची।

जिसके बाद पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि युवक को दो गोलियां लगी थीं, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस फिलहाल हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। इस वारदात के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में भय का माहौल बना हुआ है। परिजनों के अनुसार, मृतक अनिरोध राय अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

**10 दिन पहले छोटे भाई की शादी थी**



गौरतलब है कि 25 अप्रैल को ही उसके छोटे भाई की शादी हुई थी, जिससे परिवार में खुशी का माहौल था। यह खुशी अब मातम में बदल गई है। पुलिस मामले के हर पहलू से जांच कर रही है।

**एसडीपीओ ने कहा- सिर और सीने में गोली लगी है:** SDPO 2 अमरेंद्र कुमार झा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को युवक गोली लगने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। युवक को सिर और सीने में गोली लगी है।

**पुलिस बोली- परिजनों के बयान में विरोधाभ्यास:** SDPO 2 ने आगे बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक के परिजन ने बताया की युवक का एक्सीडेंट हो गया था जिसके बाद उसे NSIT हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। परिजनों के बयान में विरोधाभ्यास है। घटना घर के बाहर घटी है। पुलिस टीम जांच में कर रही है। साथ ही FSL की टीम को बुलाया गया है। परिवार के लोग कुछ भी स्पष्ट नहीं बता रहे हैं।

# पटना- दिन में छाया अंधेरा, गरज-चमक के साथ तेज बारिश



**एजेंसी, पटना**

बिहार के कई जिलों में आंधी के साथ तेज बारिश हो रही। सोमवार को पटना समेत प्रदेश के 16 जिलों में बरसात हुई। पटना में दोपहर में ही अंधेरा छा गया। आंधी चलने से कई चीजें बिखर गईं। वहीं, आंधी से पटना एयरपोर्ट के बाहर टाइल्स टूटकर गिर गए। इसके अलावा नौबतपुर, बिहटा में भी तेज बारिश हो रही है। बारिश के बाद चारों ओर पानी भर गया।

मौसम विभाग ने आज पूरे बिहार में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें 15 जिलों के लिए रेड अलर्ट है, जबकि 19 जिलों के लिए यलो अलर्ट है। कई जिलों में 60KM/H की स्पीड से हवा चल सकती है। आकाशीय बिजली का भी अलर्ट है।

**एयरपोर्ट पर टाइल्स टूटकर गिरे**

**पटना का अधिकतम तापमान 29 डिग्री:** बदलते मौसम के कारण अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। बिहार में फिलहाल अधिकांश जिलों का तापमान 34 से 38 डिग्री के बीच बना हुआ है। फिलहाल पटना का अधिकतम तापमान 29 डिग्री के आसपास है।

# लालू परिवार को राबड़ी आवास खाली करने का अल्टीमेटम

**एजेंसी, पटना**

बिहार की राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि सम्राट सरकार ने लालू परिवार को 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने के लिए 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। 25 नवंबर 2025 को आवास खाली करने को लेकर आदेश जारी किया गया था, लेकिन लालू परिवार की ओर से अब तक बंगला खाली नहीं किया गया है। ऐसे में सरकार ने दोबारा सख्त रुख अपनाते हुए अब 15 दिनों का अल्टीमेटम दिया गया है। 10 सर्कुलर रोड यानी राबड़ी आवास में पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रहते हैं। राबड़ी देवी के अलावा हारे हुए विधायकों को भी नोटिस भेजा गया। सरकारी बंगला खाली करने को कहा गया। भवन निर्माण विभाग के अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। हालांकि, इस मामले में अभी तक सरकार या संबंधित विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। राजनीतिक गलियारों में इस खबर को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



**20 साल बाद राबड़ी आवास खाली करने के आदेश:** 20 साल बाद लालू परिवार को 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास (राबड़ी आवास) खाली करने का नोटिस दिया गया था। बिहार भवन निर्माण विभाग ने 25 नवंबर 2025 को राबड़ी देवी को पहला नोटिस जारी किया था। भवन निर्माण विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि बिहार विधान परिषद के आवासन के लिए पटना केन्द्रीय पुल की आवास संख्या 39 हार्डिंग रोड अलॉट किया गया है।

# फुलवारी शरीफ में विवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुराल वाले बोले- सुसाइड की है

**एजेंसी, पटना**

पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में दहेज के लिए एक विवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है। घटना ईसापुर राय चौक के पास रविवार देर रात की बताई जा रही है। हिरासत में लिए गए लोगों में मोनिका के पति जितेंद्र कुमार (40), ससुर जगदीश यादव, सास कांति देवी और ननद मीना कुमारी शामिल हैं। पुलिस ने मृतक मोनिका कुमारी (33) के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है।



**2017 में हुई थी शादी, दहेज में सोने की चेन की डिमांड :** जानकारी के मुताबिक, मोनिका कुमारी की शादी 19 नवंबर 2017 को फुलवारी शरीफ के राय चौक निवासी जगदीश यादव के पुत्र जितेंद्र कुमार से हुई थी। मोनिका के पिता उमेश प्रसाद यादव, जो पटना के गोलघर शिव मंदिर के निवासी हैं, ने बताया कि शादी के बाद से ही जितेंद्र कुमार सोने की चेन की मांग कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि जितेंद्र कुमार पहले एक निजी नौकरी करते थे, जो छूट गई थी। बाद में 20,000 देने के बाद उन्हें पटना की एक अन्य निजी कंपनी में नौकरी मिली, लेकिन इसके बाद भी वे लगातार सोने की चेन के लिए मोनिका को प्रताड़ित करते रहे।

**हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का आरोप:** उमेश प्रसाद यादव ने बताया कि, रविवार रात जितेंद्र कुमार के बहनोई रतनलाल ने उन्हें सूचना दी कि मोनिका कुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आधी रात को जब वे पटना से फुलवारी शरीफ पहुंचे, तो उन्होंने मोनिका का शव बिस्तर पर पड़ा देखा। उमेश प्रसाद ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों ने मोनिका कुमारी की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की है।

**♦ पिता ने लगाया दहेज हत्या का आरोप, पति समेत चार हिरासत में**


**पति समेत चार लोगों को हिरासत में लिया:** परिजनों ने फुलवारी शरीफ थाने में इस संबंध में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने उनके आवेदन के आधार पर पति जितेंद्र कुमार, ससुर जगदीश यादव, सास कांति देवी और ननद मीना कुमारी को हिरासत में लिया है।

# बिहार स्टेट ओपन ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप आज से शुरू, 5 गेम के लिए 2182 खिलाड़ी मैदान में

**एजेंसी, पटना**

आज से बिहार स्टेट ओपन ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की शुरुआत हो गई है। यह ई-स्पोर्ट्स का तीसरा संस्करण है, जिसका पूल प्राइज 5.75 लाख रुपए रखा गया है। इस ई-स्पोर्ट्स में पांच तरह के गेम में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिसमें Chess.com, ई-फुटबॉल, EA FC- 26, BGMI और स्ट्रीट फाइटर- 6 जैसे गेम शामिल हैं। आज सभी खिलाड़ी ऑनलाइन ही गेम में भाग लेंगे। वहीं, 16 मई को पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के इंडोर स्टेडियम में ग्रैंड फिनाले का आयोजित किया जाएगा।

**प्रतिभागियों की आयु सीमा निर्धारित:** इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु सीमा निर्धारित की गई है। इसमें Chess.com, ई-फुटबॉल, EA FC- 26 के लिए 12 वर्ष से अधिक, BGMI और स्ट्रीट फाइटर- 6 के लिए 16 वर्ष के ऊपर की आयु निर्धारित की गई है।



**क्या होता है ई-स्पोर्टस?:** ई-स्पोर्ट्स यानी इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स है। यह सिर्फ समय बिताने के लिए खेला जाने वाला वीडियो गेम नहीं है, बल्कि एक मानसिक और तकनीकी खेल है। जैसे क्रिकेट या फुटबॉल में शारीरिक क्षमता की जरूरत होती है, वैसे ही ई-स्पोर्ट्स में एकाग्रता, क्विक रिफ्लेक्सेस और टीम रणनीति की आवश्यकता होती है। इसे अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति तक मान्यता मिल चुकी है। इस तरह ई-स्पोर्ट्स युवाओं के लिए एक कॅरियर विकल्प बन चुका है।

**16 मई को होगा ग्रैंड फिनाले**

**क्या है ई-स्पोर्ट्स के फायदे?:** ई-स्पोटर्स के कई फायदे होते हैं। इसमें अपनी पकड़ मजबूत बनाने से ऑनलाइन दुनियाभर के लोग एक प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। वैश्विक तौर पर आपको इसमें अपना करियर बनाने का लोगों को मौका मिलता है। इसमें खिलाड़ियों को आर्थिक तौर पर भी लाभ मिलता है। फिलहाल के समय में इसमें नौकरी के भी अवसरों में काफी इजाफा हुआ है।

# पटना में पिस्टल सटाकर दंपति से दिनदहाड़े छिनतई

**एजेंसी, पटना**

पटना में दिनदहाड़े दंपति से पिस्टल के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के समनपुरा इलाके से सामने आई है। जानकारी के अनुसार, दंपति बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें बीच सड़क पर रोक लिया और पिस्टल सटाकर सोने की चेन छीन ली। जब दंपति ने विरोध किया, तो बदमाशों ने पिस्टल तान दिया और उनके साथ मारपीट की। फिर हथियार लहराकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित दामोदरम केपी और अलया फतीमा पटना के हाई कॉलेज में नर्सिंग स्टाफ हैं। सुबह के वक्त पत्नी के साथ कॉलेज आ रहे थे। इसी बीच कॉलेज से चंद कदम की दूरी पर घटना को बदमाशों ने अंजाम दिया।



**CCTV में कैद हुई पूरी घटना:** यह पूरी वारदात इलाके में लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई है। घटना के समय सड़क पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन बदमाशों के हाथ में पिस्टल देखकर कोई भी बीच-बचाव के लिए आगे नहीं आया। मामले में पटना सेंट्रल एसपी दीक्षा ने बताया कि, 'सुबह के समय समनपुरा इलाके में छिनतई की घटना सामने आई है।

# पीयू छात्रसंघ अध्यक्ष को नहीं मिली कोर्ट से जमानत

**एजेंसी, पटना**

पटना यूनिवर्सिटी में 30 मार्च को तत्कालिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में हुए बवाल के बाद पुलिस ने छात्र संघ अध्यक्ष शांतनु शेखर समेत 6 छात्रों को नामजद आरोपी बनाया था। आज पटना के सिवतत्कालिनिल कोर्ट में सुनवाई थी, जिसमें कोर्ट ने छात्र संघ अध्यक्ष को जमानत देने से इनकार कर दिया है। अदालत के इस फैसले के बाद छात्र राजनीति में हलचल तेज हो गई है। विश्वविद्यालय परिसर में इसको लेकर विभिन्न प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।

शांतनु शेखर ने कहा कि मामले की सुनवाई आगे भी जारी रहेगी और सभी पक्षों की दलीलों के आधार पर अगला निर्णय लिया जाएगा। मैं अब न्याय के लिए हाई कोर्ट जाऊंगा। मुझे उम्मीद थी कि सिविल कोर्ट में मुझे न्याय मिलेगा, क्योंकि मैंने कोई बहुत बड़ा अपराध नहीं किया था। मैंने सिर्फ छात्र हितों की बात की थी। मगर मुझे सरकार के प्रेशर में प्रताड़ित किया जा रहा है। इससे मेरे छात्र संघ का कार्यकाल भी प्रभावित हो रहा है। मैं यूनिवर्सिटी के छात्रों को अभी तक कोई लाभ नहीं पहुंचा पा रहा हूं। ये बात मुझे खल रही है।



दरअसल, पीयू के नए प्रशासनिक और शैक्षणिक भवन (कला संकाय) के उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तत्कालीन उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना यूनिवर्सिटी के कैंपस में पहुंचे थे।

# बेली रोड में जून महीने से शुरू होगी टनल खोदाई

**एजेंसी, पटना**

पटना मेट्रो प्रबंधन ने अंडरग्राउंड टनल निर्माण में तेजी लायी गई है। मोइनुल हक स्टेडियम से गांधी मैदान तक मेट्रो टनल की खोदाई सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। अब बेली रोड में टनल बोरिंग मशीन (TBM) लॉन्च करने की तैयारी है। जून महीने से बेली रोड में अंडरग्राउंड स्टेशन के निर्माण के लिए टनल की खोदाई शुरू की जाएगी। इसके लिए सॉइल टेस्टिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मेट्रो प्रशासन ने संबंधित निर्माण स्थलों के पास बैरिकेडिंग शुरू कर दी है। इनकम टैक्स गोलंबर, विकास भवन और पटना जू के पास बैरिकेडिंग की गई है।

**बेली रोड में जून से मेट्रो टनल का शुरू होगा निर्माण:** पटना के नेहरू पथ (बेली रोड) पर आकाशवाणी मेट्रो स्टेशन से एक अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन विद्युत भवन को जोड़ेगी। विद्युत भवन के पास एक नया अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन बनाया जाएगा, जिससे सचिवालय क्षेत्र और आसपास के कार्यालयों को सीधी मेट्रो सुविधा मिलेगी। यह अंडरग्राउंड टनल विद्युत भवन से आगे विकास भवन, पटना जू, राजा बाजार और रुकनपुरा होते हुए पाटलिपुत्र मेट्रो स्टेशन तक जाएगी। पाटलिपुत्र मेट्रो स्टेशन के बाद मेट्रो सेवा एलिवेटेड ट्रैक पर संचालित होगी। यह एलिवेटेड कारिडोर पाटलिपुत्र से आरपीएस मोड़ और सगुना मोड़ होते हुए दानापुर मेट्रो स्टेशन तक जाएगा।



मेट्रो प्रोजेक्ट के अंडरग्राउंड कॉरिडोर का अहम हिस्सा माने जाने वाला मोइनुल हक स्टेडियम से गांधी मैदान तक मेट्रो टनल की खोदाई सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। वहीं, गांधी मैदान से आकाशवाणी तक टनल की खोदाई का काम लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। राजेंद्र नगर, मोइनुल हक स्टेडियम, पटना विश्वविद्यालय, पीएमसीएच और गांधी मैदान होते हुए अंडरग्राउंड टनल आकाशवाणी के पास पहुंचेगा। यहां से पटना जंक्शन तक मेट्रो का परिचालन अंडरग्राउंड ही रहेगा। इस साल के अंत तक प्रायॉरिटी कॉरिडोर पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से पटना जंक्शन तक निर्माण कार्य पूरा करते हुए परिचालन शुरू करने की योजना है।

**पटना मेट्रो लॉन्च करेगी टीबीएम मशीन, अंडरग्राउंड स्टेशन के निर्माण ने पकड़ी रफ्तार**

दूसरी ओर मोइनुल हक स्टेडियम से राजेंद्र नगर टर्मिनल के बीच लगभग 800 मीटर तक टनल निर्माण के लिए खुदाई शुरू हो गई है। रेलवे से अनुमति मिलने के बाद दिसंबर 2025 से रुका हुआ निर्माण का काम गति पकड़ा है। दरअसल, मोइनुल हक स्टेडियम से राजेंद्र नगर टर्मिनल होते हुए मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन के पहले तक लगभग 1800 मीटर लंबी टनल तैयार की जानी है। इस हिस्से में खुदाई के लिए पटना मेट्रो ने दो टनल बोरिंग मशीन (TBM) को लगाया था और काम तेजी से चल रहा था, लेकिन रेलवे से मंजूरी नहीं मिलने के कारण इसे रोकना पड़ा।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159
बोकारो, मंगलवार, 05 मई, 2026



## संक्षिप्त समाचार

### वीरेन्द्र कुमार बने मेरठ के अमीन नगर व वाणिज्यिक

**मेरठ, एजेंसी।** जिला न्यायाधीश अनुपम कुमार ने कर्मेन्द्र सिंह के सेवानिवृत्त होने पर वीरेन्द्र कुमार को अमीन नगर जनपद न्यायालय मेरठ व अमीन वाणिज्यिक मेरठ के पदों पर नियुक्त किया है। वीरेन्द्र कुमार वर्तमान में अमीन देहात न्यायालय मेरठ का कार्यभार संभाल रहे थे। अब वह अमीन देहात, अमीन नगर और अमीन वाणिज्यिक न्यायालय का कार्य करेंगे।

### भक्तामर विधान में की भगवान आदिनाथ की पूजा

**मेरठ , एजेंसी।** श्री दिगंबर जैन मंदिर असौड़ा हाउस भक्तामर विधान कराया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। विधान की शुरुआत मंगलाचरण एवं भगवान आदिनाथ की पूजा अर्चना के साथ हुई। भक्तामर स्तोत्र के प्रत्येक श्लोक के साथ विधिवत पूजन, अर्घ्य समर्पण एवं मंत्रोच्चार किया गया। संपूर्ण परिसर भक्तिमय संगीत एवं भजनों से गूंज उठा। विनोद जैन ने बताया भक्तामर स्तोत्र केवल स्तुति नहीं बल्कि आत्मशुद्धि, मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति का सशक्त माध्यम है। इसके नियमित पाठ से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कठिनाइयों और बाधाओं को दूर करने की शक्ति प्राप्त होती है। इस शुभ अवसर पर भारत शर्मा, विनोद जैन, मनोज जैन, रमेश जैन, हेमचंद जैन, उमेश जैन, अनुराग जैन, नवीन जैन रहे।

### नार्थ टेक में दिखेगा यूएएस टेस्टिंग फाउंडेशन का दम

**कानपुर, एजेंसी।** ड्रोन तकनीक को नई दिशा देने की पहल में कानपुर का यूएएस (अनमैन्ड एरियल सिस्टम्स) टेस्टिंग फाउंडेशन अब राष्ट्रीय मंच पर अपनी ताकत दिखाने जा रहा है। आईआईटी के टेक्नोपार्क में स्थापित यह हाईटेक केंद्र पहली बार प्रयागराज में आयोजित नार्थ टेक 2026 में अपनी अत्याधुनिक परीक्षण सुविधाओं का प्रदर्शन करेगा। इससे ड्रोन स्टार्टअप्स को मजबूती मिलेगी और रक्षा व औद्योगिक क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे। यूएएस फाउंडेशन उत्तर भारत का पहला ऐसा केंद्र है जहां ड्रोन तकनीक की उन्नत जांच की सुविधा उपलब्ध है। नार्थ टेक 2026 में इसका प्रदर्शन यूपीडा पवेलियन में किया जाएगा। करीब 60 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह केंद्र भारतीय मानकों के साथ अमेरिकी सैन्य स्तर की टेस्टिंग सुविधाएं भी प्रदान करता है। यहां ड्रोन और संबंधित उपकरणों की गुणवत्ता व सुरक्षा के लिए 18 तरह के परीक्षण किए जाते हैं। इस केंद्र की स्थापना में यूपीडा और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अहम योगदान दिया है।

### ऑनलाइन गेम में किशोर ने गंवाए पांच हजार, सवाल-जवाब पर घर छोड़ा

**कानपुर, एजेंसी।** काकादेव में ऑनलाइन गेम की लत के चलते 13 वर्षीय किशोर ने अपनी मां के बैंक खाते से पांच हजार रुपये गंवा दिए। कई बार में ट्रांसफर किए गए रुपयों के संबंध में जब मां के पास बैंक से फोन कॉल आई तो उन्होंने किशोर से सवाल-जवाब किए। इससे घबराया किशोर घर छोड़कर लापता हो गया। पुलिस ने मजदूर पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। काकादेव थाना क्षेत्र के पुरानी बस्ती निवासी युवक ने पुलिस को बताया कि बेटा मोबाइल पर ऑनलाइन गेम खेलता था। गेम खेलने के दौरान उसने अपनी मां के बैंक खाते से कई बार में करीब पांच हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। बीती 28 अप्रैल को बैंक से कॉल आने पर पत्नी को ट्रांजेक्शन की जानकारी हुई। परिवार ने बेटे से पूछताछ करनी चाही तो वह घबराकर कहीं चला गया। काकादेव इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया कि अपहरण की रिपोर्ट दर्जकर उसकी तलाश की जा रही है।

### घर में घुसे युवक की हुई धुनाई

**गोरखपुर , एजेंसी।** खोराबार थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती का वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने और घर में घुसकर छेड़खानी का मामला सामने आया है। पीड़िता की बहन की तहरीर पर खोराबार पुलिस ने बखरिया निवासी आरोपी विकास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ ही रविवार को आरोपी का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया गया। पीड़िता की बहन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार दोपहर करीब 12 :30 बजे विकास निषाद ने फोन कर उसकी बहन को धमकी दी कि यदि वह उससे बात नहीं करेगी तो उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। डर के कारण युवती ने यह बात घरवालों को नहीं बताई। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर आरोपी शनिवार रात घर में घुस आया और युवती के कमरे में जाकर जबरदस्ती करने लगा। युवती के शोर मचाने पर परिवार के लोग जाग गए और आरोपी को पकड़कर उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया।बताया जा रहा है कि आरोपी युवती पर शादी का दबाव बना रहा था। उसके मोबाइल में युवती के फोटो व वीडियो भी हैं, जिनके जरिये वह उसे ब्लैकमेल करता था। थाना प्रभारी सुधांशु सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आने वाले पांच दिनों तक प्रदेश में आंधी-बारिश का अलर्ट

## मौसम विभाग के साथ सरकार ने जारी की चेतावनी

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में लगातार सक्रिय दूसरे पश्चिमी विक्षोभ के असर से ज्यादातर हिस्सों में बूंदाबांदी और तेज हवाओं का दौर जारी है।रविवार को कई जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। बाराबंकी में सबसे ज्यादा 50 मिमी वर्षा हुई, जबकि सुल्तानपुर में 35.3 मिमी, गोंडा में 31.5 मिमी, अयोध्या और हरदोई में 22.2 मिमी तथा बरेली में 16 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। दिन में चली ठंडी हवाओं ने धूप की तीव्रता को कम कर दिया, जिससे लोगों को राहत महसूस हुई।

मौसम विभाग के अनुसार अगले चार-पांच दिनों तक पूर्वी और पश्चिमी यूपी में कहीं-कहीं हल्की बारिश होती रहेगी। सोमवार को कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज हवाएं और ओलावृष्टि की भी संभावना है।

कई जिलों में पारा सामान्य से करीब 9 डिग्री सेल्सियस तक नीचे रहा। गोरखपुर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री, जो सामान्य से 8.9 डिग्री कम रहा, जबकि बलिया में 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि बुंदेलखंड में गर्मी का असर बना हुआ है, जहां उरई में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। वहीं हरदोई में 16 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडी रात दर्ज की गई।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक बारिश, आंधी और वज्रपात की गतिविधियां जारी रहेंगी। चार से सात मई के बीच 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने



और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है। फिलहाल एक सप्ताह तक लू चलने के आसार नहीं हैं।

**खराब मौसम को लेकर सतर्क रहें प्रदेशवासी : योगी :** उत्तर प्रदेश में 4 मई को संभावित खराब मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। आंधी, तेज हवाओं और बारिश के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचने और अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की है। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार कई जिलों में तेज हवाएं, गरज-चमक और बिजली गिरने की घटनाएं हो सकती हैं। ऐसे में लोगों को खुले मैदान, पेड़ों के नीचे और बिजली के खंभों के पास खड़े होने से बचना चाहिए। किसानों से अपनी फसल और पशुधन का भी ख्याल रखने की अपील की है।

सीएम योगी ने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि खराब मौसम के दौरान बच्चों को घर के अंदर ही रखें। वहीं प्रशासन को भी पूरी तरह मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं। सभी जिलाधिकारियों, पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग को अलर्ट मोड पर रखा गया है। राहत और बचाव टीमों को सक्रिय कर दिया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके। सरकार हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है, लेकिन जनता का सहयोग बेहद जरूरी है।

प्रदेश के मौसम केंद्र ने कई जिलों में भारी ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। खासकर तराई और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच और लखीमपुर खीरी में इसका अधिक असर देखने को मिल सकता है।

**राजधानी में अगले एक हफ्ते तक बदला रहेगा मौसम :** नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राजधानी में अगले एक सप्ताह तक मौसम का मिजाज नर्म रहने वाला है। रविवार तड़के तेज हवाओं से साथ बूंदाबांदी हुई। दिन में बादलों की आवाजाही देखने को मिली। इससे अधिकतम तापमान सामान्य से 6.1 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। सोमवार को भी तेज हवाओं के साथ बूंदबांदी के आसार हैं।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से लखनऊ में एक हफ्ते तक मौसम उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। एक सप्ताह के दौरान हल्की बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। फिलहाल लू और तपिश से अगले दस दिन तक निजात रहने वाली है।रविवार को दिन चढ़ने के साथ धूप तो खिली लेकिन तपिश बेअसर रही। सुबह और शाम की हवा में ठंडक सी घुली रही। जेठ के महीने में इस नरमी भरे मौसम से लोगों को राहत मिली है। रविवार को अधिकतम तापमान 0.8 डिग्री की गिरावट के साथ 33.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 1.7 डिग्री गिरावट के साथ 21.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## सर्द-गर्म मौसम में सर्दी-खांसी और टाइफाइड के बढ़ रहे रोगी

**गोरखपुर , एजेंसी।** मौसम में लगातार बदलाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। अस्पतालों में सर्दी-खांसी, बुखार और टाइफाइड के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम में अचानक बदलाव और नमी के कारण संक्रमण तेजी से फैल रहा है। दिन में गर्मी और रात में हल्की ठंड के कारण शरीर का तापमान संतुलित नहीं रह पाता, जिससे वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों में सर्दी-खांसी के साथ बुखार के लक्षण अधिक देखे जा रहे हैं। साफ-सफाई की कमी के चलते पानी दूषित हो रहा है। यही कारण है कि टाइफाइड और पेट से जुड़ी बीमारियों के मरीज भी बढ़ रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, दूषित पानी पीने से पेट दर्द, दस्त, उल्टी और बुखार जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। इसके साथ ही कई मरीज हाथ-पैर में दर्द और झुनझुनाहट की शिकायत भी कर रहे हैं, जो कमजोरी और संक्रमण का संकेत हो सकता है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अल्का ने बताया कि नमी और धूल-प्रदूषण के कारण आंखों में संक्रमण के मामले भी बढ़ रहे हैं। लोगों में आंखों में लालिमा, जलन, खुजली और पानी आने की समस्या देखी जा रही है। ऐसे मौसम में आंखों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। एम्स के फिजिशियन डॉ. सतेंद्रु ने उबला या फिल्टर किया हुआ पानी पीने, बाहर का खाना कम खाने और साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी है। इसके अलावा, मौसम के अनुसार कपड़े पहनने, भीड़भाड़ वाले इलाकों में मास्क का इस्तेमाल करने और हाथों को नियमित रूप से धोने ग्की भी सलाह दी।एम्स के त्वचा रोग विभाग के विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुनील गुप्ता ने बताया कि ऐसे मौसम में स्किन से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। धूप और मौसम में नमी की वजह से घमौरिया, सनबर्न, टैनिंग, फंगल इंफेक्शन, एक्जिमा की परेशानी बढ़ना और डिहाइड्रेशन के कारण त्वचा का रूखापन देखा जा रहा है।

## गविष्टी यात्रा पूरी होने पर करेंगे गुरु गोरखनाथ मंदिर के दर्शन

**गोरखपुर , एजेंसी।** ज्योतिषपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने रविवार को तारामंडल के सहारा एस्टेट स्थित भारत माता मंदिर से गविष्टी यात्रा की शुरुआत की। इस अवसर पर शंकराचार्य ने कहा कि पिछली बार गोरखपुर आगमन पर उन्होंने गुरु गोरखनाथ का आशीर्वाद लेकर उनके आदेश पर गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने का संकल्प लिया था। अब यात्रा पूर्ण होने के बाद दोबारा गोरखनाथ मंदिर जाकर दर्शन-पूजन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गो माता को राष्ट्र माता घोषित करते हैं, तो वे खुलकर उनकी तारीफ करेंगे।

यह यात्रा गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। यात्रा 81 दिनों तक चलेगी और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरेगी। यात्रा के शुभारंभ से पूर्व शंकराचार्य ने विधिवत पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भी शंकराचार्य से आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए शंकराचार्य ने कहा कि देशभर में रामाधाम नाम से तीन लाख गोशालाएं स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक गौशाला बनाई जाएगी। यह श्रद्धालुओं की ओर से दिए गए दान से संभव होगा। आप सभी गो माता को एक उपहार दें, गो माता के लिए वोट करें।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि इस आंदोलन में देश के सभी शंकराचार्य एकजुट हैं। यह किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि



सामूहिक प्रयास है। सभी शंकराचार्य की ओर से हमको आगे किया गया है। गोरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने एक नोट और एक वोट की अपील करते हुए जनता से जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत मतदान कीजिए, आपकी अंगुली में बल है। 37 से ज्यादा कानून हिंदू के खिलाफ बनाए गए हैं। गो रक्षा के लिए जो भी आगे आएगा उसे वोट देंगे तो हम सबका राज होगा और हम सबसे पहले बूचड़खाना बंद करवाएंगे, सबको न्याय मिलेगा।

शंकराचार्य ने सरकार की नीतियों पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि डबल और ट्रिपल इंजन की सरकारों में इंजन तो हैं लेकिन आम जनता के लिए डिब्बा नहीं है। डिब्बा है भी तो वह केवल वीआईपी के लिए। उन्होंने दावा किया कि यात्रा शुरू करने से पहले उन्हें धमकियां मिलीं लेकिन वे किसी भी दबाव में आने वाले नहीं हैं। गो माता की रक्षा के लिए हमें कोई मार देगा तो भी हम तैयार हैं। शंकराचार्य ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में हिंदू हितों के लिए प्रतिबद्ध होती, तो अब तक गो संरक्षण के लिए प्रभावी नीतियां लागू हो चुकी होतीं। हम किसी राजनीतिक दल के गुलाम नहीं है, दल ही मतदाताओं के गुलाम हैं।

गोरखपुर। शंकराचार्य ने यात्रा में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रामें में भी लोगों को जागरूक किया। खजनी क्षेत्र में शंकराचार्य का जोरदार स्वागत किया गया। सिकरीगंज में शंकराचार्य ने लोगों से अंगुली उठवाकर संकल्प दिलाया कि आने वाले चुनाव में उसी को वोट देंगे जो गो माता की रक्षा के लिए शपथपूर्वक वचन देगा। इसके साथ ही कौड़ीराम, बांसगांव, बड़हलगंज में भी लोगों ने स्वागत किया। शंकराचार्य ने ब्रह्मपुर में भी लोगों को जागरूक किया। उन्होंने वहीं पर रात्रि विश्राम किया।

## डीसीएम ने खड़े लोडर में पीछे से मारी टक्कर, एक की मौत, 12 घायल

**कानपुर, एजेंसी।** हरदोई-उन्नाव मार्ग पर एक होटल के पास खड़े लोडर में पीछे से डीसीएम अनियंत्रित होकर भिड़ गया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि 12 लोग घायल हो गए। घटना से चीखपुकार मच गई। पुलिस में सभी को स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हरदोई जिले के थाना मल्लावां के लक्ष्मीपुर गांव निवासी लाला की बेटी का रविवार को तिलक समारोह था। उसी में शामिल होने के लिए गांव के करीब 20 लोग लोडर से सफीपुर क्षेत्र के ओसियां गांव गए थे। तिलक चढ़ाने के बाद रात में लौटते समय हरदोई-उन्नाव मार्ग पर बांगरमऊ क्षेत्र में स्लाइस आफ स्पाइस होटल के पास चालक ने लोडर रोक दिया। लोडर में बैठे लोग नीचे उतरे और चाय नाश्ता करने लगे। उसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार डीसीएम ने खड़े लोडर में टक्कर मार दी।

इसमें लोडर के आसपास खड़े 13 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र लाई। डॉक्टर ने लक्ष्मीपुर गांव निवासी



विजय कुमार (25) पुत्र रामजी को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल अखिलेशचंद्र पांडेय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों का उपचार चल रहा है। घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया उसका पता लगाया जा रहा है।

### घटना में यह हुए घायल

घायलों में गयाप्रसाद, रामकुमार, अनुराग, आशीष, राजू, अमित कुमार, शैलेश कुमार, दीपक कुमार, शैलेन्द्र, देशराज, आकाश व आशीष सभी निवासी लच्छीपुर शामिल हैं।

## टूट गई थीं हड्डियां, सादिया को सबसे दर्दनाक ढंग से मारा; कांप गए 4 बच्चों के पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर

**अंबेडकरनगर, एजेंसी।** अंबेडकरनगर में चारों बच्चों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट हत्या को अंजाम देने के लिए की गई बर्बरता को बयां कर रही है। रविवार सुबह पोस्टमार्टम शुरू हुए तो डॉक्टरों के भी रोंगटे खड़े हो गए। चारों बच्चों के सिर पर चौड़े मुंह वाले सिलबट्टे या भारी पत्थर से ताबड़तार प्रहार किए गए थे, जिसकी वजह से बच्चों के सिर की हड्डियां टूट गई थीं।

इतना ही उन्होंने तीव्र असर वाले जहरीले पदार्थ का सेवन भी कराया गया था, इसकी पुष्टि के लिए विसरा सुरक्षित किया गया है। चार बच्चों शफीक, सऊद, उमर और बयान उर्फ सादिया के पोस्टमार्टम के लिए डॉ. नूर अहमद, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव व डॉ. पवनवी देव का पैनल बनाया गया।

साथ ही वीडियोग्राफी भी कराई गई। सबसे पहले सुबह करीब छह बजे सादिया का पोस्टमार्टम शुरू किया गया। उसके सिर से लगातार रक्तस्राव हो रहा था। पत्थर या सिलबट्टे से सिर के दाहिनी ओर तीन से चार बार तेज प्रहार किए गए थे। इससे स्कल (कपाल) की हड्डियां टूट चुकी थीं।

इसी तरह शफीक, सऊद और उमर के सिर पर भी प्रहार किए गए थे। चारों बच्चों की हत्या को शुक्रवार रात 12 से एक बजे के बीच में अंजाम दिए जाने की बात सामने आ रही है। बच्चों को रात के खाने में जहरीला पदार्थ दिए जाने की भी पुष्टि हुई है।

माना जा रहा है कि बच्चों के बेहोश होने के बाद इस पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया गया। सीओ सिटी नितीश कुमार तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किसी भारी पत्थर जैसी वस्तु से प्रहार कर हत्या करने को पुष्टि हुई है।

**मेमोरी कार्ड मिलने में हुई देरी**

डीएम ईशा प्रिया ने शनिवार की रात में ही पोस्टमार्टम कराने की अनुमति दे दी थी, लेकिन रात करीब दो बजे तक चारों बच्चों के शवों का पंचनामा और कागज तैयार करने की प्रक्रिया चलती रही। वीडियोग्राफी के लिए पर्याप्त क्षमता का मेमोरी कार्ड रात में मुहैया नहीं हो गाया, ऐसे में पोस्टमार्टम में देरी हो गई।

**गासिया के भाई-बहन ने लगाए हत्या के आरोप :** गासिया खातून का शव मिलने के बाद रविवार देर शाम भाई बजीर मोहम्मद व बहन राबिया अकबरपुर कोतवाली पहुंचीं। आरोप लगाया कि शनिवार की रात में बहन की हत्या की आशंका जताई थी, लेकिन किसी ने हम लोगों की बात नहीं सुनी। कहा कि जिस तरह हमारे परिवार ने पांच लाशें देखी हैं। ऐसे ही हत्यारों की लाश हमें देखनी है।

## बिजली के स्मार्ट मीटर पर संग्राम, 11 मई को राकेश टिकैत की महापंचायत

**आगरा, एजेंसी।** स्मार्ट मीटर के खिलाफ भड़का जनाक्रोश अब बड़े आंदोलन का रूप ले चुका है। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी सोमवार से चौधरी चरण सिंह चाहरवाटी महाविद्यालय के मैदान में बेमियादी धरने पर बैठेंगे। वहीं 11 मई को धरना स्थल पर ही महापंचायत होगी, जिसे राकेश टिकैत संबोधित करेंगे

रविवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह चाहर और जिला अध्यक्ष राजवीर लवानियां अकोला पहुंचे, जहां किसानों ने हाथ उठाकर आंदोलन को और उग्र बनाने का संकल्प लिया। नेताओं ने मौके से ही राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत से फोन पर वार्ता की। तय हुआ कि 11 मई को अकोला के चौधरी चरण सिंह चाहरवाटी महाविद्यालय में एक विशाल महापंचायत होगी, जिसे राकेश टिकैत संबोधित करेंगे। भाकियू के नेतृत्व में सोमवार से महाविद्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। नेताओं की मांग है कि सरकार दर्ज प्राथमिकी वापस ले और स्मार्ट मीटर हटाकर पुरानी पोस्टपेड व्यवस्था लागू करे। इस दौरान सुरेंद्र सिंह चाहर, केदार सिंह एडवोकेट, सावित्री चाहर सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।




**किसानों का उत्पीड़न रोका जाए :** किसान नेता मोहन सिंह चाहर ने स्मार्ट मीटर विरोध प्रदर्शन के दौरान किसानों और महिलाओं पर दर्ज प्राथमिकी की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने बिजली विभाग को चेताया कि निर्दोषों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। किसान नेता ने कहा कि कानूनन उपभोक्ता की मर्जी के बिना प्रीपेड स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जा सकता। विभाग जबरदस्ती मीटर थोपकर लूट मचा रहा है। वहीं उन्होंने आंदोलन के बीच अपनी जमीन तलाश रहे नेताओं पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ नेता किसानों की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं, जिसे तुरंत बंद करना चाहिए।

**भाकियू अराजनीतिक ने भी खोला मोर्चा :** भाकियू (अराजनीतिक) के जिला अध्यक्ष दीपक तोमर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को अकोला का दौरा किया। तोमर ने स्पष्ट कहा कि स्मार्ट मीटर किसानों को लूटने का नया जरिया है। किसान इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि विरोध प्रदर्शन करने वाले किसानों पर दर्ज प्राथमिकी वापस ली जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रशासन ने कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन और भी उग्र रूप धारण करेगा। इस मौके पर सोमवीर यादव, रामनिवास रघुवंशी और मुकेश पाठक जैसे पदाधिकारी मौजूद रहे।

**कांग्रेस ने भी दी उग्र आंदोलन की चेतावनी :** सैंया। विकासखंड में बिजली विभाग की ओर से लगाए गए स्मार्ट मीटरों के खिलाफ उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनाथ सिंह सिकरवार ने सरकार को खुली चेतावनी देते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर किसानों, मजदूरों और गरीबों की जेब पर सीधा डाका हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो कांग्रेस जिला स्तर पर सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई और उग्र आंदोलन शुरू करेगी।

## शिक्षामित्रों को पहचान और संबल देने के बाद अब सीएम करेंगे सम्मान

**गोरखपुर , एजेंसी।** शिक्षामित्रों के मानदेय में वृद्धि के बाद अब उनके सम्मान को भी प्राथमिकता देते हुए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस पहल को प्रदेशव्यापी स्वरूप देते हुए आगामी 5 मई को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्यस्तरीय भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री शिक्षामित्रों से संवाद भी करेंगे। सुबह 11 बजे होने वाले इस कार्यक्रम के समानांतर सभी जनपदों में भी आयोजन कर इसे व्यापक रूप दिया जाएगा। 18,000 प्रतिमाह मानदेय के साथ लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों को इस प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। शिक्षामित्रों को अप्रैल माह से ही बढ़े हुए मानदेय का लाभ मिलना शुरू हो चुका है। एक अप्रैल 2026 से प्रभावी इस व्यवस्था के अंतर्गत बेसिक शिक्षा के 13,597 और समग्र शिक्षा के 1,29,332 शिक्षामित्रों को 18,000 रुपये प्रतिमाह की दर से भुगतान किया जा रहा है, जिससे उनका आर्थिक सशक्तीकरण हुआ है।कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन और मुख्यमंत्री के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर किया जाएगा, जिससे प्रदेशभर के शिक्षामित्र इस अवसर के साक्षी बन सकें। साथ ही, सभी जनपदों में भी समानांतर रूप से आयोजन किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पिता-बेटे के शव ले जाने से फ्लाइट ऑपरेटर का इनकार जबलपुर एयरपोर्ट पर कहा- बदबू आ रही

**जबलपुर**। जबलपुर के बरगी क्रूज हादसे में सिस्टम की लापरवाही से 13 जानें चली गईं। प्राथमिक जांच में खराब मौसम के अलर्ट की अनदेखी को इसकी मुख्य वजह माना जा रहा है। हद तो ये है कि मृतकों के शव की भी दुर्दशा की जा रही है। हादसे में जान गंवाने वाले आर्डनेंस फैक्ट्री के कर्मचारी कामराज आर और उनके 5 साल के बेटे श्रीतमिल का शव ले जाने से फ्लाइट ऑपरेटर ने मना कर दिया। तर्क दिया कि बॉडी डी-कंपोज हो रही हैं। बदबू आ रही है। ऐसे में वह इन्हें नहीं ले जा सकता है। इसका पता लगते ही प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हुए और ऑपरेटर को समझाकर शव फ्लाइट में रखवाए। इसकी वजह से फ्लाइट ने अपने निर्धारित समय से एक घंटे देरी से उड़ान भरी। जबलपुर के बरगी डैम में 30 अप्रैल को मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग का क्रूज डूबा था। इसमें सवार 13 टूरिस्ट की मौत हो गई। उसी दिन 30 अप्रैल को 4 शव, एक मई को 5, दो मई को 2 और तीन मई को दो शव तैरते मिले। मृतकों में 4 बच्चे और 8 महिलाएं शामिल हैं। 28 लोगों को बचा लिया गया था। श्रीतमिल का शव दो मई को मिला था जबकि कामराज की लाश 3 मई की सुबह मिली। रविवार शाम को ही कामराज और श्रीतमिल का शव लेकर खमरिया अस्पताल से एम्बुलेंस डुमना एयरपोर्ट के लिए रवाना हुई। रांझी पहुंचने पर जानकारी मिली कि त्रिची का मौसम खराब है, विमान लैंड नहीं कर पाएगा। इस पर एम्बुलेंस वापस अस्पताल आ गई और दोनों शव मरचुरी में रखवा दिए गए।

### हिमाचल में फिर भारी ओलावृष्टि, तूफान से उड़ी छत्त, अगले तीन घंटे 4 जिलों में अलर्ट, लाहौल-सोलन में लौटी ठंड

**शिमला**। शिमला जिला के कई क्षेत्रों में आज (सोमवार को) दोपहर बाद फिर से भारी ओलावृष्टि हुई। इससे सेब, मटर और फूलगोभी की फसल को नुकसान पहुंचा है। कई जगह सेब को ओलावृष्टि से बचाने के लिए लगाए गए एंटी हेल नेट और बांस भी टूट गए। नारकंडा, रोहड़ू, चौपाल, टियाली इत्यादि क्षेत्रों में ओलावृष्टि हुई। शिमला जिला के नेरवा की केदी पंचायत के शुकराना गांव निवासी सीताराम शर्मा के घर की छत तूफान से उखड़ गई। गांव में अन्य लोगों के घरों की छत्त को भी नुकसान पहुंचा है। वहीं शिमला के ढली-संजौली में भी बारिश के साथ हल्के ओले गिरे। किन्नौर के रिकांगपियों में भी दोपहर बाद बारिश हुई। इस बीच मौसम विभाग ने शिमला, सोलन, सिरमौर और मंडी में शाम छह बजे तक ओलावृष्टि के साथ तेज बारिश और तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों में यलो अलर्ट की चेतावनी दी गई है। बीते 24 घंटे के दौरान भी राज्य के कई भागों में तेज बारिश हुई। संगड़ाह में सबसे ज्यादा 25.7 मिमी, चौपाल में 22.0, घागस 20.4, शिमला 17.2, जुब्बड़हट्टी 16.9, पांवटा साहिबत 15.2, सोलन व कसौली में 15.0 मिमी बारिश हुई। इससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। लाहौल स्पीति के अधिक ऊंचे क्षेत्रों में इससे ठंड लौट आई है। ताबो का न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री और कुकुमसैरी 4.1 डिग्री तक लुढ़क गया है। सोलन के तापमान में सामान्य की तुलना में सबसे ज्यादा 10.1 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई और यहां का पारा 4.8 डिग्री रह गया है। नाहन का 7.4 डिग्री नीचे गिरने के बाद 15.3 डिग्री, शिमला का 2.0 डिग्री कम होने के बाद 12.0, धर्मशाला का 1.0 डिग्री कम होने के बाद 16.8 डिग्री सेल्सियस रह गया है। राज्य में तीन दिन से बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है।



### राइटर मधु किश्वर की चंडीगढ़ कोर्ट में याचिका, वीडियो वाले दंपति ने की इन्वेस्टिगेशन ज्वाइन

**चंडीगढ़**। फेमस राइटर मधु किश्वर को चंडीगढ़ पुलिस द्वारा इन्वेस्टिगेशन ज्वाइन करने के लिए दूसरा नोटिस दिया जा चुका है, लेकिन वह अब तक पेश नहीं हुई हैं। वहीं, मधु किश्वर पुलिस के सामने पेश होने के बजाय चंडीगढ़ कोर्ट पहुंच गई हैं। मधु किश्वर ने कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें उन्होंने मांग की है कि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर की कॉपी उन्हें नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि पुलिस से उन्हें एफआईआर की कॉपी दिलवाई जाए। इस पर कोर्ट ने चंडीगढ़ पुलिस से जवाब मांगा है। वहीं, मिसलीडिंग वीडियो मामले में दर्ज FIR में दिखाई दे रहे दंपति ने इन्वेस्टिगेशन ज्वाइन कर ली है। इस मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए फर्जी वीडियो प्रसारित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हसन मोहिउद्दीन सिद्दीकी के रूप में हुई है, जो हैदराबाद (तेलंगाना) का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को हैदराबाद से गिरफ्तार किया। आरोपी फर्जी वीडियो प्रसारित कर लोगों को गुमराह कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर उसे ट्रेस कर गिरफ्तार किया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ कर इस पूरे नेटवर्क और अन्य संभावित आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी।



### खराब मौसम के कारण लखनऊ-दिल्ली इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, 10 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**भोपाल/लखनऊ/जयपुर/देहरादून**। खराब मौसम की वजह से दिल्ली से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6E-6476 की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें यूपी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सवार थे। दोनों भोपाल में सुरक्षित उतरे। यूपी में आंधी-बारिश जारी है। कानपुर, सुल्तानपुर और बाराबंकी समेत 64 जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में जालौन सबसे गर्म शहर रहा। सुल्तानपुर में पेड़ की डाल गिरने से एक की मौत हो गई। राजस्थान के दौसा, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर और हनुमानगढ़ में आंधी के साथ बारिश हुई। ओले भी गिरे। रविवार को खराब मौसम के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर पेड़ गिरने से 40 मिनट तक जाम रहा। हरियाणा के सिरसा, भिवानी और महेंद्रगढ़ में रविवार को तेज बारिश के साथ ओले गिरे। उत्तराखंड के भी 11 जिलों में बारिश हुई। नैनीताल, देहरादून और अल्मोड़ा में ओले भी गिरे। जम्मू-कश्मीर के लघामा में लैंडस्लाइड के बाद बारामूला-उरी नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया। ट्रैफिक को उरी की ओर बांदी-परानपिलन-दाची मार्ग से डायवर्ट किया गया है। आंधी-बारिश के बीच तेज गर्मी और हीटवेव भी जारी है। रविवार को राजस्थान के फलोदी में 44.8°C और महाराष्ट्र के वर्धा में 43.5°C तापमान दर्ज किया गया। राजस्थान, बिहार और उत्तराखंड समेत 10 राज्यों में आंधी-बारिश का दौर जारी है। आज 13 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। 10 राज्यों में आंधी के साथ बिजली गिरने की आशंका है।

### दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्षों एवं महासचिवों की नियुक्ति को मंजूरी

**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के 12 उपाध्यक्षों एवं 26 महासचिवों की नियुक्ति के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है। यह जानकारी रविवार को कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक विज्ञप्ति जारी करके दी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के 12 उपाध्यक्ष के नाम इस प्रकार है। सुरेंद्र कुमार, हरि शंकर गुप्ता, भीष्म शर्मा, सीपी मित्तल, कमलकान्त शर्मा, जगजीवन शर्मा, आभा चौधरी, तसवीर सोलंकी, मुदित अग्रवाल, लक्ष्मण रावत, अली मेहंदी और अब्दुल हन्नान। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के 26 महासचिवों की सूची इस प्रकार है - अनिल भारद्वाज, गौरी शंकर शर्मा, पीके मिश्रा, प्रेरणा सिंह,नीतू वर्मा सोइन, जय प्रकाश राणा, विकास शौकीन, धर्मपाल चंदेला, मीर सिंह, मो. जावेद मिर्जा हरनाम सिंह, राजेंद्र तंवर, बालकिशन बाली, प्रमोद जयन्त, दीपक भारद्वाज, सतेन्द्र शर्मा, हाजी जरीफ, सिद्धार्थ कुंडू, आकांक्षा ओला, शांति स्वरूप, लोकेंद्र चौधरी, विनीत यादव, अशोक बसोया,अरीबा खान, भूपेश यादव, जय प्रकाश।

# ईरान की चेतावनी- अमेरिका होर्मुज से दूर रहे, सेना पास आई तो हमला होगा

**एजेंसी, तेहरान/वाशिंगटन**

ईरान ने सोमवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य से दूर रहे। ईरान की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी के जवाब में आई है। ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका उन जहाजों को मुक्त कराने में मदद करेगा, जो ईरान पर अमेरिका-इजराइल युद्ध के कारण खाड़ी में फंस गए हैं। ट्रंप ने कहा था कि यह लगभग दो माह से फंसे हैं। चालक दल के पास भोजन और अन्य सामान की कमी हो गई है। ट्रंप ने इसे 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' नाम दिया है।

ट्रंप ने रविवार को 'ट्रुथ सोशल' पर कहा, "हमने इन देशों से कहा है कि हम उनके जहाजों को इन प्रतिबंधित जलमार्गों से सुरक्षित बाहर निकालने में सहायता करेंगे। ईरान की सशस्त्र सेनाओं की संयुक्त कमान के प्रमुख अली अब्दुल्लाही ने इसका करारा जवाब दिया है। उन्होंने अमेरिकी सेना को चेतावनी दी कि वे होर्मुज जलडमरूमध्य से दूर रहें। अगर अमेरिकी सेना होर्मुज के पास आती या घुसती है तो उस पर हमला किया जाएगा। उन्होंने व्यापारिक जहाजों और तेल टैंकरों को निर्देश दिया कि वे ईरान की सेना के साथ समन्वय किए बिना किसी भी तरह की आवाजाही न करें। अब्दुल्लाही ने



कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा ईरान के हाथों में है। जहाजों के सुरक्षित मार्ग की रक्षा ईरान की सशस्त्र सेनाएं करेंगी।

अल जजीरा, सीबीएस, सीएनएन और एक्सियोस की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने घोषणा की है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्देश पर 15,000 सैन्य कर्मियों, 100 से अधिकी जमीन और समुद्र-आधारित विमानों, साथ ही युद्धपोतों और ड्रोन के साथ इस प्रयास में सहायता प्रदान करेगा। सेंटकॉम के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा, "इस रक्षात्मक मिशन के लिए हमारा समर्थन क्षेत्रीय सुरक्षा और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि हम नौसैनिक नाकाबंदी को भी बनाए हुए हैं।"

इस बीच ईरानी सरकारी मीडिया ने बताया कि वाशिंगटन ने पाकिस्तान के माध्यम से ईरान के 14 सूत्री प्रस्ताव पर जवाब भेजा है। तेहरान उसकी समीक्षा कर रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई के हवाले से कहा गया है, " हमारी अमेरिका से परमाणु कार्यक्रम पर कोई बात नहीं हुई है।" इससे पहले ट्रंप तेहरान के इस प्रस्ताव को अस्वीकार्य बता चुके हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' के तहत अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को एस्कॉर्ट नहीं करेंगे। वह फंसे हुए जहाजों को रास्ता दिखाएंगे। वाणिज्यिक जहाजों पर ईरानी हमलों को रोकने के लिए अमेरिकी नौसेना के जहाज आसपास ही मौजूद रहेंगे।

इस बीच पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका ने एक ईरानी कंटेनर जहाज पर मौजूद 22 क्रू सदस्यों को पाकिस्तान भेज दिया है। उन्हें ईरानी अधिकारियों को सौंपा जाएगा। मंत्रालय ने इस कदम को विश्वास-बहाली का उपाय बताया है। मंत्रालय ने दावा किया कि जरूरी मरम्मत के बाद ईरानी जहाज को भी वापस पाकिस्तान की समुद्री सीमा में लाया जाएगा, ताकि उसे उसके असली मालिकों को सौंपा जा सके। इस जहाज को पिछले महीने ओमान की खाड़ी में एक हमले के दौरान पकड़ लिया गया था। इसे तेहरान ने अमेरिका की समुद्री डकैती बताया था।

## समुद्र में जहाज पर चूहों वाला वायरस फैला, हंतावायरस से 3 की मौत

**एजेंसी, प्राया**

अटलांटिक महासागर में एक क्रूज शिप पर चूहों वाले वायरल (हंतावायरस) संक्रमण का मामला सामने आया है। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई है और कम से कम तीन लोग बीमार हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और दक्षिण अफ्रीका स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को इसकी पुष्टि की। MV होंडियस नाम के इस क्रूजशिप को फिलहाल अफ्रीकी देश केप वर्डे की राजधानी प्राया में रोका गया है। अभी यात्रियों को उतरने की अनुमति नहीं मिली है। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि संक्रमण फैलने के खतरे को नियंत्रित किया जा सके।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, जहाज पर 6 लोगों में संक्रमण जैसे लक्षण मिले हैं। इनमें से एक मामले की पुष्टि लैब में हो चुकी है। एक मरीज दक्षिण अफ्रीका के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती है, जबकि दो को जहाज से निकालने की तैयारी की जा रही है। यह भी अभी पता नहीं है कि सभी बीमार लोग हंतावायरस से संक्रमित हैं या नहीं। यह बीमारी आखिर कैसे और कहां से फैली है, इसकी जांच चल रही है। नीदरलैंड के झंडे वाला यह क्रूज शिप 20



◆ **अफ्रीका तट पर जहाज रोका गया, यात्रियों को उतरने की इजाजत नहीं**

मार्च को अर्जेंटीना के उशुआइया से रवाना हुआ था। इसके बाद यह दक्षिणी ध्रुव के आसपास के इलाकों में गया और फिर अटलांटिक पार करते हुए यूरोप की ओर बढ़ रहा था। इसे सबसे आखिर में स्पेन के कैनरी द्वीप तक पहुंचना था, जो अफ्रीका के पास अटलांटिक में स्थित एक प्रमुख पर्यटन क्षेत्र है। जहाज में कुल 170 यात्री और 71 क्रू सदस्य मौजूद हैं। इनमें एक डॉक्टर भी शामिल है। पहला मृतक 70 साल का एक व्यक्ति था, जिसकी मौत जहाज पर ही हो गई थी। वह अपनी पत्नी के साथ इस यात्रा पर था। इसके बाद उसका शव दक्षिण अटलांटिक में स्थित सेंट हेलेना में उतारा गया।

## गडकरी ने की महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा, तेजी से क्रियान्वयन पर जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने महाराष्ट्र में प्रस्तावित हाई-स्पीड और हाई-डेंसिटी कॉरिडोर सहित राज्य के बीओटी निर्माण-संचालन-हस्तांतरण (बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर- बीओटी) राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को यहां आयोजित समीक्षा बैठक में गडकरी ने नागपुर-भंडारा सेक्शन के छह लेनिंग, तलोदा-बुरहानपुर सेक्शन के चार लेनिंग, दुर्ग-गड़चिरोली-मंचेरियल कॉरिडोर, गड़चिरोली-कांकेर (रायपुर-विशाखापट्टनम) कॉरिडोर, ग्वालियर- नागपुर कॉरिडोर, नागपुर- हैदराबाद कॉरिडोर, भंडारा-रायपुर सेक्शन के छह लेनिंग, लखनादोन-दुर्ग-रायपुर कॉरिडोर, नागपुर-अमरावती सेक्शन के छह लेनिंग, मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र बॉर्डर-नागपुर बायपास-बोरखेड़ी



स्टेच (एनएच-44) और पुणे-सातारा सेक्शन के छह लेनिंग जैसे प्रमुख राजमार्ग विकास कार्यों पर चर्चा की।

बैठक में राज्य की नौ बीओटी परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई। इन परियोजनाओं की कुल लंबाई 527 किलोमीटर है। इन परियोनाओं में शिरूर-अहिल्यानगर (चार लेन), अहिल्यानगर-वडाला (चार लेन), वडाला-छत्रपति संभाजीनगर (चार लेन), छत्रपति संभाजीनगर-जालना (चार लेन), जालना-वातुर (चार लेन), नांदेड़-नरसी-देगलुर (चार व दो लेन), जाम-वरोरा (चार लेन), वरोरा-चंद्रपुर-बामनी (चार लेन) और मलकापुर-चिखली (दो लेन) कॉरिडोर शामिल हैं।

# शिमला के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी पेरेंट्स-स्टूडेंट्स में हड़कंप, बच्चों को लेने पहुंचे

**एजेंसी, शिमला**

हिमाचल की राजधानी शिमला में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब शहर के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। ईमेल के जरिए धमकी के बाद स्कूल प्रबंधन ने एहतियातन अभिभावकों को मैसेज भेजा और बच्चों को तुरंत घर ले जाने को कहा। इस मैसेज को देखकर अभिभावकों में हड़कंप मच गया। परिजन आनन-फानन में स्कूल पहुंचे और अपने बच्चों को वापस ले गए। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। एसपी शिमला गौरव ने बताया कि जनरल थ्रेट आई है। पुलिस जांच में जुटी हुई है और स्कूलों में ड्रिल चल रही है। यह धमकी शहर के चैल्सी, दयानंद, सेंट थॉमस, डीएवी टुटू इत्यादि स्कूलों

**सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, खाली कराए परिसर**



को मिली है। धमकी की खबर फैलने के बाद दूसरे स्कूलों के परिजन भी घबरा गए और अपने बच्चों के लिए उनकी चिंताएं बढ़ गई।

**स्कूल परिसर में ली जा रही तलाशीः** जिन स्कूलों को धमकी मिली है, उनके परिसर में पुलिस ने संदिग्ध वस्तुओं की तलाशी को अभियान चलाया, लेकिन बम जैसी कोई भी चीज नहीं मिली। अब शिमला पुलिस यह पता लगाने में जुट गई है कि आखिर यह धमकी किसने दी।

**इससे पहले हाईकोर्ट-सचिवालय को भी कई बार धमकी मिल चुकीः** गौरतलब है कि इससे पहले भी प्रदेश में इस तरह की धमकियां मिल चुकी हैं। हाल के महीनों में हिमाचल हाईकोर्ट, राज्य सचिवालय, कई जिलों के डीसी कार्यालयों और जिला कोर्ट को भी कई बार बम से उड़ाने की धमकी दी जा चुकी है।

**पुलिस की अपील- घबराएं नहींः** हालांकि हर बार जांच में ऐसी धमकियां अफवाह या शरारती तत्वों की करतूत ही साबित हुई हैं। फिलहाल पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## अहमदाबाद में बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत 22 दिनों में 5 भारी पोर्टल बीम लॉन्च

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अहमदाबाद में मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत एक महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग उपलब्धि हासिल की गई है। मणिनगर क्षेत्र में अहमदाबाद–वडोदरा रेलवे लाइन के ऊपर कुल पांच प्रीकास्ट-प्रेस्ट्रेस्ड भारी पोर्टल बीम (गर्डर) मात्र 22 दिनों के भीतर सफलतापूर्वक लॉन्च किए गए। नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने सोमवार को एक बयान में बताया कि यह लॉन्चिंग गतिविधि 8, 13, 19, 24 और 29 अप्रैल को सुनियोजित क्रम में पूरी की गई, जो सक्रिय रेलवे ट्रैक के ऊपर तेज और सटीक कार्य निष्पादन का उदाहरण है। इनमें सबसे भारी बीम, जिसका वजन लगभग 1360 मीट्रिक टन था, 8 अप्रैल को लॉन्च किया गया। अन्य बीमों का वजन 1170 से 1360 मीट्रिक टन के बीच रहा, जिससे यह रेलवे अवसंरचना पर किए गए सबसे जटिल कार्यों में से एक बन गया है।

मणिनगर में बुलेट ट्रेन का एलाइन्मेंट मौजूदा रेलवे ट्रैकों के ऊपर से ऊंचाई पर और तिरछे कोण पर गुजरता है, जिसके कारण संरचनात्मक योजना बेहद चुनौतीपूर्ण रही। यहां दो पिलरों के बीच की दूरी लगभग 30 से 34 मीटर है, जिसके चलते मजबूत और स्थिर पोर्टल बीम की आवश्यकता पड़ी।

इन भारी पोर्टल बीमों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे अहमदाबाद–वडोदरा रेलवे की अप, डाउन



और तीसरी लाइन सहित कई सक्रिय ट्रैकों को सुरक्षित रूप से कवर कर सकें। इनके बड़े आकार और वजन से संरचना में स्थिरता बनी रहती है और झुकाव न्यूनतम रहता है, जिससे ट्रैक की सटीकता और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित होता है।

लॉन्चिंग के लिए 2200 मीट्रिक टन क्षमता वाले क्रॉलर क्रेन का उपयोग किया गया, जिसे पहली बार भारत में सक्रिय रेलवे ट्रैक के ऊपर इस्तेमाल किया गया। प्रत्येक बीम को लगभग 3.5 घंटे में स्थापित किया गया, जो पहले के 9 घंटे के ब्लॉक की तुलना में काफी तेज है। यह कार्य भारतीय रेलवे के साथ समन्वय, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निरंतर निगरानी के साथ पूरा किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक पोर्टल बीम की लंबाई 34 मीटर है और इसका क्रॉस-सेक्शन 5.5 मीटर × 4.5 मीटर है। इन बीमों को साइट पर ही तैयार कर भारी इकाइयों के रूप में स्थापित किया गया।

## अस्पतालों की सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार ने जारी किए नए अग्नि सुरक्षा दिशा निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अस्पतालों में बढ़ते बिजली लोड और ऑक्सीजन-समृद्ध वातावरण के कारण आग लगने का खतरा अधिक होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अग्नि सुरक्षा से संबंधित नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन नए दिशा-निर्देशों का उद्देश्य विशेष रूप से आपात स्थितियों के दौरान मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नई दिशा-निर्देशों में मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए उन्नत और व्यवस्थित रणनीतियां शामिल की गई हैं। खासतौर पर गंभीर मरीजों, आईसीयू, एनआईसीयू और अन्य संवेदनशील वार्डों के लिए अलग से चरणबद्ध निकासी की व्यवस्था पर जोर दिया गया है। इसके अलावा इन दिशानिर्देशों में फायर सेफ्टी गवर्नेंस को मजबूत करने, नियमित ऑडिट सुनिश्चित करने और अस्पताल स्टाफ को बेहतर प्रशिक्षण देने पर विशेष ध्यान दिया गया है।



सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि "नेशनल गाइडलाइंस ऑन फायर एंड लाइफ सेफ्टी इन हेल्थकेयर फैसिलिटीज (2026)" अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि इन दिशानिर्देशों में खास तौर पर गंभीर और चलने-फिरने में असमर्थ मरीजों के लिए फेज्ड इवैक्युएशन (चरणबद्ध निकासी) की रणनीति शामिल की गई है।

नई गाइडलाइंस में आईसीयू, एनआईसीयू (नवजात गहन चिकित्सा इकाई), पीआईसीयू (बाल गहन चिकित्सा इकाई) और ऑपरेशन थिएटर जैसे हाई-रिस्क क्षेत्रों के लिए विशेष सुरक्षा प्रोटोकॉल तय किए गए हैं, ताकि इन संवेदनशील स्थानों पर किसी भी आपात स्थिति में तेजी और सुरक्षित तरीके से प्रतिक्रिया दी जा सके। उन्होंने सभी राज्यों और स्वास्थ्य सुविधाओं से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से अग्नि सुरक्षा ऑडिट विवरण आईएचआईपी पोर्टल पर अपलोड करें, यह देखते हुए कि ऐसी प्रथाएं अनुपालन को संस्थागत रूप देंगी और सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए एक निरंतर अनुस्मारक के रूप में कार्य करेंगी।

उल्लेखनीय है कि यह संशोधित फ्रेमवर्क 2020 की गाइडलाइंस का अपडेट है और इसे कई विशेषज्ञ संस्थानों के सहयोग से तैयार किया गया है।

# ट्रांसजेंडर संशोधन एक्ट पर केंद्र-राज्यों को नोटिस, 6 हफ्ते में जवाब मांगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस मामले पर 6 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है। अब इस मामले की सुनवाई तीन जजों की बेंच करेगी।

**सिंघवी बोले- NALSA जजमेंट के खिलाफ है नया संशोधनः** याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने संशोधन पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह संशोधन ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से 'सेल्फ आइडेंटिफिकेशन' (अपनी पहचान खुद तय करने) का अधिकार छीनता है। यह 2014 के ऐतिहासिक NALSA जजमेंट के खिलाफ है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने खुद की लैंगिक पहचान चुनने को मौलिक अधिकार घोषित किया था।

**CJI ने पूछा- क्या लोग फर्जी पहचान बनाकर फायदा नहीं उठाएंगे?ः** सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने 'सेल्फ आइडेंटिफिकेशन' के अधिकार को लेकर कुछ चिंताएं जताईं। उन्होंने पूछा, 'क्या इससे कोई खतरा पैदा नहीं होता? क्या ऐसे लोग नहीं हो सकते जो ट्रांसजेंडर होने का दिखावा करें ताकि उन्हें इस समुदाय के लिए तय आरक्षण या विशेषाधिकारों का लाभ मिल सके?' इस पर सिंघवी ने जवाब दिया कि उनकी जानकारी के अनुसार ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए अभी कोई आरक्षण लागू नहीं है, इसलिए गलत इस्तेमाल की संभावना नहीं है। उन्होंने आगे



कहा कि अगर 0.01% मामलों में दुरुपयोग की गुंजाइश है भी, तो इसके आधार पर बहुसंख्यक समुदाय के आर्टिकल 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) के अधिकार को सस्पेंड नहीं किया जा सकता।

**मेडिकल बोर्ड की सिफारिश अब जरूरी होगीः** जस्टिस बागची ने इस दौरान टिप्पणी की कि विधायिका किसी फैसले के आधार को बदल सकती है। नए संशोधन के बाद अब ट्रांसजेंडर पहचान के लिए व्यक्ति की अपनी इच्छा के बजाय 'मेडिकल इवैल्यूएशन' यानी डॉक्टरी जांच को आधार बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट अब मेडिकल बोर्ड की सिफारिश के बाद ही पहचान पत्र जारी करेंगे, जो निजता और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन है।

**हार्मोनल थैरेपी रुकी, वकील बोले- यह क्रिमिनलाइजेशन जैसाः** वरिष्ठ वकील अरुंधति काटजू ने कोर्ट को बताया कि संशोधन के डर से कई लोगों की हार्मोनल थैरेपी अचानक रोक दी गई है। सिंघवी ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति थैरेपी ले रहा है, तो इस संशोधन के जरिए उसे एक तरह से अपराधी बनाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दखल देते हुए कहा कि सरकार केवल जबरन लिंग परिवर्तन या बच्चों के साथ होने वाली जबरदस्ती (जैसे जबरन बधिया करना) को अपराध की श्रेणी में ला रही है। उन्होंने साफ किया कि कोई भी व्यक्ति जो पुरुष या महिला है, उसे बाहर नहीं किया जा रहा।

**अभी लागू नहीं हुआ है एक्ट, याचिकाएं समय से पहलेः कैविएटरः** एक पक्ष हर्ष असद ने बेंच को बताया कि यह एक्ट अभी लागू नहीं हुआ है, क्योंकि केंद्र ने इसे नोटिफाई नहीं किया है। उन्होंने दलील दी कि याचिकाएं समय से पहले दाखिल की गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि समुदाय के कुछ लोग सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं ताकि इस संशोधन को लागू न किया जाए, और कोर्ट का नोटिस उस प्रक्रिया में बाधा डाल सकता है। कोर्ट ने फिलहाल किसी भी तरह का अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया क्योंकि कानून अभी प्रभावी नहीं हुआ है।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, मंगलवार, 05 मई, 2026



# आईपीएल में आज होगा सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला

**एजेंसी, नई दिल्ली**




दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। दिल्ली का लक्ष्य जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें बनाये रखना रहेगा। दिल्ली ने अब तक खेले गए नौ मैचों में से चार में जीत हासिल की है जबकि उसे पांच में हार का सामना करना पड़ा है और वह अंक तालिका में सातवं स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर सीएसके ने अबतक नौ मैचों में चार जीत हासिल की है और वह भी 6 अंक लेकर छठे स्थान पर है। नेट रन रेट बेहतर होने के कारण वह दिल्ली से अंक तालिका में ऊपर है। पिछले मैच में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मिली जीत से भी सीएसक टीम उत्साहित है। उसके कप्तान रुतुराज गायकवाड़ भी फार्म में आ गये हैं जिससे टीम की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। टीम के पास संजू सैसमन जैसा बल्लेबाज भी है। सैमसन ने अब तक दो शतक लगाये हैं। जहां तक गेंदबाजी की बात है दोनो ही टीमों के पास अच्छे गेंदबाज हैं। दिल्ली के पास मिचेल स्टार्क के अलावा कुलदीप यादव और टी नटराजन जैसे गेंदबाज हैं। वहीं सीएसके के पास अंशुल कंबोज और मुकेश चौधरी व नूर अहमद हैं। अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी केएल राहुल के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स और पथुम निसांका पर आधारित रहेगी। दोनो ही टीमों के बीच अबतक 32 मुकाबले हुए है, इनमें से दिल्ली कैपिटल्स ने 12 जबकि चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 मैच जीते हैं।

**दोनो ही टीमों की संभावित अंतिम ग्यारह**

- **चेन्नई सुपर किंग्सः** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान),संजू सैमसन (विकेटकीपर), उर्विल पटेल, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, जेमी ओवरटन, रामकृष्ण घोष, प्रशांत वीर, नूर अहमद, अंशुल कंबोज और मुकेश चौधरी

**इम्पैक्ट प्लेयरः** कार्तिक शर्मा

- **दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान),केएल राहुल (विकेटकीपर), पथुम निसांका, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, नितीश राणा, आशुतोष शर्मा, काइल जैमीसन, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव और टी नटराजन

**इम्पैक्ट प्लेयरः** आशुतोष शर्मा

# अश्विन बोले, धोनी को अपनी गेंदबाजों पर रहता था पूरा भरोसा

» **मेरे लिए कभी फील्डिंग नहीं सजाई**

**एजेंसी, चेन्नई**



पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि जितना भरोसा उनको गेंदबाजों पर रहता था उतना किसी और में नहीं देखा है। अश्विन ने धोनी की कप्तानी कौशल के लिए नहीं, बल्कि उनकी विकेटकीपिंग और खेल के प्रति स्पष्ट सोच के लिए है। अश्विन ने स्पष्ट किया कि उन्हें स्पिनरों के सामने धोनी जैसी विकेटकीपिंग करते हुए किसी और को नहीं देखा है। अश्विन ने कहा कि लोग धोनी की शानदार कप्तानी की बहुत तारीफ करते हैं, और उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है, लेकिन उनके लिए धोनी की दो विशेषताएं सबसे अलग हैं। पहली, एक मध्य क्रम के बल्लेबाज के रूप में उनकी क्षमता, जो खेल को आखिर तक ले जाकर अनुकूल परिणाम में बदल सकते थे। और दूसरी, स्पिन गेंदबाजों के सामने उनकी अद्भुत विकेटकीपिंग, जिसमें उन्हें कोई सानी नहीं।अश्विन ने धोनी के अपनी गेंदबाजों पर भरोसे को भी याद किया। उन्होंने बताया, धोनी ने कभी मेरे लिए फील्डिंग नहीं सजाई। मैं अपनी फील्डिंग स्वयं जमाता था। धोनी उन्हें बस एक सरल सलाह देते थेः दोहरा अनुमान मत लगाओ। पहले से कुछ मत सोचो। अगर तुम्हारी गेंद पर कोई बड़ा शॉट लगता है, तो कोई बात नहीं। अगर कोई जोखिम लेता है तो लेने दो। बस अपनी तय फील्डिंग के हिसाब से गेंदबाजी करो। इस बात से अश्विन को महसूस होता था कि धोनी को उन पर पूरा विश्वास था। इस भरोसे और धोनी की सजगता का एक उदाहरण देते हुए अश्विन ने 2011 के आईपीएल फाइनल को याद किया, जब धोनी ने क्रिस गेल को शून्य पर आउट करने के लिए स्टंप के पीछे एक शानदार कैच लपका था। अश्विन के अनुसार, आप मैच की रणनीति और विकेट गिरने के बारे में बात कर सकते हैं, लेकिन धोनी ने जिस तरह से वह कैच पकड़ा, वह वास्तव में लाजवाब था। अश्विन ने अपने आईपीएल करियर (2009-25) में कुल 221 मैचों में 187 विकेट लिए हैं, जो उनकी लंबी और सफल यात्रा का प्रमाण है।धोनी के साथ अपने अनुभवों के अलावा, अश्विन ने अपने स्वयं के आईपीएल करियर के उतार-चढ़ाव पर भी बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि 2018-19 में पंजाब किंग्स की कप्तानी करने के बावजूद, वह उस टीम के साथ पूरी तरह से जुड़ नहीं पाए। उन्होंने कहा, पंजाब ने मुझे 2018 में चुना और मैंने अपना पूरा प्रयास किया, लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि मैं उस टीम को वास्तव में अपनी टीम नहीं बना पाया।

# गुजरात से मिली हार के बावजूद पॉजिटिव नजर आए सूर्यांश शेडगे, बोले-"इस मैच से बहुत कुछ सीखने को मिला"


**एजेंसी, अहमदाबाद**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ करीबी मुकाबले में हार के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाड़ी सूर्यांश शेडगे टीम के प्रदर्शन से संतुष्ट नजर आए। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में गुजरात ने 163 रन के लक्ष्य को आखिरी गेंद से एक गेंद पहले हासिल कर लिया और चार विकेट से जीत दर्ज की। हार के बावजूद पंजाब किंग्स 9 मैचों में 13 अंकों के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। मुश्किल पिच पर बल्लेबाजी करते हुए सूर्यांश शेडगे ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने 29 गेंदों में 57 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। उनका स्ट्राइक रेट 196.55 रहा। उनकी इस पारी ने पंजाब को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। मैच के बाद शेडगे ने कहा, "मैं इंतजार नहीं कर रहा था, बल्कि खुद को तैयार कर रहा था। टीम से बाहर रहने के समय ने मुझे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनने का मौका दिया।" उन्होंने आगे बताया कि टीम प्रबंधन, खासकर रिकी पोंटिंग और श्रेयस अय्यर, लगातार उन्हें मौके के लिए तैयार रहने की सलाह देते रहे। शेडगे ने कहा, "मेरा मकसद ज्यादा से ज्यादा समय क्रीज पर बिताना था। ऐसी पिच पर शुरुआत में सेट होना जरूरी होता है। इस विकेट पर 240-250 रन बनाना संभव नहीं था, क्योंकि पिच दो तरह की गति दिखा रही थी।" उन्होंने माना कि टीम 20-25 रन और जोड़ सकती थी, लेकिन 163 रन भी एक लड़ने लायक स्कोर था। पंजाब के गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। अर्शदीप सिंह ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए और टीम को मैच में बनाए रखा। वहीं विजयकुमार वैशाख ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए जोस बटलर और साई सुदर्शन जैसे अहम विकेट लिए। उन्होंने 4 ओवर में 31 रन दिए। शेडगे ने वैशाख की तारीफ करते हुए कहा, "पावरप्ले खत्म होने से पहले गेंदबाजी कोच ने उन्हें हार्ड लेंथ पर गेंदबाजी करने का संदेश दिया, और उन्होंने उसे शानदार तरीके से लागू किया।"

# फिर पाक टीमी की कप्तानी संभालने तैयार हूं : बाबर आजम

**एजेंसी, लाहौर**



पाकिस्तान क्रिकेट के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम ने कहा है कि टीम को जरुरत होगी तो वह आने वाले समय में एक बार फिर कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। आजम ने कहा कि टीम हित उनके लिए सबसे पहले है और वह इसके लिए कुछ भी कर सकते हैं। पाक सुपर लीग में आजम का प्रदर्शन अच्छा रहा है। जिससे वह उत्साहित हैं ओर भविष्य में राष्ट्रीय टीम की कप्तानी दोबारा संभालने की संभालने तैयार हैं। यह बयान उन अटकलों के बीच आया है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) उन्हें एक बार फिर टीम की कमान सौंपने पर विचार कर सकता है। बाबर ने आखिरी बार 2024 टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की कप्तानी की थी। उन्होंने 2020 से 2023 तक सभी प्रारूपों में टीम की कप्तानी की थी, जिसके बाद 2023 एकदिवसीय विश्व कप के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद उन्होंने यह जिम्मेदारी छोड़ दी थी। हालांकि, उन्हें 2024 टी20 विश्व कप के लिए फिर से राष्ट्रीय टी20 कप्तान नियुक्त किया गया था। उस टूर्नामेंट में पाकिस्तान के ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद उन्हें कप्तानी से हटा दिया गया, जिससे उनकी कप्तानी की यात्रा उतार-चढ़ाव भरी रही है।उनका मानना है कि खेल का आनंद लेना और बुनियादी बातों पर टिके रहना महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा, चाहे मैं अच्छा खेलूं या न खेलूं, आलोचना तो होती ही है, बाबर ने पीएसल को युवा प्रतिभाओं के लिए एक मंच भी बताया, और जोर दिया कि इन उभरते हुए खिलाड़ियों को उचित मार्गदर्शन और प्रशिक्षण की आवश्यकता है ताकि वे राष्ट्रीय टीम के लिए तैयार हो सकें।

# टेपे सिगेमन एंड कंपनी शतरंज टूर्नामेंट में अर्जुन एरिगैसी ने निल्स ग्रैंडेलियस को हराया, तीसरे दौर के बाद संयुक्त बढ़त पर

**एजेंसी, माल्मो (स्वीडन)**




टेपे सिगेमन एंड कंपनी शतरंज टूर्नामेंट में भारत के ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने तीसरे दौर में स्वीडन के निल्स ग्रैंडेलियस को हराकर शानदार जीत दर्ज की और संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। पहले दो दौर भी हार चुके ग्रैंडेलियस ने काले मोहरों से सिसिलियन ड्रैगन ओपनिंग अपनाई। अर्जुन ने उसी रणनीति का इस्तेमाल किया, जिसने हाल ही में महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में आर. वैशाली को जीत दिलाई थी। अर्जुन ने कहा, "मुझे वैशाली की वह जीत याद थी, जहां उन्होंने अपने राजा को सुरक्षित रखते हुए ऊंट को बी-3 खाने पर रखा था। मैंने भी वही रणनीति अपनाई और वहीं से खेल को आगे बढ़ाया।"

**संयुक्त बढ़त पर पांच खिलाड़ी-** तीन दौर के बाद अर्जुन एरिगैसी के साथ मैग्नस कार्लसन, नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, यागिज एरडोगमुस और एंडी वुडवर्ड भी दो-दो अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। यागिज एरडोगमुस ने टूर्नामेंट की एकमात्र महिला खिलाड़ी झू जिनेर को हराया।

**कार्लसन का मुकाबला ड्रॉ-** मैग्नस कार्लसन अपने मुकाबले के लिए सात मिनट देरी से पहुंचे, लेकिन उन्होंने अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ मैच ड्रॉ करा लिया। वहीं जॉर्डेन वान फोरेस्ट और एंडी वुडवर्ड के बीच मुकाबला भी ड्रॉ रहा।

**अगले दौर में मुकाबले-** चौथे दौर में अर्जुन एरिगैसी का सामना नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से होगा, जबकि यागिज एरडोगमुस ग्रैंडेलियस से भिड़ेंगे। कार्लसन का मुकाबला वान फोरेस्ट से होगा और वुडवर्ड झू जिनेर के खिलाफ खेलेंगे।


## संक्षिप्त

### बीसीसीआई अब आईपीएल में क्रिकेटरों की गर्लफ्रेंड्स के रहने को लेकर सख्त नियम बनाने जा रहा

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स के रहने को लेकर सख्त नियम बनाने जा रहा है। बीसीसीआई ये कदम मुख्य रूप से भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को रोकने, खिलाड़ियों की आचार संहिता को बनाए रखने और उनकी छवि को देखते हुए उठा रहा है। जहां भारतीय टीम के विदेशी दौरों के दौरान खिलाड़ियों की पत्नियों और परिवार के सदस्यों के साथ रहने को लेकर पिछले साल बोर्ड ने सख्त नियम बनये थे, वहीं आईपीएल में इस प्रकार के कोई नियम नहीं है जिसका लाभ खिलाड़ी उठा रहे हैं। आईपीएल में खिलाड़ियों की यात्रा और ठहरने की व्यवस्था की जिम्मेदारी आमतौर पर टीम मालिकों की होती है पर बोर्ड के पास इसमें हस्तक्षेप के अधिकार हैं। पिछले कुछ सत्र में कई खिलाड़ी अपनी गर्लफ्रेंड्स के साथ यात्रा करते और होटलों में रुकते देखे गए हैं, जिससे बोर्ड नाराज हैं। बीसीसीआई इसलिए भी परेशान है क्योंकि कुछ खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स पर बेटिंग ऐप्स के लिए काम करने का संदेश है। यह भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन के साथ ही खेल की अखंडता के लिए खतरा है। इसके अतिरिक्त, कई युवा भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स सोशल मीडिया पर इन्फ्लुएंसर हैं और अपने पेज पर विभिन्न प्रोडक्ट्स, जिनमें बेटिंग ऐप्स और शराब ब्रांड्स भी शामिल हैं, का प्रचार करती हैं। ऐसे ब्रांड्स का प्रचार बीसीसीआई के नियमों के खिलाफ है और इससे गलत संदेश जाता है। बोर्ड नहीं चाहता कि भारतीय टीम के लिए खेलने वाले या भविष्य में खेलने की इच्छा रखने वाले किसी भी खिलाड़ी को ऐसी गतिविधियों से कोई परेशानी हो। कुछ खिलाड़ियों के फ्रेंचाइजी की बसों का अपनी गर्लफ्रेंड्स से मिलने के लिए इस्तेमाल करने के मामले भी सामने आए हैं

# फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में रोड्स सहित इन गेंदबाजों का रहा है खौफ

**एजेंसी, लंदन**




विश्व क्रिकेट में आजकल बल्लेबाजों का ही बोलबाला है और मैच एक प्रकार से बल्लेबाजी प्रधान हो गये हैं। वहीं गेंदबाज कमजोर पड़ते जा रहे हैं। इससे मैदान पर चौकों-छक्कों की बरसान के साथ ही बड़ी पारियां देखने को मिल रही हैं। वहीं अगर विश्व क्रिकेट इतिहास पर गौर करें तो एक से बढ़कर एक गेंदबाज रहे हैं जिनका सामना करना बल्लेबाज के लिए खौफनाक रहा है। इन गेंदबाजों ने जिस प्रकार चाहा है बल्लेबाजों को नचाया। फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में 4000 हजार से अधिक विकेट लेने वाले विलफ्रेड रोड्स सहित इन गेंदबाजों का दबदबा है।

**विलफ्रेड रोड्स** : इसमें सबसे ऊपर हैं विलफ्रेड रोड्स, जिन्होंने गेंदबाजी के लगभग सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। 1898 से 1930 तक 32 वर्षों के अपने शानदार करियर में, रोड्स ने कुल 1110 मैच खेले और इस दौरान उन्होंने 1,85,742 गेंदें फेंककर, मात्र 16.72 की औसत से कुल 4204 विकेट लिए। फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में उनके 4204 विकेट आज भी एक ऐसा शिखर हैं

**पी. फ्रीमैन** : वहीं के पी. फ्रीमैन का, जिन्होंने 1914 से 1936 के बीच अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन किया। मात्र 592 मैचों में फ्रीमैन ने 3776 विकेट लेकर अपनी धाक जमाई। उन्होंने 1,54,658 गेंदें फेंकीं और एक पारी में 10 विकेट (10/53) लेने का अविश्वसनीय कारनामा भी किया।

**सीडब्ल्यूएल. पार्कर** : अगला नाम है सीडब्ल्यूएल. पार्कर का, जिन्होंने 1903 से 1935 तक अपनी स्पिन कला से बल्लेबाजों को परेशान किया। 635 मैचों के करियर में पार्कर ने 3278 विकेट अपने नाम किए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10/79 था, जो उस युग के गेंदबाजों की सटीकता और नियंत्रण को दर्शाता है।

**जेटी. हर्न** : 1888 से 1923 के बीच क्रिकेट खेलने वाले जेटी. हर्न ने 639 मैचों में 3061 विकेट लिए हैं। 1,44,470 गेंदें फेंकने वाले हर्न का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 9/32 था। 17.75 की शानदार औसत के साथ

**टीडब्ल्यूजे. गोडार्ड** : टीडब्ल्यूजे. गोडार्ड ने साल 1922 से 1952 तक गोडार्ड ने 593 मैचों में 2979 विकेट लिए। उन्होंने 1,42,211 गेंदों का सामना बल्लेबाजों को कराया और 10/113 का बेहतरीन स्पेल भी दिया। उनका 19.84 का औसत रहा है। इन पांचों दिग्गजों की कहानी सिर्फ विकेटों की संख्या नहीं, बल्कि अपनी कला और समर्पण को दिखाया है।

# आईपीएल 2026: अभिषेक शर्मा ने ऑरेंज कैप पर फिर जमाया कब्जा , पर्पल कैप रेस में तीसरे स्थान पर पहुंचे रबाडा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




रविवार को खेले गए डबल-हेडर मुकाबलों के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस और रोमांचक हो गई है। इस दिन जहां सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को क्रमशः कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, वहीं व्यक्तिगत प्रदर्शन ने अंकतालिका में बड़ा उलटफेर कर दिया।

**ऑरेंज कैपः अभिषेक शर्मा फिर बने नंबर-1-** ऑरेंज कैप की रेस में एक बार फिर अभिषेक शर्मा ने बाजी मार ली है। केकेआर के खिलाफ उन्होंने भले ही सिर्फ 15 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद वह कुल 440 रन के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के केएल राहुल (433 रन) को पीछे छोड़ दिया, जो अब दूसरे स्थान पर हैं।

तीसरे स्थान पर हेनरिक क्लासेन (425 रन) बने हुए हैं, जिन्हें इस मुकाबले में बड़ा स्कोर करने का मौका नहीं मिला। चौथे नंबर पर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के वैभव सूर्यवंशी (404 रन) हैं।

इस सूची में नया नाम गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन का जुड़ा है, जिन्होंने 41 गेंदों में 57 रन की शानदार पारी खेलकर अपने कुल रन 385 तक पहुंचा दिए और टॉप-5 में एंट्री कर ली।

इसके अलावा ईशान किशन ने 42 रन की पारी खेलकर 354 रन के साथ नौवें स्थान पर जगह बना ली है, जबकि ट्रेविस हेड ने 28 गेंदों में 61 रन बनाकर 12वें स्थान पर छलांग लगाई।

**पर्पल कैपः रबाडा की जबरदस्त वापसी, तीसरे स्थान पर पहुंचे-** गेंदबाजी में कगिसो रबाडा शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले छह मैचों में 12 विकेट झटके हैं और कुल 16 विकेट के साथ पर्पल कैप की रेस में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अंशुल कंबोज से सिर्फ एक विकेट पीछे हैं, जो फिलहाल संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज हैं।

वहीं प्रसिद्ध कृष्णा इस मैच में नहीं खेले, ईशान मलिंगा को कोई विकेट नहीं मिला, जबकि राशिद खान सिर्फ एक विकेट ही ले सके।

मोहम्मद सिराज और कार्तिक त्यागी ने जरूर दो-दो विकेट लेकर अपने कुल विकेट 11 तक पहुंचा दिए हैं, जिससे वे टॉप-10 में बने हुए हैं।

# मियामी ग्रां प्री 2026: किमी एंटोनेली ने रचा इतिहास, दर्ज की लगातार तीसरी जीत

**एजेंसी, मियामी गार्डन्स**



फॉर्मूला-1 में 19 वर्षीय मर्सिडीज ड्राइवर किमी एंटोनेली ने इतिहास रचते हुए रविवार को मियामी ग्रां प्री 2026 जीत लिया। इसके साथ ही वह अपने पहले तीनों रेस पोल पोजिशन से जीतने वाले पहले ड्राइवर बन गए हैं। यह उनकी लगातार तीसरी जीत है और वह इस सीजन में चैंपियनशिप के प्रबल दावेदार बन गए हैं। जीत दर्ज करने के बाद एंटोनेली ने कहा, "यह तो बस शुरुआत है, आगे का सफर लंबा है। टीम शानदार काम कर रही है, मैं इस जीत का आनंद लूंगा और फिर काम पर लौटूंगा।" इस सीजन में मर्सिडीज टीम का दबदबा जारी है। किमी एंटोनेली और उनके साथी जॉर्ज रसेल ने मिलकर इस सीजन की शुरुआती चारों रेस और सभी पोल पोजिशन अपने नाम की हैं। हालांकि स्प्रिंट रेस में लैंडो नॉरिस और ऑस्कर पियास्त्री की जोड़ी ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। टीम प्रमुख टोटो वोल्फ ने एंटोनेली की तारीफ करते हुए कहा, "आज शिकायत की कोई बात नहीं थी, शानदार प्रदर्शन।" गीले ट्रैक पर शुरू हुई इस रेस में फेरारी के चार्ल्स लेक्लेर ने शानदार शुरुआत करते हुए बढ़त बनाई, जबकि रेड बुल के मैक्स वेरस्टैपेन टक्कर के बाद स्पिन होकर पीछे चले गए। हालांकि एंटोनेली ने पांचवें लैप में बढ़त वापस हासिल कर ली और फिर अंत तक उसे बनाए रखा। पिट स्टॉप के दौरान उन्होंने लैंडो नॉरिस को पीछे छोड़ते हुए रेस पर नियंत्रण कर लिया।

**टॉप फिनिशर्स**

- पहलाः किमी एंटोनेली
- दूसराः लैंडो नॉरिस
- तीसराः ऑस्कर पियास्त्री
- चौथाः जॉर्ज रसेल
- पांचवांः मैक्स वेरस्टैपेन
- छठाः चार्ल्स लेक्लेर
- सातवांः लुईस हैमिल्टन

**हादसे भी हुए-** रेस के दौरान इसैक हडजार की कार दीवार से टकरा गई, जिससे वह बाहर हो गए। वहीं पियरे गैस्ली की कार पलट गई, हालांकि वह सुरक्षित बाहर निकल आए।

अब अगली रेस कनाडियन ग्रां प्री होगी, जो 24 मई को मॉन्ट्रियल के सर्किट गिल्स विलनेव में आयोजित की जाएगी।

# इंटर मिलान ने जीता सेरी ए खिताब, पार्मा को 2-0 से हराकर 21वीं बार बना चैंपियन

**एजेंसी, मिलान**



इटली की शीर्ष फुटबॉल लीग सेरी ए में इंटर मिलान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पार्मा को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ इंटर ने अंकतालिका में अजेय बढ़त बना ली और सीजन खत्म होने से तीन मैच पहले ही 21वां खिताब जीत लिया। इंटर मिलान की ओर से पहला गोल मार्कस थुराम ने पहले हाफ के अतिरिक्त समय में किया, जबकि दूसरे हाफ में हेनरिख मिखितारियन ने मैच खत्म होने से 10 मिनट पहले गोल दागकर जीत पक्की कर दी। इस जीत के बाद इंटर के 82 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर मौजूद नेपोली पर 12 अंकों की बढ़त बना ली है।

इंटर को खिताब के लिए सिर्फ एक अंक की जरूरत थी, क्योंकि नेपोली को अपने पिछले मुकाबले में कोमो के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेलना पड़ा था।

**मैच में इंटर का दबदबा-** पूरे मुकाबले में इंटर मिलान का दबदबा देखने को मिला। पहले हाफ में टीम ने कई मौके बनाए, हालांकि गोल में तब्दील करने में देर लगी। 25वें मिनट में निकोलो बारेला का जोरदार शॉट क्रॉसबार से टकराया और पार्मा के गोलकीपर सियोन सुजुकी ने शानदार बचाव करते हुए टीम को गोल खाने से बचाया। इसके बाद पहले हाफ के अतिरिक्त समय में थुराम ने पिओत्र ज़ीलिंस्की के पास पर शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में भी इंटर ने मैच पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन कई मौके गंवा दिए। फेडेरिको दिमार्को के क्रॉस पर डेंजेल डमफ्रीस एक आसान मौका चूक गए।

**मिखितारियन ने पक्की की जीत-** मैच के अंतिम समय में लाउतारो मार्टिनेज के पास पर हेनरिख मिखितारियन ने आसान गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी, जिसके बाद स्टेडियम में जश्न शुरू हो गया।

**पिछले सीजन की हार का लिया बदला-** यह जीत इंटर मिलान के लिए खास रही, क्योंकि पिछले सीजन में टीम खिताब से चूक गई थी और चैंपियंस लीग फाइनल में पेरिस सेंट जर्मेन के हाथों 5-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159





## पतली दिखने के लिए सूट के इन लेटेस्ट डिजाइंस को करें अपनी वार्डरोब में शामिल

एथनिक पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसमें सलवार-कमीज सबसे ज्यादा पहने जाते हैं। इसके कई डिजाइन भी आपको मिल जाएंगे, लेकिन कई बार हम कुछ ऐसे डिजाइंस चुन लेते हैं जो हमारे बॉडी टाइप को काफी अजीब लुक देते हैं। सूट के डिजाइन को चुनते समय आपको अपनी बॉडी टाइप का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है ताकि आपकी बॉडी शेप पतली नजर आए। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं सूट के कुछ नए डिजाइंस जिन्हें पहनकर आप दिखेंगी पतली और स्टाइलिश। साथ ही बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### लोर लेंथ सूट डिजाइन

अनारकली सूट डिजाइन हमेशा चलन में रहता है। लंबी दिखने के लिए आप इस तरह से कलियां बनवाकर लेंथ को फुल रख सकती हैं। इस सूट को दिव्या आनंद द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके का सूट आपको लगभग 1000 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सूट को बनवाने के लिए आप प्लेन फैब्रिक को खरीदकर उसपर गोटा-पट्टी लेस लगवाकर भी स्टाइल कर सकती हैं।

### मिड लेंथ सूट डिजाइन

आजकल ऑल ओवर सूट डिजाइन काफी पसंद किया जा रहा है। इस तरह का सूट आप सिल्क, कॉटन, साटन जैसे कई फैब्रिक की मदद लेकर बना सकते हैं। वी-नेक डिजाइन के साथ आप चोकर और मैचिंग टॉप्स इयररिंग्स को पहन सकती हैं। पतली दिखना चाहती हैं तो स्लीव्स को प्लेन ही रखें और सूट में कलियां कम से कम बनवाये।

### चौड़े घेरे वाला सूट

अगर आप पतली दिखना चाहती हैं तो इस तरह के चौड़े घेरे वाले सूट को पहन सकती हैं। वहीं इस खूबसूरत सूट को डिजाइनर द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का सूट आपको ज्यादातर सिल्क फैब्रिक में देखने को मिलेगा।



# यूपीआई धोखाधड़ी होने पर बैंक आपको पूरी रकम वापस कर सकता है...

**अगर किसी कार्ड या यूपीआई से धोखाधड़ी के जरिए पैसे कट गए हैं, तो आप अपना पैसा वापस पाने में सक्षम हो सकते हैं। इसके लिए, आपका कार्ड प्रोवाइडर विक्रेता के बैंक से पैसे वापस करने के लिए कह सकता है।**

क्या आप ऑनलाइन शॉपिंग, मूवी टिकट बुकिंग से लेकर किसी भी तरह के ट्रांजैक्शन के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो ये जानकारी आपके लिए बेहतर साबित हो सकती है। साथ कभी ऐसा हुआ है कि आपके क्रेडिट कार्ड से बिना आपकी जानकारी के कोई ट्रांजैक्शन हुआ है या फिर आपने किसी को क्रेडिट कार्ड डिटेल भी शेयर नहीं किया है। ऐसी हालत में बैंक से शिकायत करने पर बैंक वाले आपके अकाउंट से जुड़े कार्ड को ब्लॉक तो कर देते हैं, लेकिन आपके कटे पैसे वापस नहीं करते हैं। तो इसके लिए आपके परेशान होने की जरूरत नहीं। आइए जानते हैं क्या है आरबीआई, भारतीय रिजर्व बैंक का यह नियम।

### बैंक आपको पूरी रकम वापस कर सकता है

- आरबीआई के मुताबिक, अगर किसी बैंक खाते से धोखाधड़ी के जरिए पैसे कट गए हैं, तो बैंक आपको पूरी रकम वापस कर सकता है। अगर आपने धोखाधड़ी वाले लेनदेन की शिकायत 3 दिनों के अंदर और 7 दिनों के बीच दर्ज कराई है, तो आपको 5,000 रुपये से 25,000 रुपये, जो भी कम हो, की सीमित देनदारी वहन करनी होगी। इसके बाद, बाकी रकम आपको वापस कर दी जाएगी। अगर आपने 7 दिनों के अंदर धोखाधड़ी की शिकायत नहीं की, तो बैंक आपको कोई रकम वापस नहीं करेगा।
- अगर किसी कार्ड या यूपीआई से धोखाधड़ी के जरिए पैसे कट गए हैं, तो आप अपना पैसा वापस पाने में सक्षम हो सकते हैं। इसके लिए, आपका कार्ड प्रोवाइडर विक्रेता के बैंक से पैसे वापस करने के लिए कह सकता है। इसे चार्जबैक स्कीम कहते हैं। अगर आपने डेबिट कार्ड से भुगतान किया है, तो आप चार्जबैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- अगर आपके खाते से बिना अनुमति के पैसे कट गए हैं, तो आप बैंक प्रोवाइडर से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए, आप बैंक की हेल्पलाइन पर कॉल कर सकते हैं या शाखा में जा सकते हैं। अगर धोखाधड़ी इंटरनेट या कार्ड के जरिए हुई है, तो बैंक आपको समय पर सूचित करने पर ऐसे लेन-देन को रोक सकता है।

### ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत करने के लिए

ऑनलाइन फ्रॉड की शिकायत करने के लिए, आप National Cybercrime Reporting Portal www.cybercrime.gov.in) पर जा सकते हैं। इस पोर्टल पर शिकायत करने के बाद, अधिकारी आपको फोन करके अपराध से जुड़ी जानकारी मांगते हैं और कार्रवाई करते हैं। अगर इन तरीकों से भी आपके पैसे नहीं मिलते तो आप भारतीय रिजर्व बैंक के कंप्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम पर शिकायत कर सकते हैं।

- RBI कंप्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम पर शिकायत करने के लिए, इन कदमों का पालन करें
- आरबीआई के पर लॉगिन करें
- होमपेज पर मौजूद 'File a Complaint' पर क्लिक करें
- सिक्योरिटी कैप्चा भरें
- नया पेज खुलने पर, अपना नाम, मोबाइल नंबर, बैंक का नाम, और शिकायत की पूरी जानकारी दर्ज करें
- बैंक से मुआवजे की भी मांग करें
- रिव्यू करें और सबमिट पर क्लिक करें
- कंप्लेन नंबर मिलेगा, जिससे आप बाद में अपनी शिकायत का स्टेटस चेक कर सकते हैं




### बैंकिंग लोकपाल से सीधे शिकायत करने के लिए

- आप CRPC@rbi.org.in पर ईमेल करके भी शिकायत कर सकते हैं। बैंकिंग लोकपाल से सीधे शिकायत करने के लिए, आप ऑनलाइन अपनी शिकायत भेज सकते हैं। इसके लिए, आपको वेबसाइट cms.rbi.org.in पर लॉगिन करना होगा।
- बैंक के ग्राहकों की शिकायतों के निराकरण के लिए, RBI का टोल फ्री नंबर 14448 है। हर बैंक की शिकायत के लिए, उस बैंक के टोल फ्री नंबर पर भी आप कॉल करके शिकायत दर्ज करा सकते हैं. उदाहरण के लिए, अगर भारतीय स्टेट बैंक के किसी कर्मचारी की शिकायत करनी है, तो आप टोल फ्री नंबर 18004253800 और 1800112211 पर संपर्क कर सकते हैं।
- अगर शिकायतकर्ता को 35 दिन के अंदर कोई जवाब नहीं मिलता या उसे मिला जवाब संतोषजनक नहीं लगता, तो वह मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, उपभोक्ता शिक्षण और संरक्षण विभाग में शिकायत कर सकता है।



# बैंक अकाउंट खाली छोड़ने से क्या नुकसान हो सकता है

**आजकल ज्यादातर लोगों के पास एक या एक से ज्यादा बैंक अकाउंट होते हैं। कई बार लोग अपने पुराने या बिना इस्तेमाल के बैंक अकाउंट को बंद करवा देना चाहते हैं। लेकिन अकाउंट बंद करवाते समय कुछ बातों का ध्यान न रखने से उन्हें नुकसान हो सकता है। यहां कुछ काम की बातें दी गई हैं, जिनका आपको अपना बैंक अकाउंट बंद करवाते समय ध्यान रखना चाहिए।**

### बैंक अकाउंट बंद कराते समय इन बातों का ध्यान रखना चाहिए

- अकाउंट में बचा हुआ बैलेंस चेक करें और उसका स्टेटमेंट डाउनलोड करें। कम से कम पिछले 2-3 सालों के स्टेटमेंट का रिकॉर्ड रखें।
- अगर अकाउंट में कोई क्रेडिट बैलेंस है, तो उसे वापस निकाल लें।
- अगर अकाउंट पर कोई ईएमआई चल रही हो, बिल्स और मंथली सब्सक्रिप्शन हो, तो पहले ऐसे स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन को कैंसिल करें।
- सेविंग अकाउंट से ऑटोमेटेड क्लियरेंस जुड़ा हो, तो उसे भी पहले कैंसिल करें।
- अगर आपको बंद होने की सूचना नहीं दी गई है, तो अपने बैंक से संपर्क करें और पता लगाएं कि जल्द से जल्द अपना पैसा पाने के लिए आपको क्या करने की जरूरत है।
- डायरेक्ट जमा और ऑटोमैटिक ट्रांजैक्शन को तुरंत रद्द करें।
- बैंक अकाउंट बंद करने के लिए, आप अपनी ब्रांच में जाकर, ऑनलाइन बैंकिंग का इस्तेमाल करके या ग्राहक सेवा को कॉल करके भी बंद कर सकते हैं।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

- पेंडिंग ट्रांजैक्शन
- बैंक अकाउंट में निगेटिव बैलेंस
- क्लोजिंग चार्ज
- मंथली पेमेंट मैंडेट
- बैंक लॉकर रेंटल से लिंकिंग
- स्टेटमेंट डाउनलोड करना
- अगर आपका अकाउंट खाली है और खराब स्थिति में है, तो इसकी रिपोर्ट की जा सकती है, और अन्य बैंक आपका निगेटिव बैंकिंग रिकॉर्ड देख सकते हैं। इससे भविष्य में नए अकाउंट खोलना मुश्किल हो सकता है।

### कितने दिन बाद बैंक अकाउंट बंद हो जाता है?

अगर किसी बैंक अकाउंट में लगातार 12 महीनों तक कोई लेनदेन नहीं होता, तो उसे निष्क्रिय खाता  माना जाता है। वहीं, अगर लगातार 24 महीने यानी दो साल तक खाते से लेन-देन नहीं होता, तो उसे डॉर्मेंट अकाउंट की कैटेगरी में डाल दिया जाता है। इनएक्टिव अकाउंट को नया लेन-देन करके या इंटरनेट बैंकिंग के जरिए दोबारा से एक्टिव किया जा सकता है। वहीं, डॉर्मेंट अकाउंट को एक्टिव करवाने के लिए बैंक जाना पड़ता है। अगर आप चाहते हैं कि आपके सभी बैंक अकाउंट एक्टिव रहें, तो आपको दो साल में कम से कम एक खाते से पैसे निकालने होंगे। ज्यादातर बैंकों में यही नियम है। एसबीआई बैंक में अकाउंट बंद करने का एप्लीकेशन फॉर्म जमा करने के बाद, आम तौर पर सात से दस दिन में अकाउंट बंद हो जाता है। वहीं, एक्सिस बैंक में अकाउंट बंद करने में करीब दो कार्य दिवस लग सकते हैं।

### बैंक अकाउंट खाली छोड़ने से क्या होता है?

अगर आप दो साल से ज़्यादा समय से किसी बैंक खाते में लेनदेन नहीं कर रहे हैं, तो बैंक उसे निष्क्रिय कर देता है। निष्क्रिय खाते में आप पैसे डाल सकते हैं, लेकिन निकाल नहीं सकते। निष्क्रिय खाते में जमा रकम पर बैंक नियमित ब्याज देता है, जो उसी खाते में जमा होता रहता है। हालांकि, यह ब्याज तभी मिलेगा, जब खाता सक्रिय हो। अगर किसी निष्क्रिय खाते के दस्तावेजों में नॉमिनी का नाम दर्ज है, तो नॉमिनी अनक्लेम्ड रकम पर दावा कर सकता है। इसके लिए नॉमिनी को खाताधारक का मृत्यु प्रमाण-पत्र और अपने केवाईसी दस्तावेज देने होंगे। अगर खाता जॉइंट है, तो बैंक जिस खाताधारक की मौत हो चुकी है, उसका नाम काट देगा और जीवित खाताधारक को सभी अधिकार दे देगा। अगर किसी बैंक खाते में संदिग्ध लेनदेन या किसी अपराध की आशंका हो, तो बैंक उसे फ्रीज कर सकता है। फ्रीज खाते से आप एटीएम से पैसे नहीं निकाल पाएंगे, चेक काटने पर भी कैश नहीं मिलेगा, और जमा रकम भी नहीं निकाल पाएंगे। अगर आप चाहते हैं कि आपके सभी बैंक खाते एक्टिव रहें, तो आपको दो साल में कम से कम एक खाते से पैसे निकालने होंगे। ज्यादातर बैंकों का यही नियम है।



# ऑफिस में स्टाइल करें ये प्लाजो कुर्ती सेट

**गर्मियों में अक्सर हल्के और खुले-खुले कपड़े पहनने का मन करता है। आप भी अलग-अलग डिजाइन के कपड़ों को वियर कर सकती हैं। इसमें सबसे बेस्ट ऑप्शन है प्लाजो सूट सेट।**

ऑफिस में जाने के लिए अक्सर हम सबसे ज्यादा कम्फर्टेबल कपड़ों को खरीदना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वहां बैठकर काम करना आसान हो सके। ज्यादा टाइट या अलग कपड़े पहनेंगे, तो पूरे दिन अजीब नजर आएंगे। ऐसे में जरूरी है कि आप ऐसे कपड़ों को खरीदकर वियर करें, जो कम्फर्टेबल भी हो। साथ ही, अच्छे भी लगे। इसके लिए आप प्लाजो सूट सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको काफी सारे अच्छे डिजाइन के ऑप्शन मिल जाएंगे। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के प्लाजो सूट सेट को आप स्टाइल कर सकती हैं।

### चिकनकारी स्ट्रेट कुर्ता विद प्लाजो

आजकल चिकनकारी वर्क काफी ट्रेंड में है। आप इसी ट्रेंड को फॉलो करते हुए प्लाजो कुर्ती सेट के डिजाइंस की खरीदारी कर सकती हैं। इसमें आपको ऊपर की कुर्ती के साथ-साथ नीचे पहनने वाले प्लाजो में भी सेम डिजाइन मिल जाएगा। साथ में स्लीव्स पर भी अच्छा वर्क मिलेगा। गले की बात करें तो उसमें जो वर्क हुआ है, वो थोड़ा हैवी होगा। लेकिन ऑफिस में पहनने के हिसाब से अच्छा मिलेगा। आप इस तरह के सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें कलर ऑप्शन आप मार्केट से जाकर ले सकती हैं, ताकि आपका लुक परफेक्ट लगे।

### प्लेन प्लाजो कुर्ता सेट

अगर आपको कुछ यूनिक पहनना है तो इसके लिए आप प्लेन प्लाजो कुर्ता सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको किसी तरह की कोई एम्ब्राइडरी नहीं मिलेगी। बल्कि आपको प्रिंट भी नहीं मिलेगा, जिससे सूट थोड़ा हैवी लगे। प्लेन होगा तो इसे ऑफिस में अलग-अलग एक्सेसरीज के साथ स्टाइल किया जा सकेगा। आप इसे ट्राई कर सकती हैं। कलर के ऑप्शन आप अलग-अलग ले सकती हैं। इससे आपका सूट सुंदर नजर आएगा। मार्केट में इस तरह के सूट से आपको 500 से 1,000 रुपये में मिल जाएंगे। इस बार ऑफिस में कंफर्टेबल रहने के लिए इन सूट सेट को स्टाइल करें। इसमें प्लाजो सूट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपका लुक अच्छा नजर आएगा।

### कुर्ता प्लाजो सेट

ऐसा जरूरी नहीं है कि आपको फ्लोर टच अनारकली को स्टाइल करना है। आप इस तरह के शॉर्ट अनारकली के साथ प्लाजो को स्टाइल कर सकती हैं। ऑफिस में इस तरह का लुक भी रीक्रिएट किया जा सकता है। इसमें आपको गोटा पट्टी वर्क मिल जाएगा। साथ में जो प्रिंट मिलेगा वो फ्लोरल होगा। दुपट्टा भी सेम डिजाइन का मिलेगा तो इससे सूट सुंदर लगेगा। आपको इसे ट्राई करना चाहिए। मार्केट में इस तरह के सूट सेट आपको 800 से 1,000 रुपये में मिल जाएंगे।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, मंगलवार, 05 मई, 2026







# नीतू चंद्रा तलाश रहीं अच्छी फिल्में, हॉलीवुड तक के सफर पर बोलीं अभिनेत्री

बिहार की एक सीधी-सादी लड़की से हॉलीवुड तक का सफर करने वाली अभिनेत्री नीतू चंद्रा को अब अच्छी फिल्मों की तलाश है। उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने की अफवाहों को खारिज करते हुए कहा है कि वे अच्छी फिल्मों की तलाश में हैं और इसमें समय लगता है। 'गरम मसाला', 'ट्रैफिक सिग्नल' और 'ओए लकी! लकी ओए!' जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस के साथ बिहार से निकलकर बॉलीवुड और फिर हॉलीवुड तक के सफर के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका ध्यान हमेशा सार्थक काम पर रहा है, न कि स्टारडम की दूसरी चकाचौंध और 'अनावश्यक' बाहरी दिखावे पर। अपने ब्रेक लेने की धारणा पर बात करते हुए उन्होंने साफ किया, 'मैंने कोई ब्रेक नहीं लिया। मैं अच्छी फिल्मों की तलाश करती रहती हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'आप यह नहीं समझते कि बिहार से आई एक लड़की को, जो बिल्कुल साधारण बैकग्राउंड से आती है, हॉलीवुड तक पहुंचने में कितना समय लगा होगा।'

अपने सफर के बारे में नीतू चंद्रा ने कहा, 'आज मैं फिर उसी जगह खड़ी हूं, जहां मैं आप सबसे दोबारा मिल पा रही हूं। मेरे पास 'एयरपोर्ट लुक्स' के लिए समय नहीं है। मेरे पास अपने अगले प्रोजेक्ट पर ध्यान देने का समय है। मैं सही काम चुनने में अपना समय लगाती हूं, ताकि मैं दर्शकों के लिए हमेशा कुछ सार्थक ला सकूं।' अपनी मुश्किलों के बारे में बात करते हुए नीतू ने कहा, 'इसमें बहुत समय लगता है। आपको यह समझना होगा कि अकेले खड़े होने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए होती है। एक मिडिल-क्लास जॉइंट फैमिली की लड़की का दुनिया घूमना और यहां तक पहुंचना, अकेले लड़ना आसान नहीं होता।' एक्ट्रेस ने कहा कि जिंदगी में और काम के मामले में उनका मकसद हमेशा साफ रहा है। उन्होंने कहा, 'मेरी जिंदगी का मकसद, मेरा लक्ष्य, हमेशा अच्छा काम करते रहना और दर्शकों का प्यार पाते रहना रहा है। मैं इसी प्यार की वजह से यहां हूं।' बताते चलें कि नीतू चंद्रा आने वाली फिल्म 'खलनायक 2' में संजय दत्त के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।



# मैं हमेशा अपनी अभिनय क्षमता को निखारने की कोशिश करती हूं

साउथ की अभिनेत्री ममिता बैजू फिल्म 'कारा' में धनुष के साथ नजर आ रही हैं। पिछले कुछ वर्षों से तमिल दर्शक, फिल्ममेकर्स से यह मांग कर रहे हैं कि वे मुख्य भूमिकाओं में क्षेत्रीय कलाकारों को ही कास्ट करें। इस बीच विग्नेश राजा को इस बात के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है कि उन्होंने 'कारा' में मलयालम अभिनेत्री ममिता बैजू को कास्ट किया। इस मामले पर ममिता बैजू ने अपनी राय रखी है।

बातचीत में, जब ममिता से तमिल फिल्मों की कास्टिंग को लेकर चल रही चर्चा पर उनकी राय पूछी गई, तो उन्होंने कहा, 'जब मुझे यह मौका मिला, तो मैंने इसे लपक लिया। एक अभिनेत्री के तौर पर, मैं हमेशा कुछ नया आजमाने और अपनी अभिनय क्षमता को और अधिक निखारने की कोशिश करती हूं। मुझे ऐसा करने का मौका मिल रहा है और मैं इसे कर रही हूं। इसलिए, यह सबसे पहले फिल्ममेकर की पसंद होती है, जो मुझे किसी खास किरदार में देखते हैं। मैं उन्हें मना नहीं कर सकती। मैं काम करना चाहती हूं और अपनी मेहनत से बड़ा मुकाम हासिल करना चाहती हूं।'

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे यह मौका मिल रहा है, इसलिए यह बिल्कुल भी अनुचित नहीं है। अगर मैं उस किरदार में पूरी तरह से ढल पाती हूं और दर्शकों को विश्वसनीय लगती हूं, तो यह मेरी उपलब्धि है। अगर कोई किरदार ग्रामीण पृष्ठभूमि का है और मैं उसमें पूरी तरह से फिट बैठती हूं, तो मेरे लिए यह उपहार है। इससे भाषा की सीमाएं टूटती हैं। यह मेरा पेशा है, और अपनी सीमाओं का विस्तार करना मेरी जिम्मेदारी है।' 'कारा' में धनुष और ममिता के अलावा जयराम, करुणास, सूरज वेंजारामूडु और के.एस. रविकुमार जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म में ऐसे शख्स की कहानी दिखाई गई है जो अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए चोरी करता है। इसके निर्देशक विग्नेश राजा हैं।

### धनुष के बारे में बोली ममिता

ममिता बैजू ने धनुष के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी बात की और बताया कि वह एक समर्पित अभिनेता हैं, जो अपने किरदार पर बहुत कड़ी मेहनत करते हैं।



# भूत-बंगला ने बदली वामिका गब्बी की किस्मत

अक्षय कुमार और वामिका गब्बी की कॉमेडी से भरी फिल्म 'भूत-बंगला' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही है। फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर चुकी है और यह वामिका गब्बी की पहली फिल्म है, जिसने 100 करोड़ से अधिक का कलेक्शन किया है। अभिनेत्री ने फिल्म के 100 करोड़ से अधिक की कमाई पर खुशी जाहिर की है और फिल्म के मेकर्स और को-स्टार को दिल से धन्यवाद दिया है। वामिका गब्बी ने फिल्म भूत-बंगला में अपने अभिनय से सबका दिल जीत लिया है और फिल्म की कमाई की रफ्तार से अभिनेत्री काफी खुश हैं क्योंकि यह उनके करियर की पहली फिल्म है, जिसने 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है। अभिनेत्री ने फिल्म की अनसीन फोटोज को शेयर कर अपने को-स्टार और क्रू मेंबर्स को दिल से धन्यवाद दिया है।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म की बीटीएस फोटोज को शेयर कर लिखा, 'मेरी पहली 100 करोड़ की फिल्म। प्रियदर्शन सर, अक्षय कुमार, एकता कपूर और एफ.ए.ए.आर.ए. के साथ-साथ पूरी कास्ट और क्रू का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं, जिन्होंने इस फिल्म पर भरोसा किया और अपना सब कुछ इसमें लगा दिया। भूत बंगला जितनी हमारी है, उतनी ही आपकी भी है।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'यहां तक का हर कदम मेहनत, सीख और गहरी भावनाओं से भरा है। यह तो बस शुरुआत है... मैं आती रहूंगी, आगे बढ़ती रहूंगी और आपका मनोरंजन करती रहूंगी... हमेशा।' बता दें कि वामिका गब्बी की झोली में पांच फिल्में हैं, जो आने वाले सालों में रिलीज होने वाली हैं। अभिनेत्री मिल सिनेमा में फेंटसी फिल्म 'जिनी,' दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग,' 'पति पत्नी और वो दो', पंजाबी फिल्म 'किकली,' और एक्शन और थ्रिलर से भरी फिल्म 'जी-2' में भी दिखने वाली है। कुछ फिल्में इसी साल तो कुछ फिल्में साल 2027 में रिलीज होने वाली हैं।

# 'गवर्नर' में मनोज बाजपेयी संग काम करके खुश हैं अदा शर्मा



अदा शर्मा जल्द ही फिल्म 'गवर्नर' में मनोज बाजपेयी के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। यह पहली बार है, जब दोनों सितारे पहली बार साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म से मनोज और अदा का फर्स्ट लुक सामने आ चुका है। हाल ही में अभिनेत्री ने मनोज बाजपेयी के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। अदा शर्मा ने आगामी फिल्म में मनोज बाजपेयी के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए खुशी जताई है। उन्होंने कहा ,'मुझे उनके साथ स्क्रीन शेयर करके बहुत खुशी हो रही है। हमारे डायरेक्टर बहुत ही बेहतरीन हैं, जो खुद भी एक शानदार एक्टर हैं'। उन्होंने मनोज बाजपेयी की तारीफ करते हुए उन्हें शानदार बताया। अदा ने बताया है कि वे उनके साथ काम करके बेहद खुश हैं।

अदा शर्मा ने मनोज के साथ पहली बार काम करने के बारे में बात करते हुए कहा, 'वह इस फिल्म का चेहरा हैं। 'गवर्नर' में वह गवर्नर की भूमिका निभा रहे हैं, और वे वाकई जबर्दस्त हैं'। एक्ट्रेस ने आगे कहा, 'उनके साथ काम करके अच्छा लग रहा है। हमारे डायरेक्टर बहुत ही बेहतरीन हैं। मेरे किरदार में भी एक अच्छा-खासा सरप्राइज है और यह कुछ ऐसा रोल है, जो मैंने पहले कभी नहीं किया है'।



# रेसिज्म पर बोले नवाजुद्दीन सिद्दीकी

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने फिल्मों में अपनी दमदार और अलग-अलग तरह के किरदारों से इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई है। अब हाल ही में उन्होंने बॉलीवुड में होने वाले रेसिज्म और ब्यूटी स्टैंडर्ड्स पर खुलकर अपनी राय दी। साथ ही उन्होंने एक पुरानी एक्ट्रेस का उदाहरण देते हुए इस बात को समझाया। एक इंटरव्यू में नवाजुद्दीन ने बताया कि उन्होंने अपने करियर में रेसिज्म का सामना किया है, लेकिन उनका मानना है कि इंडस्ट्री ने उन्हें अपने तरीके से जगह भी दी। इस दौरान उन्होंने दिग्गज एक्ट्रेस स्मिता पाटिल की भी जमकर तारीफ की और कहा कि उन्होंने उनसे ज्यादा खूबसूरत किसी को नहीं देखा। उन्होंने कहा कि फिल्मों में खूबसूरती और कास्टिंग को लेकर जो सोच है, वो काफी हद तक कहानियों से ही आती है। उन्होंने समझाया कि अक्सर इंडस्ट्री में पहले से तय होता है कि किरदार कैसा दिखना चाहिए। नवाजुद्दीन ने कहा, 'लोगों की अपनी सोच होती है, लेकिन उसे सिस्टम में मत डालिए। अगर कोई लड़की ऐसी है, तो वो लीड नहीं बन सकती, ऐसा नहीं होना चाहिए। लेकिन इसमें उनकी भी गलती नहीं है, क्योंकि कहानियां ही ऐसी लिखी जाती हैं। गोरी लड़की के हिसाब से कहानियां बनाई जाती हैं। आपको एक ब्रीफ मिलता है और बहुत लोग इसी से जूझ रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा कि खूबसूरती हर जगह अलग-अलग तरह से देखी जाती है और इन टैग्स से किसी एक्टर की काबिलियत तय नहीं होनी चाहिए। इसी दौरान नवाजुद्दीन ने स्मिता पाटिल की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें कैमरे पर उनसे ज्यादा खूबसूरत कोई नहीं लगा। उनके मुताबिक, कैमरे की अपनी एक अलग भाषा होती है, जिसमें असली खूबसूरती नजर आती है।



# ओटीटी, थिएटर फिल्म तीनों मीडियम के अपने अपने चैलेंज हैं

**साई ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे 'बरखा' जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में अमर उजाला से खास बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की।**

### 'मैं तो खुशी से उछल पड़ी थी'

कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा। कुछ प्रोजेक्ट्स ऐसे होते हैं, जिनके बारे में आपको पहले से ही भरोसा होता है कि यह प्रोडक्शन हाउस कुछ दिलचस्प ही बनाएगा। अगर आप अदिति रॉय के काम को देखें, तो उन्होंने हमेशा अलग और इंट्रेस्टिंग प्रोजेक्ट्स किए हैं। सच कहूं तो मेरा रिएक्शन यही था, मैं तो खुशी से उछल पड़ी थी।

### '50-90 के दौर में जीना चाहूंगी'

इस सीरीज में हमने 60 'ह्य का दौर दिखाया है। मुझे ऐसा लगता है कि उस दौर में लोग जिंदगी को ज्यादा एंजॉय करते थे। लाइफ थोड़ी ज्यादा लेड बैक थी, लेकिन साथ ही उसकी क्वालिटी भी बहुत अच्छी थी। वो दौर अपने आप में काफी फैशनेबल भी था। कॉस्ट्यूम्स को देखकर मैं सच में हैरान रह गई थी, लोग वेलवेट जैसे फैब्रिक्स पहनते थे, जो बहुत ही रॉयल और एलिगेंट लगता था। अगर कुछ साल पहले मुझसे पूछा जाता कि मैं किस दौर में टेलिपोर्ट करना चाहूंगी, तो शायद मैं किसी ऐतिहासिक युग का नाम लेती। लेकिन अब अगर आप मुझसे पूछेंगे, तो मैं कहूंगी कि मैं 50 के दशक से 90 के दशक के बीच के दौर में वापस जाना चाहूंगी। वो समय मुझे बेहद खूबसूरत, स्टाइलिश और दिल के करीब लगता है। आजकल एक्टर की लाइफ पहले से ज्यादा चैलेंजिंग हो गई है, क्योंकि हम एक साथ कई तरह के प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे होते हैं। जैसे मेरे साथ अक्सर ऐसा होता है कि मैं एक मराठी फिल्म कर रही होती हूं और साथ ही कोई दूसरा प्रोजेक्ट भी चल रहा होता है। कई बार डेट्स भी बिखरी हुई होती हैं, तो आपको बीच बीच में किसी प्रोजेक्ट से जुड़ना पड़ता है। ऐसे में एक्टर के तौर पर फिर से उसी किरदार में वापस जाना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। मेरे लिए तो हर नए सेट के पहले चार से पांच दिन काफी रेस्टलेस होते हैं। मुझे लगता है कि यही मेरा प्रोसेस है, धीरे-धीरे उस किरदार में ढलना। अगर तुलना करें, तो वेब सीरीज में यह थोड़ा ज्यादा मुश्किल होता है, क्योंकि आपको बीच में ब्रेक लेकर फिर वापस उसी कैरेक्टर में आना पड़ता है। वहीं फिल्म में आप लगातार उस किरदार के साथ रहते हैं, हर दिन शूट करते हुए उसी फ्लो में बने रहते हैं। थिएटर की बात करें, तो वह बिल्कुल अलग दुनिया है। वहां सब कुछ लाइव होता है और एक अलग तरह की एनर्जी और अनुशासन की जरूरत होती है।

### 'टाइपकास्टिंग से बचने के लिए ना कहना पड़ता है'

टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए। मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना।

### पब्लिक फिगर बनने के साथ पर्सनल स्पेस कम हो जाता है

ऐसे मोमेंट्स तो लगभग रोज ही आते हैं, खासकर सोशल मीडिया पर। हम कई बार कह चुके हैं कि एक सीमा होनी चाहिए, लेकिन सच यह है कि आप दूसरों के एक्शन्स को कंट्रोल नहीं कर सकते। मुझे लगता है कि जब आप पब्लिक फिगर बनते हैं, तो आपको यह समझना पड़ता है कि आपकी पर्सनल स्पेस काफी लिमिटेड हो जाएगी। यह एक तरह की ट्रेनिंग होती है, जो धीरे धीरे आप सीख जाते हैं।